इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 44 | अंक - 252 | राजनांदगांव, बुधवार 30 जुलाई 2025 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

# दुनिया के किसी भी नेता ने ऑपरेशन सिंदूर रोकने को नहीं कहा, राहुल गांधी के सवाल पर पीएम मोदी ने दिया जवाब

### भारत जाएगा और मारकर आएगा; ये है न्यू नॉर्मल, लोकसभा में पीएम मोदी ने विपक्ष पर किया पलटवार

### पाकिस्तान की परमाणु ब्लैकमेलिंग अब नहीं चलेगी, हमने आतंकी अड्डों को धुआं-धुआं किया



नई दिल्ली। संसद में ऑपरेशन सिंदूर पर चल रही चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, दुनिया के किसी भी नेता ने ऑपरेशन सिंदूर रोकने को नहीं कहा. अमेरिका के उपराष्ट्रपति ने मुझे फोन पर बताया कि पाकिस्तान बहुत बड़ा हमला करने वाला है और मेरा जवाब था कि अगर पाकिस्तान का ये ईरादा है, तो उनको बहुत महंगा पड़ेगा. सदन में पीएम मोदी ने कहा, अमेरिका के उपराष्ट्रपति को मेरा जवाब था कि अगर पाकिस्तान का इरादा ऐसा है, तो उसे बहुत महंगा पड़ेगा. हम बड़ा हमला करके जवाब देंगे. आगे मैंने कहा था कि हम गोली का जवाब गोले से देंगे. ये 9 तारीख की बात है. और 9 तारीख रात और 10 तारीख सुबह हमने पाकिस्तान की सैन्य शक्ति को तहस-नहस कर दिया था. यही हमारा जवाब था और यही हमारा जज्बा था. उन्होंने आगे कहा कि नौ मई की मध्य रात्रि और दस मई की सुबह हमारी मिसाइलों ने पाकिस्तान के कोनों में प्रहार किया और पाकिस्तान को घुटनों पर आने के लिए मजबूर किया.

### भारत ने पहले ही कह दिया था...

पीएम मोदी ने कहा, जब पाकिस्तान पर कड़ा प्रहार हुआ, तो पाकिस्तान ने फोन करके डीजीएमओ के सामने फोन करके गुहार लगाई कि बस करो बहुत मारे. अब ज्यादा मार झेलने की ताकत नहीं है. प्लीज हमला रोक दो. भारत ने तो पहले दिन ही कह दिया था कि हमने हमारा लक्ष्य पूरा कर दिया है. अगर अब कुछ करोगे, तो महंगा पड़ेगा. भारत की स्पष्ट नीति थी, सेना के साथ मिलकर तय की गई नीति थी कि उनके आकाओं का ठिकाना हमारा लक्ष्य है.

### कुछ लोग सेना के तथ्यों की जगह...

नरेंद्र मोदी ने कहा कि 10 मई को भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत हो रहे एक्शन को रोकने की घोषणा की, इसे लेकर यहां भांति भांति की बातें की गई. ये वहीं प्रोपेगेंडा है जो सीमा पार से यहां फैलाया गया है. कुछ लोग सेना द्वारा दिए गए तथ्यों की जगह पाकिस्तान के झूठे प्रचार को आगे बढ़ाने में जुटे हुए थे, जबकि भारत का रूख हमेशा स्पष्ट रहा था.

### भारत कुछ भी कर सकता है...

लोकसभा में नरेंद्र मोदी ने कहा, आज पाकिस्तान भी भली-भांति जान गया है कि भारत का हर जवाब पहले से ज्यादा तगड़ा होता है. उसे ये भी पता (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## ऑपरेशन सिंदूर में भारत ने पीओके क्यों वापस नहीं लिया? कांग्रेस के सवाल पर पीएम मोदी ने दिया दो टूक जवाब

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज संसद के मानसून सत्र के छठे दिन लोकसभा को संबोधित किया. इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों द्वारा ऑपरेशन सिंदूर और पहलगाम हमले को लेकर उठाए गए सवालों का जवाब दिया. साथ ही प्रधानमंत्री ने कांग्रेस के सवाल, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पीओके वापस क्यों नहीं लिया? पर भी जवाब दिया. प्रधानमंत्री मोदी ने लोकसभा में अपने भाषण के दौरान पाकिस्तान को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि भारत आतंकवाद को हर कीमत पर समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है. उन्होंने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत की सेनाओं ने तय समय पर लक्ष्यों को निशाना बनाया और अपने अभियान को सफलतापूर्वक अंजाम दिया. कांग्रेस ने सरकार से सवाल पूछा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान से PoK (पाकिस्तान ऑक्यूपाइड कश्मीर) वापस क्यों नहीं लिया? जिसके जवाब में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा यह ऑपरेशन इतिहास में एक बड़ी उपलब्धि के रूप में दर्ज हो गया है. पीएम मोदी ने कहा कि आज जो लोग पूछ रहे हैं कि पीओके को वापस क्यों नहीं लिया, उन्हें पहले इस बात का जवाब देना चाहिए कि पीओके पर पाकिस्तान को कब्ज़ा करने का अवसर किसकी सरकार ने दिया था. उन्होंने नेहरू पर निशाना साधते हुए कहा, जब मैं नेहरू जी का नाम लेता हूं, कांग्रेस और उसका पूरा इकोसिस्टम बौखला जाता है.

# 30 मिनट में ही आत्मसमर्पण, मोदी जी सदन में बोल दीजिए ट्रंप झूठ बोल रहे हैं



राहुल का सरकार पर बड़ा हमला

नई दिल्ली। लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा में राहुल गांधी ने हिस्सा लिया। राहुल ने पहलगाम हमले की निंदा की, पाकिस्तान की खूब क्लास लगाई और भारतीय सेना की जमकर तारीफ की। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा, पहलगाम में एक क्रूर और निर्दयी हमला, जो साफ तौर पर पाकिस्तानी सरकार की ओर से प्रायोजित और षडयंत्र किया गया था। युवा और वृद्ध लोगों की निर्मम हत्या कर दी गई। हम सभी ने इस सदन के प्रत्येक व्यक्ति ने मिलकर पाकिस्तान की निंदा की है। कांग्रेस सांसद और विपक्ष के नेता ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर से पहले ही विपक्ष सरकार और सेना के साथ था। विपक्ष के नाते हम एकजुट होकर सरकार के साथ थे। मैं करनाल में नरवाल के घर गया। मैंने उनका दुख महसूस किया। कानपुर में दूसरे परिवार से मिला। जब भी मैं सेना के किसी व्यक्ति से मिलने के दौरान हाथ मिलाता हूं तो मुझे पता लग जाता है कि यह टाइगर है। सेना का जवान देश के लिए लड़ने-मरने के लिए तैयार रहता है। सेना का प्रयोग करने से पहले सरकार के पास राजनीतिक इच्छाशक्ति होनी चाहिए। राहुल ने कहा कि जैसे ही ऑपरेशन सिंदूर शुरू हुआ, बल्कि शुरू होने से पहले ही विपक्ष ने, सभी दलों ने यह प्रतिबद्धता जताई कि हम सेना और भारत की निर्वाचित सरकार के साथ चट्टान की तरह खड़े रहेंगे। हमने उनके कुछ नेताओं की ओर से कुछ व्यंग्यात्मक टिप्पणियां सुनीं, लेकिन हमने कुछ नहीं कहा। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तानी गोलाबारी में अनाथ हुए 22 बच्चों को गोद लेंगे राहुल गांधी

नईदिल्ली। कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तानी गोलाबारी में अपनों को खोने वाले 22 बच्चों की शिक्षा का जिम्मा लेंगे। यह जानकारी जम्मू-कश्मीर कांग्रेस प्रमुख तारिक हामिद कर्रा ने दी है। उन्होंने बताया कि राहुल ने पुंछ के उन 22 बच्चों की शिक्षा का खर्च उठाने का फैसला किया है, जिन्होंने पाकिस्तानी गोलाबारी में अपने अभिभावक या परिवार के एकमात्र कमाने वाले को खो दिया है।

सूत्रों ने कर्रा के हवाले से बताया कि बच्चों के लिए सहायता की पहली किस्त बुधवार को जारी होगी ताकि बच्चे अपनी पढ़ाई जारी रख सकें। उन्होंने बताया कि बच्चों के लिए राहुल की यह सहायता इनके (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# आप बिना बुलाए जाकर गले मिलते हैं, राज्यसभा में खरगे का मोदी पर बड़ा हमला



नई दिल्ली। राज्यसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की औचक पाकिस्तान यात्रा पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि हम पाकिस्तान की निंदा करते रहे हैं, लेकिन हम इधर निंदा करते हैं और आप जाकर उनकी दावत में उन्हें गले लगा लेते हैं। आप खुद ही गलती करते हैं और दूसरों को पाठ पढ़ाते हैं। ऐसा नहीं करना चाहिए। हमारी पार्टी का देश के विकास में बड़ा योगदान है, लेकिन आपके पास एक भी ऐसी उपलब्धि नहीं है। आप पंडित नेहरू को बहुत कोसते हैं। सच बताइए। गृह मंत्री पहलगाम हमले से पहले जम्मू कश्मीर में सुरक्षा हालात की समीक्षा करने गए थे और उन्होंने कहा था कि कश्मीर में सुरक्षा ट्रिपल कर दी गई है, अगर ऐसा है तो पहलगाम में आतंकी कहां से आए? उन्होंने कहा कि हमले से सिर्फ तीन दिन पहले प्रधानमंत्री ने अपना कश्मीर दौरा रद्द कर दिया था। मैंने पहले भी पूछा था, लेकिन जवाब नहीं मिला कि क्या आपके पास आतंकी हमले की सूचना थी? 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में हमला हुआ, लेकिन सरकार कह रही है कि जो कुछ हमने किया, वो सही किया। राहुल गांधी ने पहलगाम हमले को लेकर विशेष सत्र बुलाने की मांग की, लेकिन सरकार ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। खरगे ने कहा कि सरकार को बहुत अहंकार है। जवाब देने की फुर्सत नहीं है, लेकिन लोगों को गले पड़ने की फुर्सत है। 1962 में जब भारत-चीन युद्ध चल रहा था, तब चंद सांसदों की मांग पर विशेष सत्र बुलाया गया। तत्कालीन प्रधानमंत्री ने बुलाया और कहा कि देश की जनता को ये पता चलना चाहिए, लेकिन अब आप मना कर देते हैं। हमले के बाद प्रधानमंत्री बिहार में चुनाव प्रचार कर रहे थे। 24 अप्रैल को सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई, उसमें भी पीएम मोदी नहीं आए और सऊदी (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# लोग पहलगाम सरकार के भरोसे गए और सरकार ने उन्हें भगवान भरोसे छोड़ दिया- प्रियंका



नई दिल्ली। प्रियंका गांधी वाड्रा ने मंगलवार को लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर हो रहे बहस के दौरान केंद्र सरकार को कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले के पीछे की सुरक्षाचूक को रेखांकित करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा कि पहलगाम की बायसरन घाटी में सुरक्षा वहां क्यों नहीं थी? क्या सरकार को मालूम नहीं था कि हजारों लोग वहां जाते हैं। लोग सरकार के भरोसे गए और सरकार ने उन्हें भगवान भरोसे छोड़ दिया। ये किसकी जिम्मेदारी किसकी थी?

### सदन में मां सोनिया का जिक्र कर भावुक हुई प्रियंका

सदन में अपने भाषण के दौरान प्रियंका गांधी ने अपनी मां सोनिया गांधी का जिक्र करते अमित शाह के बयान पर पलटवार किया। उन्होंने भावुक शब्दों में कहा कि गृह मंत्री ने आज मेरी मां के आंसुओं की बात की। मैं इसका जवाब देना चाहती हूं। मेरी मां के आंसू उस दिन गिरे थे, जब आतंकियों ने मेरे पिता की हत्या कर दी थी। उन्होंने आगे कहा कि आज जब मैं पहलगाम हमले के 26 पीड़ितों की बात करती हूं, तो इसलिए क्योंकि मैं उनके दर्द को महसूस करती हूं। मैंने भी अपना पिता खोया है, इसलिए मुझे पता है कि दुख क्या होता है। प्रियंका गांधी ने पहलगाम हमले को लेकर आगे केंद्र सरकार पर गंभीर सवाल भी उठाए हैं। उन्होंने कहा कि उस जगह पर एक भी सुरक्षाकर्मी मौजूद क्यों नहीं था? क्या नागरिकों की सुरक्षा प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और रक्षा मंत्री की जिम्मेदारी नहीं है? प्रियंका गांधी ने कहा कि जिस जगह हादसा हुआ, वह पर्यटकों का लोकप्रिय स्थान है, फिर भी वहां सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं थे। उन्होंने केंद्र से पूछा कि सरकार ने इस लापरवाही पर अब तक जवाब क्यों नहीं दिया। उन्होंने यह भी कहा कि लोगों की जान की जिम्मेदारी सरकार की होती है, और इस मामले में (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# झारखंड में भीषण हादसा: देवघर में तेज रफ्तार बस और ट्रक की टक्कर; 9 कांवड़ियों की मौत



नई दिल्ली। झारखंड के देवघर में मंगलवार को भीषण हादसा हो गया। तेज रफ्तार बस और ट्रक की टक्कर हो गई। बस पूरी तरह धंस गई। हादसे में 9 कांवड़ियों की मौत हो गई। 23 घायल हैं। चीख-पुकार मच गई। स्थानीय ग्रामीणों ने बस से घायल कांवड़ियों को निकाला और मोहनपुर थाने की सूचना दी। एक्सीडेंट मोहनपुर प्रखंड के जमुनिया चौक पर हुआ।

### 40 कांवड़िया थे सवार

जानकारी के मुताबिक, देवघर से 40 कांवड़ियों को लेकर बस बासुकीनाथ जा रही थी। सड़क पर दौड़ रही बस के ड्राइवर को झपकी आ गई। मोहनपुर प्रखंड के पास बस की सिलेंडर लदे ट्रक से टक्कर हो गई। बस डैमेज हो गई। चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण पहुंचे। बस से घायल कांवड़ियों को निकाला। मोहनपुर थाना पुलिस को सूचना दी।

### बढ़ सकती है मृतकों की संख्या

हादसे की जानकारी मिलते ही एसपी, थानेदार समेत कई पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। हादसे में अब तक 9 लोगों की मौत हुई है। अधिकारियों का कहना है, मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। पुलिस के मुताबिक, बस ड्राइवर को झपकी आने के कारण हादसा हुआ। ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई। साथ ही 3 महिला कांवड़ियों की घटनास्थल पर जान चली गई। पुलिस ने बताया कि बेतिया की दुर्गावती देवी( 45), पटना की संता देवी, गयाजी से सुमन कुमारी और वैशाली के पीयूष कुमार (19) और ड्राइवर सुभाष तूरी (30) देवघर की मौत हुई है। सदर SDO रवि कुमार (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# पांच आईएएस अधिकारियों का तबादला आदेश जारी

रायपुर। छत्तीसगढ़ शासन ने प्रशासनिक स्तर पर बड़े फेरबदल करते हुए भारतीय प्रशासनिक सेवा (IAS) के पांच अधिकारियों का तबादला किया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार इन अधिकारियों को अस्थायी रूप से नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। आदेश अगली सूचना तक प्रभावी रहेगा।

जारी सूची के अनुसार सुश्री नम्रता जैन वर्तमान में जिला पंचायत सुकमा की मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं को अपर कलेक्टर, रायपुर के पद पर पदस्थ किया गया है। हेमंत रमेश नंदनवार वर्तमान में जिला पंचायत बीजापुर में मुख्य कार्यपालन अधिकारी हैं अब जिला पंचायत महासमुंद में इसी पद पर सेवाएं देंगे। मुकुंद ठाकुर वर्तमान में कृषि एवं जैव प्रौद्योगिकी तथा किसान कल्याण विभाग में उप सचिव हैं। उन्हें जिला पंचायत सुकमा में मुख्य कार्यपालन अधिकारी के रूप में भेजा गया है। सुश्री नम्रता चौबे वर्तमान में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), सरायपाली (महासमुंद) के पद पर कार्यरत हैं। अब उन्हें जिला पंचायत बीजापुर में मुख्य कार्यपालन अधिकारी बनाया गया है। तथा प्रखर चंद्राकर वर्तमान में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), सारंगढ़, जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ के पद पर हैं। उन्हें जिला पंचायत गरियाबंद का मुख्य कार्यपालन अधिकारी नियुक्त किया गया है। यह आदेश छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम पर सचिव रजत कुमार द्वारा जारी किया गया है।

# सुप्रीम कोर्ट ने कहा-बिहार एसआईआर में बड़े पैमाने पर बहिष्कार हुआ तो हस्तक्षेप करेंगे



नईदिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद 65 लाख मतदाताओं के नाम काटे जाने की संभावना पर विशेष टिप्पणी की है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने मौखिक रूप से कहा कि अगर मसौदा सूची में बड़े पैमाने पर बहिष्कार होगा तो कोर्ट हस्तक्षेप करेगा। पीठ ने बिहार एसआईआर को चुनौती देने वाली याचिकाओं को 12 अगस्त और 13 अगस्त को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की ओर से पेश वकील प्रशांत भूषण ने कोर्ट को बताया कि चुनाव आयोग का कहना है कि 65 लाख लोगों ने एसआईआर फॉर्म जमा नहीं किए हैं, ऐसे में उनके मरने या पलायन की संभावना है। भूषण ने कहा कि ऐसे लोगों को सूची में शामिल होने के लिए दोबारा से आवेदन करना होगा। इस पर न्यायमूर्ति ने कहा कि चुनाव आयोग कानून के अनुसार काम करेगा और कोर्ट चिंताओं पर सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति बागची ने कहा, अगर कोई एसआईआर नहीं था, तो जनवरी 2025 की सूची शुरुआती बिंदु है। मसौदा सूची चुनाव आयोग प्रकाशित करेगा। आपकी आशंका है कि 65 लाख मतदाता इसमें शामिल नहीं होंगे। आयोग 2025 की प्रविष्टि के संबंध में सुधार की मांग कर रहे हैं। हम न्यायिक प्राधिकारी के रूप में इस मामले की समीक्षा कर रहे हैं। अगर बड़े पैमाने पर बहिष्कार हुआ, तो तुरंत हस्तक्षेप करेंगे। 15 लोगों को लाकर बताओ कि वे जीवित हैं। चुनाव आयोग बिहार एसआईआर को लेकर मसौदा सूची 1 अगस्त को प्रकाशित करेगा, जिसे रोकने का अनुरोध कोर्ट से किया गया था।

# शहरी स्वच्छता में छत्तीसगढ़ की लंबी छलांग, स्वच्छता सर्वे में राष्ट्रीय स्तर पर टॉप-100 में राज्य के 25 शहर



रायपुर। भारत सरकार के स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में छत्तीसगढ़ ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर दमदार उपस्थिति दर्ज कराई है। राज्य के नगरीय निकायों के उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिणाम है कि इस बार सर्वेक्षण में शामिल 169 शहरों में से 115 शहरों ने अपनी रैंकिंग में उल्लेखनीय सुधार किया है। स्वच्छता के इस राष्ट्रीय मूल्यांकन में देशभर के 4,566 शहरों के बीच छत्तीसगढ़ के 25 शहर टॉप-100 में शामिल हुए हैं, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में बड़ी छलांग है, जब केवल 16 शहर टॉप-100 में आ पाए थे।

राज्य के 62 नगरीय निकायों ने गारबेज-फ्री सिटी स्टार रेटिंग में अपना दर्जा बढ़ाया है, जबकि सिंगल, थ्री और फाइव स्टार प्राप्त करने वाले शहरों की संख्या 71 से बढ़कर अब 114 हो गई है। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर ने इस बार फाइव स्टार से बढ़कर सेवन स्टार की सर्वोच्च रेटिंग प्राप्त की है। रायपुर को गारबेज-फ्री सिटी श्रेणी में यह सम्मान प्राप्त हुआ है, साथ ही स्वच्छता में उसे वाटर प्लस शहर का दर्जा भी मिला है।

इस बार बिलासपुर, कोरबा और भिलाई नगर–ये तीन नगर निगम ओडीएफ प्लस प्लस से बढ़कर वाटर प्लस श्रेणी में पहुंच गए हैं। राज्य के 163 नगरीय निकायों को ओडीएफ प्लस प्लस का दर्जा प्राप्त हुआ है, जिनमें किरंदुल और भाटापारा नगर पालिका तथा कुंरा नगर पंचायत जैसे निकाय भी शामिल हैं, जो पहले (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़, एक माओवादी ढेर, तीन जवान घायल, इलाके में सर्च अभियान जारी



सुकमा। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में मंगलवार को सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में एक नक्सली का शव बरामद किया गया है, जबकि तीन जवान घायल हो गए हैं। सभी घायल जवानों को सुरक्षित बताया जा रहा है और प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें बेहतर उपचार के लिए रवाना कर दिया गया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, मुठभेड़ के दौरान कई नक्सलियों के घायल होने की भी संभावना जताई जा रही है। घटना की पुष्टि सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने की है। फिलहाल इलाके में सर्च अभियान तेज़ी से जारी है।

यह मुठभेड़ मंगलवार सुबह उस वक्त शुरू हुई, जब सुरक्षाबल ऑपरेशन मानसून के तहत जंगलों में सर्चिंग पर निकले थे। नक्सलियों के शहीदी सप्ताह के मद्देनज़र पहले से ही अलर्ट जारी किया गया था, और आशंका जताई जा रही थी कि माओवादी किसी बड़ी घटना को अंजाम दे सकते हैं। इसी के चलते डीआरजी और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने सघन तलाशी अभियान शुरू किया था, तभी घात लगाए नक्सलियों ने फायरिंग कर दी।

जवानों ने तुरंत मोर्चा संभालते हुए जवाबी कार्रवाई की, जिसमें एक नक्सली को मार गिराया गया। जंगल में जारी इस मुठभेड़ के दौरान कई नक्सलियों के भागने की सूचना भी सामने आई है। क्षेत्र को पूरी तरह सुरक्षा घेरे में ले लिया गया है और मुठभेड़ स्थल पर अतिरिक्त बल तैनात कर दिए गए हैं। सुरक्षा कारणों से मुठभेड़ की सटीक लोकेशन को अभी गोपनीय रखा गया है। पुलिस और प्रशासन की टीम स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है।

# भारत ने पानी रोका तो पाकिस्तान की अक्ल आई ठिकाने, अमेरिका पहुंच डार ने फिर दिया बातचीत का प्रस्ताव



नई दिल्ली। सिंधु जल समझौता निलंबित किए जाने से परेशान पाकिस्तान बार-बार भारत से बातचीत की अपील कर रहा है. अमेरिका पहुंचे पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने मंगलवार को एक बार फिर भारत से बातचीत का अनुरोध किया है. इससे पहले भी इशाक डार ने इसी तरह की अपील की थी जिसे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ठुकरा दिया था. पाकिस्तान की पेशकश को ठुकराते हुए राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा था कि बातचीत और खून-खराबा एक साथ नहीं चल सकते हैं.

रक्षा मंत्री के बयान के ठीक अगले ही दिन पाकिस्तानी विदेश मंत्री ने एक बार फिर भारत से बातचीत की अपील की है. न्यूयॉर्क में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए डार ने कहा कि पाकिस्तान भारत के साथ हर मुद्दे पर बातचीत चाहता है जिसमें आतंकवाद का मुद्दा भी शामिल होगा. आतंक के समर्थक पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने अमेरिका के सामने खुद को विक्टिम दिखाने की कोशिश में कहा कि पाकिस्तान खुद आतंकवाद का भुक्तभोगी है और इस मुद्दे पर भारत के साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार है. भारत ने यह भी साफ किया है कि कश्मीर को लेकर कोई भी बातचीत नहीं होगी बल्कि अगर पाकिस्तान से कश्मीर पर कोई बातचीत होगी तो वो पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले कश्मीर पर होगी. (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पहला कॉलम...

### गौ-तस्करी में जब्त ट्रक राजसात, होगी नीलामी

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने गौरी नगर राजनांदगांव निवासी नूर खां पठान के स्वामित्व वाले जब्तशुदा वाहन टाटा ट्रक 1412 सीआरएक्स (क्रमांक सीजी 08 एएच 3670) को छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के तहत शासन के पक्ष में राजसात कर लिया है। यह कार्रवाई अधिनियम के तहत की गई है। आदेश के विरुद्ध पुनरीक्षण की अवधि समाप्त होने और सक्षम न्यायालय से किसी प्रकार का कोई आदेश प्राप्त न होने की स्थिति में राजसात किए गए इस वाहन की नियमानुसार नीलामी की जाएगी। नीलामी से प्राप्त राशि को छत्तीसगढ़ शासन के निर्धारित मद में जमा किया जाएगा। हालांकि यदि सक्षम न्यायालय (सत्र न्यायालय राजनांदगांव) से आदेश के विरुद्ध कोई विपरीत आदेश प्राप्त होता है, तो आगे की कार्रवाई न्यायालय के निर्देशानुसार की जाएगी।

### रोजगार कार्यालय एवं जनपद पंचायतों में 1 से 7 तक प्लेसमेंट कैम्प

राजनांदगांव (दावा)। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मागदर्शन केन्द्र राजनांदगांव तथा जनपद पंचायतों में 1 से 7 अगस्त तक सुबह 10.30 से दोपहर 3 बजे तक कमांडेट कार्यालय क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र जशपुर द्वारा प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। इसके तहत 1 अगस्त को जनपद पंचायत राजनांदगांव, 4 अगस्त को जनपद पंचायत डोंगरगढ़, 5 अगस्त को जनपद पंचायत छुरिया, 6 अगस्त को जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मागदर्शन केन्द्र राजनांदगांव, 7 अगस्त को जनपद पंचायत डोंगरगांव में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। प्लेसमेंट कैम्पों के माध्यम से सिक्युरिटी गार्ड के 100 पद, सिक्युरिटी सुपरवाईजर के 50 पद एवं जीटीओ ऑफिसर के 25 पदों पर भर्ती की जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी अपने शैक्षणिक योग्यता के सम्पूर्ण प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, 2 पासपोर्ट साईज फोटो, रोजगार पंजीयन कार्ड के साथ प्लेसमेंट कैम्प में शामिल हो सकते है।

### भास्कर खान और सागर वाहने जिला बदर, 6 माह के लिए रहेंगे बाहर

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर दो व्यक्तियों को आगामी 6 माह के लिए जिला बदर करने का आदेश जारी किया है। इनमें दीनदयाल नगर चिखली, राजनांदगांव निवासी भास्कर खान और चिखली वार्ड नंबर 6, राजनांदगांव निवासी सागर वाहने शामिल हैं। यह आदेश इसलिए पारित किया गया है। क्योंकि उनकी आपराधिक गतिविधियों को अन्य कानूनी प्रावधानों से रोका नहीं जा सका है और उनकी उपस्थिति से शांति व्यवस्था पर विपरीत प्रभाव पड़ने की संभावना है। आदेश के अनुसार भास्कर खान और सागर वाहने को राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, दुर्ग, बालोद, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिलों तथा महाराष्ट्र के गोंदिया और मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले की राजस्व सीमाओं से बाहर रहना होगा। उन्हें आदेश जारी होने के एक सप्ताह के भीतर इन जिलों की राजस्व सीमाओं से बाहर चले जाने और 24 जनवरी 2026 से पहले प्रवेश न करने को कहा गया है। यदि वे आदेश का पालन नहीं करते हैं, तो उन्हें बलपूर्वक जिलों की सीमाओं से बाहर निकाला जाएगा। इसके बाद भी आदेश का उल्लंघन करने पर छत्तीसगढ़ राजस्व सुरक्षा अधिनियम 1990 के प्रावधानों के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### प्री-इंजीनियरिंग और प्री-मेडिकल की तैयारी के लिए 11 तक आवेदन

राजनांदगांव (दावा)। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा राज्य के अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति वर्ग के कक्षा 12वीं उत्तीर्ण एवं ड्राफ लेकर इंजीनियरिंग एवं मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी करने के इच्छुक एवं पात्र विद्यार्थियों से प्री इंजीनियरिंग एवं प्री मेडिकल की प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। इच्छुक एवं पात्र विद्यार्थी 11 अगस्त शाम 4 बजे तक कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग कलेक्टोरेट परिसर राजनांदगांव में आवेदन पत्र जमा कर सकते है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी वेबसाईट www.tribal.cg.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

### राधेश्याम शर्मा का देहावसान



राजनांदगांव (दावा)। नगर के वरिष्ठ अधिवक्ता राधेश्याम शर्मा का आज निधन हो गया। वे 91 वर्ष के थे। श्री शर्मा अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए। श्री शर्मा की अंतिम यात्रा आज अपरान्ह तीन बजे कैलाश नगर स्थित उनके निवास स्थान से निकली। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में ईष्ट मित्र, परिजन, अधिवक्ता, व्यवसायी एवं मोहल्लेवासी शामिल हुए। मुक्तिधाम में दो मिनट मौन धारण कर उन्हें श्रद्धाजंलि अर्पित की गई।

# जल जीवन मिशन के कार्यों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी : कलेक्टर



राजनांदगांव(दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जल जीवन मिशन अंतर्गत जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक ली तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल योजना अंतर्गत सभी सब इंजीनियर्स को लक्ष्य प्रदान करते हुए 30 सितम्बर तक कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दिए गए लक्ष्य को निर्धारित समय में पूरा करें, इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि विगत दो माह में 80 ग्राम हर घर जल प्रमाणित किया गया है तथा इसके अतिरिक्त 145 ग्राम को हर घर जल प्रमाणित करने के लिए लक्ष्य प्रदान किया गया है। जिसे गंभीरता से पूरा करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि जिन ग्राम पंचायतों में निर्माण कार्य पूर्ण हो गए है, उन्हें सरपंच से समन्वय करते हुए हैण्डओव्हर करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों को पूर्ण हुए निर्माण कार्यों को हैण्डओव्हर करने के कार्य में गति लाए। जिससे शासन की इस महती योजना से ग्रामीण क्षेत्रों में जल प्रदाय के कार्यों में प्रगति आएगी। ग्राम पंचायतों को जल जीवन मिशन के निर्माण कार्यों के संचालन की जिम्मेदारी सौंप दें। उन्होंने जलागार के संचालन, मरम्मत, रख-रखाव के लिए नल जल मित्रों को प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए, ताकि सफलतापूर्वक इसका संचालन हो सकें। उन्होंने कहा कि ग्रामों में हर घर जल योजना के तहत यूजर चार्ज प्रतिमाह ले। ग्राम पंचायतों में परिवार के सदस्यों की संख्या के आधार पर यूजर चार्ज लेने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे जलागार जहां कांट्रेक्टर ने टंकी निर्माण का कार्य अब तक प्रारंभ नहीं किया है, उनका टेंडर निरस्त कर रि-टेंडर करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि ऐसे कांट्रेक्टर जो कार्य में रूचि नहीं ले रहे है, उसे निरस्त करते हुए कांट्रेक्टर के निविदा में प्रस्तुत अमानत राशि को शासन के पक्ष में राजसात करने तथा एक वर्ष के लिए खंड कार्यालय राजनांदगांव द्वारा जारी किसी भी निविदा में भाग लेने हेतु प्रतिबंधित करने के लिए कहा। उन्होंने सभी पूर्ण हुए कार्यों की प्राथमिकता देते हुए एण्ट्री करने के लिए कहा। इस दौरान प्रस्तुत निविदा के संबंध में चर्चा की गई। कलेक्टर ने क्रेडा के तहत जल जीवन मिशन अंतर्गत सौर ऊर्जा से संचालित कार्यों के संबंध में जानकारी ली। इस अवसर पर रिस्क एवं कास्ट निविदा की पात्रता निर्धारण कर प्राप्त दर के निराकरण के संबंध में चर्चा की गई। इस दौरान समूह नल जल योजनाओं के प्रस्तुत देयकों के भुगतान के संबंध में चर्चा की गई। इस दौरान राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम खपरीकला में कार्यरत कान्ट्रेक्टर्स मेसर्स श्रीराम कंस्ट्रक्शन एण्ड सप्लायर्स डोंगरगढ़ द्वारा कार्य पूर्ण नहीं करने पर अंतिम कारण बताओ नोटिस देते हुए अनुबंध निरस्त किया गया।

मुख्य कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग समीर शर्मा ने बताया कि जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर नल योजना के तहत 153 ग्रामों में कार्य पूर्ण हो गया है तथा 17 ग्रामों में शीघ्र ही कार्य पूर्ण हो जाएंगे। उन्होंने बताया कि 57 ग्रामों में ऐसे कांट्रेक्टर जो कार्य नहीं कर रहे थे, उनका अनुबंध निरस्त करते हुए नये कांट्रेक्टर को कार्य आबंटित किया गया है। जिससे 11 ग्रामों में कार्य पूर्ण हो गए है तथा जल प्रदाय प्रारंभ हो गया है। 23 ग्राम में 70 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गए है तथा कार्यों में तेजी आयी है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह, कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती गुरूप्रीत कौर, कार्यपालन अभियंता क्रेडा श्रीमती पूर्णिमा गुप्ता, पीएचई के वतन सिंह राजपूत सहित पीएचई के सब इंजीनियर्स एवं एसडीओ उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण आयोग की सदस्य संगीता गजभिए : जन-जागरूकता अभियान जारी



राजनांदगांव (दावा)। समाज की असली ताकत उसके बच्चे होते हैं, और यदि बचपन सुरक्षित होगा, तभी भविष्य मजबूत होगा। प्रदेश में बाल अपराधों की बढ़ती घटनाएं न केवल चिंता का विषय हैं। बल्कि यह चेतावनी भी देती हैं कि हमें बच्चों की सुरक्षा के प्रति और अधिक सजग होने की आवश्यकता है। ऐसे समय में छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण आयोग की सदस्य श्रीमती संगीता गजभिए अपने सघन निरीक्षण और जन-जागरूकता अभियान के माध्यम से बाल अधिकारों की अलख जगा रही हैं। प्रदेश में बढ़ते बाल अपराधों की गंभीरता को देखते हुए श्रीमती गजभिए ने स्कूली बच्चों, छात्रावासों और ग्राम पंचायतों में लगातार दौरे शुरू किए हैं। वे बच्चों से सीधे संवाद कर न सिर्फ उनकी समस्याएं जान रही हैं। बल्कि स्थानीय प्रशासन को आवश्यक सुधारों के लिए निर्देश भी दे रही हैं। उनके इस मिशन का उद्देश्य है हर बच्चे को सुरक्षित, सम्मानजनक और भयमुक्त वातावरण प्रदान करना।

#### लापरवाही पर चेतावनी

अपने दौरे के दौरान उन्होंने यह भी पाया कि कई स्थानों पर बाल संरक्षण के नियमों की अनदेखी की जा रही है। इस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सख्त चेतावनी दी है और सुधारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा है। संगीता गजभिए का कहना है कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बच्चों के मानसिक विकास को प्रभावित कर सकती है, इसलिए हर संस्था और व्यक्ति को जिम्मेदारी के साथ काम करना होगा।

गांव-गांव पहुंचकर श्रीमती गजभिए बाल विवाह, बाल श्रम, यौन शोषण जैसे गंभीर मुद्दों पर जन-जागरूकता फैला रही हैं। उन्होंने बाल मित्र ग्राम की संकल्पना को मजबूती देने की दिशा में भी कदम उठाए हैं। स्कूलों में बच्चों से बातचीत के दौरान वे उन्हें आत्मविश्वास बढ़ाने और अपने अधिकारों को समझने के लिए प्रेरित करती हैं। उनका यह प्रयास प्रदेश में बच्चों के सुरक्षित भविष्य की नींव रखने में सहायक सिद्ध हो रहा है।

## कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आमजन की शिकायतें और समस्याएं, निराकरण के निर्देश



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने आज कलेक्टर कक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से आए आमजन की शिकायतें और समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। कलेक्टर डॉ. भुरे ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों से नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करते हुए उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने को कहा। आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए भी निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित आवेदन प्रदान कर त्वरित निराकरण के लिए निर्देशित किया। जनदर्शन में मुख्य रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने, विद्युत पोल हटाने, सड़क मरम्मत कराने, अतिक्रमण हटाने, अवैध प्लाटिंग की शिकायत, ऑनलाइन रिकॉर्ड दुरुस्त करने, आर्थिक सहायता, नजूल भूमि का पट्टा बनाने, राशन कार्ड बनवाने, आधार कार्ड में अपडेशन, सड़क दुर्घटना से मृत्यु होने पर आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभ दिलाने जैसे आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरुचि सिंह भी उपस्थित थीं।

## राजनांदगांव जिले में अब तक 3744.1 मिमी वर्षा दर्ज, आज 48.3 मिमी बारिश हुई

राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव जिले में इस वर्ष चालू मानसून वर्ष में 1 जून से अब तक जिले के सभी 7 तहसीलों में 3744.1 मिमी बारिश एवं औसत 534.9 मिमी बारिश दर्ज की गई है। भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी अनुसार डोंगरगढ़ तहसील में 665.2 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 525.5 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 673.4 मिमी, घुमका तहसील में 548 मिमी, छुरिया तहसील में 441.5 मिमी, कुमरदा तहसील में 420.7 मिमी, डोंगरगांव तहसील में 469.8 मिमी बारिश दर्ज की गई है। अब तक सर्वाधिक वर्षा राजनांदगांव तहसील में 673.4 मिमी दर्ज की गई है। इसी तरह आज राजनांदगांव जिले के सभी 7 तहसीलों में 48.3 मिमी एवं औसत 6.9 मिमी बारिश दर्ज की गई है। डोंगरगढ़ तहसील में 12.2 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 4.5 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 10.1 मिमी, घुमका तहसील में 13 मिमी, छुरिया तहसील में 5.2 मिमी, कुमरदा तहसील में 1.7 मिमी, डोंगरगांव तहसील में 1.6 मिमी बारिश दर्ज की गई है। सर्वाधिक वर्षा घुमका तहसील में 13 मिमी दर्ज की गई है।

## आदि-कर्मयोगी अभियान : जनजातीय कार्य मंत्रालय को भेजी जाएगी जिले के एनजीओ और सीएसओ की सूची

**जिले में कार्यरत एनजीओ व सीएसओ 5 अगस्त तक कर सकते है संपर्क**

राजनांदगांव (दावा)। जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 'आदि-कर्मयोगी अभियान' को जमीनी स्तर पर प्रभावी बनाने के लिए राजनांदगांव जिले में कार्यरत विश्वसनीय गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) और सिविल सोसाइटी संगठन (सीएसओ) से संपर्क करने का आह्वान किया गया है। इच्छुक संगठन 5 अगस्त तक कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग कक्ष क्रमांक 65 राजनांदगांव में संपर्क कर सकते हैं। जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार ने जिला एवं विकासखंड स्तर पर आदि-कर्मयोगी अभियान के सफल संचालन हेतु इन विश्वसनीय संगठनों को सहभागिता के लिए आमंत्रित किया है। इस अभियान के अंतर्गत जिले में कार्यरत एनजीओ और सीएसओ की एक सूची तैयार कर जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार को भेजी जाएगी।

#### आदि-कर्मयोगी अभियान का उद्देश्य

जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जनजातीय क्षेत्रों में जवाबदेह प्रशासन और अंतिम छोर तक सेवाओं की प्रभावी आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए आदि-कर्मयोगी अभियान का संचालन किया जा रहा है। यह अभियान 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान' के तहत बहु-विभागीय समन्वय और जन-सहभागिता पर आधारित है। इसका मुख्य उद्देश्य जनजातीय गांवों में शासकीय योजनाओं का समग्र लाभ पहुंचाना है।

#### एनजीओ और सीएसओ के चयन के मानदंड

चयनित किए जाने वाले हृलह्न और ष्टस्ह्र के लिए निम्नलिखित मानदंड निर्धारित किए गए हैं : जनजातीय अथवा ग्रामीण समुदायों के साथ कार्य करने का सिद्ध अनुभव, क्षमतावर्धन व समुदाय सशक्तिकरण अथवा स्थानीय शासन के क्षेत्र में अनुभव, जिला एवं विकासखंड स्तर पर सक्रिय उपस्थिति, प्राथमिकता दी जाएगी यदि संगठन किसी सरकारी विभाग द्वारा सूचीबद्ध अथवा समर्थित हो। यह पहल जनजातीय क्षेत्रों के समग्र विकास में स्थानीय संगठनों की भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## भूल से भी किसी की निंदा ना करें - मुनि वीरभद्र



**मन के भीतर के दुर्गुणों को साफ करे और सद्गुणों का विकास करो**

राजनांदगांव (दावा)। श्री विनय कुशल मुनि के सुशिष्य एवं 171 दिन तक उपवास का रिकॉर्ड बनाने वाले जैन मुनि वीरभद्र (विराग) जी ने आज यहां कहा कि भूल से भी किसी की निंदा ना करें। जरूरत पड़े तो सामने बोल दे किंतु निंदा ना करें। निंदा करने वाला व्यक्ति निश्चित तौर पर नरक जाता है। मुनि श्री ने कहा कि दूसरे में दोष देखना ही नहीं चाहिए। मुनि श्री वीरभद्र (विराग) ने आज यहां जैन बगीचा स्थित उपाश्रय भवन में अपने नियमित प्रवचन में उक्त उदगार प्रकट करते हुए कहा कि जिस किसी के लिए भी निंदा निकलती है। निश्चित है कि उसके प्रति हमारे मन में सद्भाव तो नहीं है। यह महा दुर्गुण है। उन्होंने कहा कि हम किसी की निंदा करते हैं तो निश्चित तौर पर वह दुर्गुण हमारे मन में आएगा ही। हमें गुण देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि माया मिश्रावाद अर्थात मन में कुछ और बाहर कुछ और जैसी स्थिति रहने से पाप होता है। व्यक्ति अच्छा दिखने की कोशिश करता है लेकिन इससे कल्याण नहीं होने वाला। सदा रहे सरल रहे तो मोक्ष का मार्ग आसानी से मिलेगा।

जैन मुनि वीरभद्र (विराग) ने कहा कि एक-एक कर अपने भीतर के अवगुणों को त्याग करें तो आत्म कल्याण के मार्ग की ओर निश्चय ही बढ़ेंगे। हमारे भीतर के अवगुण खत्म ही नहीं हो रहे फिर हम अपने गुणों को निखारेंगे कैसे? जब तक अंदर के अवगुण साफ नहीं होंगे तब तक हम आत्म कल्याण के मार्ग में बढ़ नहीं पाएंगे। मिथ्यावाद सबसे बड़ा पाप है। हमने अन्य ज्ञान प्राप्त करने के लिए जितनी मेहनत की है। इतनी मेहनत आध्यात्म ज्ञान प्राप्त करने के लिए नहीं की। आज भी हम अज्ञानता से बाहर नहीं आए हैं। एक मिसअंडरस्टैंडिंग के कारण हम भटक रहे हैं। यह स्थिति आत्मज्ञान नहीं होने के कारण उत्पन्न हुई है। धर्म जिस दिन समझ में आ जाएगा हम स्वयं ही मोक्ष द्वार की ओर बढ़ जाएंगे। यह जानकारी एक विज्ञप्ति में विमल हाजरा ने दी।

## यूपीएससी प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले एसटी-एससी अभ्यर्थियों को मिलेंगे 1 लाख रुपये प्रोत्साहन राशि

राजनांदगांव (दावा)। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले प्रदेश के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों को प्रोत्साहन योजना अंतर्गत 1 लाख रूपए की राशि प्रदान की जाती है। प्रोत्साहन योजना अंतर्गत पात्र अभ्यर्थी 12 अगस्त 2025 तक कार्यालय आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास ब्लाक-डी भू-तल इन्द्रावती भवन अटल नगर नवा रायपुर छत्तीसगढ़ में निर्धारित प्रपत्र में स्वयं अथवा रजिस्ट्रर्ड डाक के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी एवं आवेदन का प्रारूप वेबसाईट www.tribal.cg.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक : 202506092100023**
विषय:- अ-6 अ मामले की श्रेणी:- राजस्व सन:- 2024-2025
मुंदगांव (प.ह.न. 00032),
पक्षकारों का विवरण आवेदक पक्षकार - पुनमचंद साहू,
अनावेदक पक्षकार -छग. शासन,

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक पुनमचंद साहू पिता श्री खेमचंद साहू जाति तेली. निवासी ग्राम बोदेला. पोस्ट तुमड़ीबोड़ तहसील डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया है कि आवेदक के स्वामित्व एवं आधिपत्य खाते में ग्राम मुंदगांव प.ह.नं. 32. रा.नि.म. चौथना, में स्थित खसरा नंबर 696/27 रकबा 0.20 एकड़ /0.081 हे. भूमि स्थित है। आवेदक के उक्त भूमि को आवेदक के द्वारा विधिवत् दिनांक 01/07/2004 को क्रय किया गया है जिसका प्रमाणीकरण ना. क्रमांक 72 दिनांक 22/10/2005 को किया गया है। आवेदक अपनी उक्त भूमि का राजस्व रिकार्ड में ऑनलाईन कर राजस्व रिकार्ड में अपना नाम दर्ज करना चाहता है। आवेदक के द्वारा अपनी उक्त भूमि राजस्व रिकार्ड में अपना नाम दर्ज कर राजस्व रिकार्ड सुधार किये जाने का निवेदन किया है। मो. 9644310731

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 31.07.2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14/07/2025 को जारी किया जाता है।

Neelkanth Janbandhu
तहसीलदार तहसील डोंगरगढ़

**शुभांक**

बी. के
2-3-7
578-0 350-8
राजधानी
2-4-0
229-3 155-1

अनुमानित

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

**न्यायालय नजूल जाँच अधिकारी, जिला-राजनांदगाँव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

राजस्व मामला क्रमांक 20250709370051 अ-6 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शैलेष बुद्धदेव आ. स्व. शशिकांत बुद्धदेव, निवासी-गायत्री स्कूल के पास राजनांदगाँव, तहसील व जिला राजनांदगाँव के द्वारा शहर राजनांदगाँव के मोहल्ला टांकापारा स्थित शीट क्रमांक 47 ए, भूखण्ड क्रमांक 7/1, क्षेत्रफल 504.00 वर्गमीटर जो धारकगण साबरा सिद्धिकी ध.प. एजाज सिद्धिकी, नुजहत सिद्धिकी ध.प. जावेद सिद्धिकी, जेहरा खातुन ध.प. मोहम्मद समीम के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त आवेदित भूखण्ड में से क्षेत्रफल 26.50 वर्गमीटर भूमि को ऑनरशीप विक्रेता अमित कुमार आ. लक्ष्मण दास तेजवानी, निवासी-लालबाग, राजनांदगाँव से पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम से आवेदक द्वारा क्रय किया गया है। विक्रेता अमित कुमार आ. लक्ष्मणदास तेजवानी के द्वारा अपना नाम ऑनरशीप के कॉलम नं. 9 में दर्ज नहीं कराया गया है, जिस पर पंजीकृत विक्रय पत्र ऑनरशीप के आधार पर आवेदक का नाम दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अत: उक्त भूमि/मकान/ संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 13.08.2025 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 28.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
नजूल जांच, राजनांदगाँव

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं लता बाई भारती पति परूम भारती निवासी भटगांव पो. घुमका तह. घुमका व जिला राजनांदगांव (छ.ग.) की निवासी हूं।

यह शपथ करती हूँ कि मैंने अपना पुराना नाम सुशीला पिता श्यामरतन को बदलकर नया नाम लता बाई भारती पति परूम भारती रख लिया है। अतः आज से मेरा नाम समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नए नाम लता बाई भारती पति परूम भारती से ही जाना पहचाना जाने हेतु छत्तीसगढ़ राजपत्र (गजट) में प्रकाशन करना चाहती हूं। यदि भविष्य में कोई गलती या त्रुटि पाई जाती है तो उसकी संपूर्ण जवाबदारी मेरी स्वयं की होगी।

**लता बाई भारती**
पति परूम भारती निवासी
भटगांव पो. घुमका तह. घुमका व
जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

**कार्यालय संचालक शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, इन्द्रावती भवन, खण्ड-1 द्वितीय तल छत्तीसगढ़, नवा रायपुर अटल नगर (492002)**

क्रमांक-जी.बी./5विविध/(1)/2025-26/342 दिनांक 28/07/2025

**-:: रि-टेण्डर सूचना ::-**

इस विभाग के अन्तर्गत शासकीय क्षेत्रीय मुद्रालय, राजनांदगांव तथा रायपुर में एकत्रित रील कोर के खाली गुटकों के विक्रय हेतु मोहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर रूपये 500/- नगद भुगतान कर कार्यालय दिवस में दिनांक 29.07.2025 से दिनांक 07.08.2025 तक समय सायं 05.00 बजे के पूर्व तक प्राप्त किये जा सकते है।

1. निविदा बिक्री आरंभ करने की तिथि - **29.07.2025** समय 12.00 बजे से
2. निविदा बिक्री करने की अंतिम तिथि- **07.08.2025** समय 05.00 बजे तक
3. निविदा जमा करने की अंतिम तिथ- **08.08.2025** समय 3.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि - **08.08.2025** समय 4 बजे।

(संचालक महो. द्वारा अनुमोदित)

**संयुक्त संचालक मुद्रण तथा लेखन सामग्री**
**नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.)**

जी- 252602432/1

SILVER SCREEN MULTIPLEX
29th July to 31st July 2025



Mahavatar Narsimha (Hindi 2D) - 12:30, 03:30, 06:30 and 09:30 pm



Saiyaara - 12:00, 12:15 03:00, 03:15, 06:00, 06:15, 09:00 and 09:15 pm

Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) Only For Enquiry 8085600200

श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेल
छत्तीसगढ़ी भाषा में
जितु के दुल्हानिया
जीतु दुलरवा, शालिनी विश्वकर्मा, पुष्पेन्द्र सिंग



ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

# ब्लॉक कांग्रेस संगठन की बैठक संपन्न : कार्यकर्ता कांग्रेस की आत्मा, सशक्तिकरण पर मंथन



डोंगरगढ़ (दावा)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की मंशा अनुरूप प्रदेश कांग्रेस और जिला कांग्रेस के दिशा-निर्देशों के अंतर्गत मंगलवार को डोंगरगढ़ ब्लॉक कांग्रेस संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य आने वाले समय में संगठनात्मक ढांचे को नए सिरे से सजाना और आगामी रणनीतियों पर विचार करना रहा। इस बैठक में विधायक श्रीमती हर्षिता बघेल और छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता विष्णु लोधी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### पद नहीं, पात्रता का सम्मान करें - विष्णु लोधी

बैठक को संबोधित करते हुए विष्णु लोधी ने कहा कि वर्तमान समय संगठन को पुनर्गठित करने और उसे गांव-गांव तक सक्रिय करने का है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए हमें ईमानदार, कर्मठ और समाज में सम्मानित कार्यकर्ताओं को संगठन से जोड़ना होगा। लोधी ने स्पष्ट किया, संगठन को यदि मजबूती देनी है, तो पद नहीं, पात्रता का सम्मान करना होगा। हमें ऐसे पदाधिकारी चाहिए जो सिर्फ पद के पीछे नहीं, संगठन के लिए समर्पित होकर कार्य करें। उन्होंने सुझाव दिया कि मंडल और सेक्टर स्तर पर योग्य, युवा और अनुभवी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी जाए, ताकि कांग्रेस की जड़ें और भी मजबूत हों। उन्होंने सभी उपस्थित जनों से आग्रह किया कि वे 'संगठन पहले, व्यक्ति बाद में' की भावना को आत्मसात करें। बैठक को विधायक हर्षिता बघेल एवं मंडल प्रभारी रमेश खंडेलवाल ने भी संबोधित किया।

### उपस्थित प्रमुख पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता

बैठक में प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिंह, विष्णु लोधी, फिरंगी पटेल, गोकुल वर्मा, नेतराम साहू, चुम्मन साहू, पंचराम चंदेल, फत्तू वर्मा, दिनेश प्रकाश जांगड़े, भगवती वर्मा, रुपेश वर्मा, लिखन कुंजन, श्यामशाय दांडेकर, मोरध्वज वर्मा, विश्राम वर्मा, भारत पटेल, कीर्तन मांडवी, घनश्याम साहू, मनोज कोरे, लाल वर्मा, कमल अग्रवाल, छबिलाल, मदनलाल, पीलाराम, न प्रीतम साहू, पुरुषोत्तम, चेलक, परसराम, टीकाराम, माखन, रंजीत भारती, बानू राम वर्मा, मोतीराम वर्मा, योधन साहू आदि उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त, जोन प्रभारी, सेक्टर प्रभारी, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं और महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, एनएसयूआई सहित अन्य संगठनों के पदाधिकारियों ने भी इस बैठक में भाग लिया।

## राजनांदगांव में अब ऑटो/ई-रिक्शा पर दिखेंगे हेल्पलाइन नंबर : यात्रियों की सुरक्षा बढ़ेगी



राजनांदगांव (दावा)। शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार लाने व सजगता के लिए ई-आटो रिक्शा चालकों को अपने वाहन में हेल्प लाइन नंबर लिखाने के लिए निर्देशित किया गया है। बताया जाता है कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन में अति. पुलिस अधीक्षक मुकेश ठाकुर नक्सल ऑपरेशनएवं अति. पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन मे यातायात पुलिस द्वारा शहर के सभी ऑटो/ई-रिक्शा वाहन चालकों को निर्देशित किया गया है, कि सभी ऑटो/ई-रिक्शा चालक अपने वाहन के पीछे अपना नाम एवं मोबाईल नंबर, पुलिस कंट्रोल रूम का नंबर-9479192199 एवं यातायात पुलिस द्वारा प्रदाय यूनिक नंबर आवश्यक रूप से लिखावें। सभी वाहन चालकों से अपील है कि अपने वाहन में यात्रा करने वाले यात्री को चालक का मोबाईल नंबर, पुलिस कंट्रोल रूम का नंबर एवं यूनिक नंबर के बारे में अवगत कराने समझाईश दिया गया।

# शिवालयों में गूंजा 'हर-हर महादेव', सावन के तीसरे सोमवार पर उमड़ी भक्तों की भीड़



छुईखदान (दावा)। सावन माह के तीसरे सोमवार, यानी 28 जुलाई 2025 को, शहर के सभी शिवालयों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। भक्तों ने भगवान भोलेशंकर का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक किया और उन्हें बेलपत्र, कनेर, धतूरा पुष्प, श्रीफल आदि अर्पित कर कपूर दीप से आरती की। रानी मंदिर समिति छुईखदान के संरक्षक लतारानी लाल जे.के. वैष्णव ने बताया कि सावन माह 2025 में चार सोमवार पड़ने के कारण भोलेनाथ की पूजा चार बार होगी। पंडित प्रदीप मिश्रा के कथन 'एक लोटा जल सभी समस्या का हल' और सावन शिवरात्रि पूजा का अनुसरण करते हुए भक्तगणों द्वारा 'श्री शिवाय नमस्तुभ्यं' के उद्घोष से मंदिर परिसर गूंज उठा।

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी महिला रामायण मंडली बाईसाहब मंदिर और जय मां काली बजरंग रामायण मंडली जस समिति तथा शक्ति मंदिर रामायण भजन मंडली छुईखदान द्वारा सभी मंदिरों में जाकर भजन-कीर्तन किया गया। राजपरिवार के लतारानी लाल जे.के. वैष्णव ने भी शिव मंदिर में विधि-विधान से पूजा की। शिवालयों सहित पूरे शहर में भक्तों द्वारा 'नमः शिवाय' और 'हर हर महादेव' के जयकारे गूंजते रहे। भक्तों ने इस दौरान द्वादश ज्योतिर्लिंगों की कथा, महामृत्युंजय मंत्र जाप, श्री शिव चालीसा पाठ और शिव तांडव स्तोत्र पाठ भी किया। सावन माह में हुई अच्छी बारिश से भक्तगणों ने और भी प्रसन्नता से भोलेनाथ की पूजा की।

# मोखला स्कूल के प्रशांत का प्रयास विद्यालय के लिए चयन



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मोखला संकुल भर्रेगांव के होनहार छात्र प्रशांत कुमार साहू पिता मदन लाल साहू का चयन प्रतिष्ठित प्रयास आवासीय विद्यालय रायपुर में हुआ है। प्रशांत शुरू से ही एक मेधावी छात्र रहे हैं। उनके पिता मदन लाल साहू, वर्तमान में ग्राम पंचायत मोखला के उपसरपंच हैं। यह लगातार दूसरा वर्ष है। जब इस संस्था से किसी छात्र का चयन प्रयास आवासीय विद्यालय में हुआ है। पिछले वर्ष भी एक छात्रा का चयन हुआ था। जो स्कूल की शैक्षणिक गुणवत्ता को दर्शाता है।

प्रशांत के इस उल्लेखनीय चयन पर संस्था प्रमुख एस.के. मेश्राम, एसएमसी अध्यक्ष देवकुमार साहू, उपाध्यक्ष संगीता साहू, सरपंच श्रीमती चुम्मन साहू, पूर्व सरपंच श्रीमती अमरीका साहू, शिक्षाविद डी.डी. साहू, शिक्षकगण डी.के. चंद्राकर, डी.के. नामदेव, आर.के. यादव, प्रीति चतुर्वेदी, एसएमसी सदस्य तुलदास, तेजराम, घनश्याम, टिकेश्वर, रूखमणी, पुष्पा, जिनेश्वरी, खिलेश्वरी, ज्योति, नगीना सहित सभी ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। सभी ने प्रशांत के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# सफलता के लिए अभ्यर्थी लक्ष्य पर फोकस रहें- वित्तमंत्री चौधरी



**0 कांकेर में 'मावा मोदोल' कोचिंग संस्थान का किया शुभारंभ**
**0 प्रतियोगी छात्रों से किया संवाद**

रायपुर (दावा)। सफलता का कोई शॉर्टकट अथवा विकल्प नहीं होता, अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थी पूरे मनोयोग और अनुशासन के साथ लक्ष्य की ओर बढ़ें। उक्त आशय के विचार आज कांकेर शहर स्थित सेंट्रल लाइब्रेरी परिसर में निःशुल्क कोचिंग संस्थान 'मावा मोदोल' के शुभारंभ अवसर पर वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने व्यक्त किए। उन्होंने इस अवसर पर सेन्ट्रल लाईब्रेरी को नालंदा परिसर की तर्ज पर विकसित करने के लिए आश्वस्त किया।

वित्त मंत्री श्री चौधरी ने छात्र-छात्राओं से संवाद करते हुए कहा। उन्होंने प्रशासनिक और सार्वजनिक जीवन के अनुभव साझा करते हुए युवाओं को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बड़ी परीक्षाओं में वही सफल होते हैं जो विषम परिस्थितियों में भी लगातार प्रयास करते हैं। संवाद के दौरान प्रतियोगी छात्र-छात्राओं गुलशन जैन, स्नेहा सिन्हा और कुलेश्वर नंदीश्वर के सवालों का जवाब देते हुए मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि संघ लोक सेवा आयोग जैसी परीक्षाओं की तैयारी के साथ सहगामी करियर विकल्प भी खुले रखने चाहिए।

वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि कड़ी मेहनत और सही दिशा में किया गया प्रयास ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने कहा कि कांकेर जिले में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, आवश्यकता है केवल सही दिशा और साधनों की। इस अवसर पर श्री चौधरी ने सेंट्रल लाइब्रेरी का अवलोकन किया तथा जिला प्रशासन द्वारा प्रकाशित पुस्तकों का विमोचन किया। कार्यक्रम में विधायक आशाराम नेताम एवं विक्रमदेव उसेंडी सहित जनप्रतिनिधि अधिकारी और छात्र-छात्राएं उपस्थित थी।

गौरतलब है कि 'मावा मोदोल' कोचिंग संस्थान कांकेर जिला प्रशासन की विशेष पहल है, जिसके माध्यम से युवाओं को निःशुल्क कोचिंग और कैरियर मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जा रहा है। संस्थान के पहले चरण में भानुप्रतापपुर में हाईटेक कोचिंग, ई-क्लास और ई-लायब्रेरी की शुरुआत हुई थी। अब दूसरे चरण में कांकेर शहर की पुरानी कचहरी चौक स्थित सेंट्रल लाइब्रेरी परिसर में संस्थान की शुरुआत की गई है। यहां छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग, रेलवे, व्यापम, शिक्षक, वन, पुलिस, आबकारी सहित विभिन्न विभागीय परीक्षाओं की तैयारी के लिए गाइडेंस, पर्सनैलिटी डेवलपमेंट, साक्षात्कार, समूह चर्चा जैसी गतिविधियों का संचालन किया जाएगा। परिसर में डिस्कशन रूम, ई-क्लास और स्टडी मटेरियल्स की भी समुचित व्यवस्था की गई है।

## केंद्रीय मंत्री चंद्रशेखर से मिले मोहला- मानपुर-अंबागढ़ चौकी के भाजपा पदाधिकारी, दूरसंचार व सड़क विकास पर चर्चा



अंबागढ़ चौकी (दावा)। मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के मानपुर प्रवास पर आए केंद्रीय राज्य मंत्री पेम्माशानी चंद्रशेखर से जिला भाजपा के पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने मुलाकात की। इस दौरान गुलदस्ता भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष दिलीप वर्मा ने सांसद संतोष पांडेय द्वारा दिए गए एक मांग पत्र को मंत्री को सौंपा। जिसमें वनांचल क्षेत्र की जनता की मांगों को अविलंब पूरा करने का निवेदन किया गया। श्री वर्मा ने बताया कि इस क्षेत्र में दूरसंचार की स्थिति अत्यंत दयनीय है और कई गांवों में नेटवर्क की समस्या बनी रहती है। उन्होंने नवगठित मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में दूरसंचार विभाग के उप-मंडल कार्यालय की स्थापना और अधिकारियों की पदस्थापना की मांग रखी। जिससे दूरसंचार सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा और ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क का विस्तार संभव हो पाएगा।

### मानपुर क्षेत्र में उच्च स्तरीय पुल निर्माण की मांग

प्रतिनिधिमंडल ने मानपुर क्षेत्र में विभिन्न सड़कों पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण की भी मांग रखी। इसमें प्रमुख रूप से कोसमी-पुसेवादा मार्ग में 540 मीटर, पेंदोडी से दोड़के मार्ग में 2050 मीटर, टी-05 सड़क से कुंज कनहार में 925 मीटर, पारधी से गोड़ पारा में 220 मीटर, औंधी से सरखेड़ा में 3600 मीटर, और कोराचा से बुकमरका मार्ग वाया पुगदा गट्टे गहन संबलपुर मार्ग में 3150 मीटर के उच्च स्तरीय पुलों का निर्माण शामिल है। मंत्री चंद्रशेखर ने इस पर केंद्र सरकार से चर्चा करने की बात कही। इस अवसर पर पूर्व विधायक और संसदीय सचिव संजीव शाह, भाजपा जिलाध्यक्ष दिलीप वर्मा, जिला महामंत्री अनिल गुप्ता, जिला पंचायत उपाध्यक्ष भोजेश शाह, मदन साहू, राजू टांडिया, गुलाब गोस्वामी, जनपद अंबागढ़ चौकी के उपाध्यक्ष शंकर तिवारी, अवधेश त्रिपाठी, राजू जैन गुजराती, संगीता मिश्रा सहित जिले के अन्य भाजपा पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# सुरगी क्षेत्र के ढाबों में शराब परोसने से ग्रामीण आक्रोशित, पुलिस चौकी का घेराव करने की तैयारी



राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव के समीपस्थ ग्राम सुरगी क्षेत्र में ढाबों पर खुलेआम शराब परोसे जाने से ग्रामीणों में भारी गुस्सा है। उनका आरोप है कि इससे आसपास का माहौल खराब हो रहा है और पुलिस की निष्क्रियता ने उनके सब्र का बांध तोड़ दिया है। अब ग्रामवासियों ने सुरगी पुलिस चौकी का घेराव करने का मन बना लिया है।

### शिकायतें अनसुनी, ग्रामीण परेशान

शहर के हल्दी वार्ड से अर्जुंदा जाने वाले मार्ग पर कई ढाबे खुल गए हैं। सुरगी रोड पर स्थित भोथीपार और मलपुरी गांवों के पास संचालित कुछ ढाबों से शराब परोसे जाने की लगातार शिकायतें मिल रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार सुरगी पुलिस चौकी में इसकी शिकायत की है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस अनदेखी से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।

### शराबबंदी वाले गांवों की मुहिम

बताया जा रहा है कि इस क्षेत्र के आधे दर्जन से अधिक गांवों ने शराबबंदी को लेकर कड़े फैसले लिए हैं। धामनसरा, मलपुरी, मुड़पार, उसरीबोड़, ढोडिया-भोढ़िया जैसे गांवों के प्रमुखों ने बताया कि सड़क किनारे स्थित ढाबों में ढाबे की आड़ में शराब परोसी जा रही है। इससे आसपास के गांवों का सामाजिक माहौल बिगड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि वे अपनी इन शिकायतों को जल्द ही पुलिस प्रशासन तक पहुंचाएंगे, और अगर फिर भी कार्रवाई नहीं हुई, तो वे चुप नहीं बैठेंगे। इस पूरे मामले में ग्रामीण अब एकजुट हो रहे हैं और उनका साफ कहना है कि जब तक इस अवैध गतिविधि पर रोक नहीं लगती, तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा।

## श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति के अनिल गट्टानी बने पुनः उपाध्यक्ष



डोंगरगढ़ (दावा)। श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने आज पदाधिकारियों की घोषणा की, जिसमें चंद्रप्रकाश मिश्रा एवं अनिल कुमार गट्टानी को पुनः उपाध्यक्ष नियुक्त किया एवं महेंद्र परिहार को सचिव तथा बबलू शांडिल्य को सह-सचिव नियुक्त किया है।

# निरंकारी जोनल महिला संत समागम संपन्न, आध्यात्मिकता की ओर प्रेरित करने पर जोर



राजनांदगांव (दावा)। सद्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के आशीर्वाद से संत निरंकारी मंडल राजनांदगांव द्वारा रविवार 27 जुलाई को झूलेलाल नगर स्थित झूलेलाल धर्मशाला चौखड़िया पारा में एक जोनल स्तरीय महिला संत समागम का सफल आयोजन किया गया। सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक चले इस समागम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

समागम में भोपाल (म.प्र.) से पधारीं परम पूज्यनीय बहन निर्मला सोमानी ने अपने प्रवचन में कहा कि हम सभी गुरसिख हैं, चाहे हम किसी भी रूप में यहां बैठे हों। यह केवल व्यवस्था का हिस्सा है कि कोई गीत गाए। कोई विचार व्यक्त करे या कोई मंच पर विराजमान हो अथवा सेवा कार्यों में लगा हो। हम सभी गुरु की रहमत और प्यार ही प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने जोर दिया कि सद्गुरु माता जी द्वारा दिए गए ब्रह्मज्ञान का आश्रय लेते हुए हमें किसी के खाने-पीने, पहनावे या जाति को देखे बिना, हर इंसान के भीतर परमात्मा के अंश को महसूस करते हुए सेवा करनी चाहिए। निरंकारी महिला समागम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आध्यात्मिकता की ओर प्रेरित करना है। निरंकारी मिशन मानवता को मानवीय गुणों से लैस करना सिखाता है। जिसमें प्रेम, शांति, समानता और एकता जैसे मूल्य शामिल हैं। इस समागम का विशिष्ट उद्देश्य महिलाओं में सहनशीलता, विनम्रता, प्यार और अमन-चैन स्थापित करना भी है।

इस अवसर पर रायपुर से पधारे परम पूज्य जोनल इंचार्ज गुरु बख्श सिंह जी कालरा ने अपने उद्बोधन में कहा कि संत निरंकारी महिला संत समागम बहुत ही सुंदर, प्यार और खुशियों के साथ संपन्न हुआ। उन्होंने भिलाई, रायपुर, खैरागढ़, कांकेर, डोंगरगांव, डोंगरगढ़ और राजनांदगांव की महिलाओं द्वारा प्रस्तुत किए गए सुंदर कार्यक्रमों के लिए हार्दिक बधाई दी। मीडिया प्रभारी मदन लाल नवलानी ने बताया कि बहन निर्मला सोमानी का स्वागत निरंकारी मिशन के सेवा दल के भाई-बहनों द्वारा कांकेर के संयोजक राजा देवनानी और राजनांदगांव के संयोजक रूपलाल जी राजवानी सहित सभी ने किया।

# बड़गांव में खाद संकट : किसान परेशान, धान की फसल प्रभावित

जोंधरा (दावा)। छुरिया विकासखंड की आश्रित ग्राम पंचायत बड़गांव में किसानों को अब तक खाद का वितरण नहीं हो पाया है। जिससे उनकी कृषि संबंधी कार्य अटके पड़े हैं। जानकारी के अनुसार पूर्व में केवल कुछ ही किसानों को खाद उपलब्ध हो पाया था। जबकि शेष किसानों को डीएपी और यूरिया नहीं मिल पाया है। खाद की कमी के कारण खेतों में धान के पौधे ठीक से बढ़ नहीं पा रहे हैं, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है।

ग्राम बड़गांव के किसान श्रवण कुमार देवांगन, नेपाल सिंह कार्ते, डेविड नायक, चमनराम नायक, रोहित नेताम, भुवनेश्वर कोरटिया, गीताबाई चुरेंद्र, पन्ना नायक, सरेज चुरेंद्र, भेनू नायक, जानिक बाई, नंद चुरेंद्र, गणपत नेताम और अन्य ने शासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने निवेदन किया है कि बड़गांव में शीघ्र अति शीघ्र डीएपी खाद और यूरिया भेजी जाए ताकि धान की फसल को बचाया जा सके।

# राष्ट्रीय सहकारिता नीति 2025 : सहकार से समृद्धि के विजन को साकार करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम

राजनांदगांव (दावा)। हाल ही में नई दिल्ली में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय सहकारिता नीति 2025 का अनावरण किया। इस नवीन नीति के केंद्र में देश के 140 करोड़ लोगों, गांव, कृषि, ग्रामीण महिलाएं, दलित और आदिवासियों के उत्थान पर विशेष ध्यान दिया गया है।

भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शशिकांत द्विवेदी ने बताया कि 'मॉडल सहकारी गांव' की शुरुआत नाबार्ड की पहल पर सबसे पहले गांधीनगर में हुई थी। अब नई सहकारिता नीति के तहत राज्य सहकारी बैंकों के माध्यम से प्रत्येक तहसील में पांच मॉडल सहकारी गांव विकसित करने का प्रयास किया जाएगा। राष्ट्रीय सहकारिता नीति के तहत पर्यटन, सहकार टैक्सी, इंश्योरेंस और हरित एनर्जी जैसे क्षेत्रों में भी सहकारी समितियां बनाई जाएंगी।

विशेषकर, सहकार टैक्सी और बीमा क्षेत्र में सहकारिता के माध्यम से बहुत कम समय में शानदार शुरुआत की जाएगी। सहकार टैक्सी इसी वर्ष के अंत तक प्रारंभ हो जाएगी। जिससे सीधे ड्राइवर के खाते में मुनाफे की राशि पहुंच जाएगी।



### जीडीपी में सहकारी क्षेत्र का योगदान बढ़ाने का लक्ष्य

प्रदेश संयोजक श्री द्विवेदी ने बताया कि केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में वर्ष 2034 तक सहकारी क्षेत्र का देश की जीडीपी में योगदान तीन गुना बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही 50 करोड़ नागरिक जो वर्तमान में सहकारी क्षेत्र के सक्रिय सदस्य नहीं हैं या सदस्य ही नहीं हैं। उन्हें सहकारी क्षेत्र का सक्रिय सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

नवीन राष्ट्रीय सहकारिता नीति में सहकारी समितियों की संख्या में 30 प्रतिशत की वृद्धि का लक्ष्य है। वर्तमान में 8 लाख 30 हजार सहकारी समितियां हैं और इसमें 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी की जाएगी। प्रत्येक पंचायत में कम से कम एक प्राथमिक सहकारी इकाई होगी। चाहे वह पैक्स, मत्स्य पालन, डेयरी, बहुउद्देश्यीय या अन्य प्राथमिक सहकारी समितियां हों। श्री द्विवेदी ने कहा कि यह 'सहकार से समृद्धि' के विजन को पूरा करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

### सहकारिता : विकास और समृद्धि का नया स्तंभ

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का लक्ष्य है कि सन 2027 तक भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के तौर पर उभरेगा। इसके साथ ही 140 करोड़ नागरिकों के सम विकास की जिम्मेदारी भी भारत की है, जो सहकारिता के माध्यम से पूरी होगी।

श्री द्विवेदी ने बताया कि वर्ष 2020 के पहले कुछ लोगों ने सहकारिता को मृतप्राय क्षेत्र घोषित कर दिया था, लेकिन आज वही लोग कहते हैं कि सहकारी क्षेत्र का भी भविष्य है। इसका प्रमुख कारण यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चार वर्ष पूर्व नए सहकारिता मंत्रालय के गठन का निर्णय लिया था। जिसके कारण कॉपरेटिव सेक्टर हर पैमाने पर कॉपोरेट क्षेत्र की तरह समानता के आधार पर खड़ा है।

श्री द्विवेदी ने बताया कि नई राष्ट्रीय सहकारिता नीति का विजन है कि सहकारिता के माध्यम से समृद्धि लाकर 2047 तक विकसित भारत का निर्माण करना है।

उन्होंने यह भी बताया कि सहकारिता के नए बाइलॉज को सभी राज्यों ने बिना किसी भेदभाव के स्वीकार कर लिया है। अब तक 45 हजार पैक्स बनाने का काम लगभग समाप्त हो चुका है और पैक्स के कंप्यूटरीकरण का काम भी लगभग पूरा हो चुका है।

सहकारिता के प्रशिक्षण के लिए त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय की नींव डालने का काम भी हो चुका है। दुग्ध सहकारिता के माध्यम से श्वेत क्रांति 2.0 आने वाले दिनों में ग्रामीण विकास का बहुत बड़ा स्तंभ बनेगी।

जिसमें महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने का काम प्रमुखता से किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सहकारिता मंत्रालय की बहुत दूरदर्शिता के साथ रचना की है। जिसका उद्देश्य समाज के हर वर्ग को आगे बढ़ाना और विकास को सर्वस्पर्शी और सर्व समावेशी बनाना था। इस प्रकार राष्ट्रीय सहकारिता नीति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सहकार से समृद्धि' के विजन को पूरा करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

## खैरागढ़ विश्वविद्यालय में कथक नृत्य कार्यशाला शुरू : रायगढ़ घराने की बारीकियां सीख रहे छात्र



खैरागढ़ (दावा)। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के कथक नृत्य विभाग में सोमवार 28 जुलाई से एक चार दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ है। इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को कथक नृत्य में उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्रदान करना है। कुलपति प्रो. (डॉ.) लवली शर्मा के निर्देशन और मार्गदर्शन में कम समय में इस कार्यशाला का आयोजन किया गया है।

### रायगढ़ घराने की विशेषज्ञ दे रहीं शिक्षा

कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ के तौर पर शासकीय महाविद्यालय इंदौर की प्रोफेसर डॉ. सुचित्रा हरमालकर को आमंत्रित किया गया है। डॉ. हरमालकर रायगढ़ घराने की एक प्रमुख कलाकार और गुरु हैं। उनके द्वारा कथक नृत्य विभाग के विद्यार्थियों को रायगढ़ घराने की परंपरागत बंदिशों की सूक्ष्मता से और धैर्यपूर्वक शिक्षा दी जा रही है। विद्यार्थी इस कार्यशाला में गहरी रुचि ले रहे हैं और प्रतिदिन इसमें शामिल हो रहे हैं, ताकि वे कथक नृत्य की इन बारीकियों को सीख सकें।

## अनमोल दावा

साधारण परिस्थितियों में मदद करना अच्छी बात है, लेकिन जरूरत के समय मदद करने से कई गुणा आशीर्वाद मिलता है।

## सम्पादकीय

# आपरेशन सिंदूर पर चर्चा, विपक्ष को माकुल जवाब देने का सद्प्रयास हुआ

शुरूवाती संसद सत्र लगभग तीन दिनों तक हंगामे की भेंट चढ़ गया। पहलगांव हमले के बाद आतंकवाद के सामने लड़ने और आतंकवाद के आकाओं तथा पाकिस्तान को नसीहत देने भारत सरकार के द्वारा ''आपरेशन सिंदूर'' चलाया गया। पाक सेना, उनके ठिकानों और अणुकेन्द्रों को टारगेट बनाकर भारत ने आतंकियों के गढ़ जैसे नौ स्थानों को चकनाचूर कर दिया था। भारत के लिए ये आतंकवाद और पाकिस्तान पर यह हमारी जीत थी। उधर, विपक्ष इस जीत पर तो प्रश्न नहीं कर रहा है। किन्तु, भारत-पाक युद्ध में हमारे कितने विमान नष्ट हुवे? पूर्व के पूलवामा स्ट्राइक पर भी संदेह किया था। विपक्ष का विरोध लाजिमी है। किन्तु, जहां राष्ट्र और उसकी सीमा, आतंकवाद का मसला हो, समस्या हो, वहां फतह-जीत ही महत्वपूर्ण है। बाकी तो इस तरह के संदेहास्पद प्रश्न गौण हैं। सरकार की नीयत नेक थी और उसने निर्मित हालातों के मद्देनजर जो आक्रमक कदम उठाए, वह निःसंदेह सराहनीय है। विपक्ष ने आर्मी पर भी उनकी क्षमता को लेकर प्रश्न किए थे। ''आपरेशन सिंदुर'' पर चर्चा करने वाला विपक्ष इसे लेकर भी अपेक्षित रूप से गंभीर नहीं रहा।

लोकसभा और राज्यसभा में सरकार ने 16-16 घण्टे की चर्चा की तैयारी बतायी थी। इसके बावजुद, विपक्ष इसमें व्यवधान उत्पन्न करता रहा। लोकसभा और राज्यसभा में गत सोमवार को हंगामा और शोर शराबा करने अवरोध उत्पन्न करके संसद के बहुमूल्य समय को गंवा दिया।

विपक्ष की दृष्टि में बिहार राज्य के मतदाताओं की सूची के रिविजन आपरेशन सिंदूर आपरेशन से कहीं महत्वपूर्ण था। इसीलिए भी शोर-शराबा होता रहा। अब जब चर्चा शुरू हो गई थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी संसद में प्रत्येक प्रश्नों-बिन्दुओं पर भारत के इतिहास के मद्देनजर वस्तुस्थिति पर प्रकाश डालते हुवे जो कथन किया, उससे बहुत कुछ स्पष्ट हो गया कि सरकार ने देशहित में उचित कदम उठाया। पूरी दुनिया ने भी इसे स्वीकार किया है। विश्व में जहां-जहां लोकतंत्र है, वहां विपक्ष का व्यवहार देख कर हमारे सांसदों, खासकर विपक्षी सांसदों को भी कुछ सीखने की जरूरत है। सरकार ने जब-जब भी महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा के लिए अपनी तैयारी बतायी तब तक वह लोकतंत्र के मूल्यों के जतन को सामने रखा, उसे प्राथमिकता दी। किन्तु, विपक्ष की गंगा उलटे ही दिशा में बहती रही, ऐसा प्रतीत हुआ। कांग्रेस पर संसद में प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में अनेक आरोप लगाए हैं।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विपक्ष पर आरोप लगाया कि विपक्ष आपरेशन सिंदुर पर योग्य प्रश्न ही नहीं कर पाया। उसने एक मरतबे भी नहीं पूछा कि हमनें दुश्मन के कितने विमान गिराए? आतंकवादियों के कितने ठिकाने नष्ट हुवे? आपरेशन सिंदुर सफल रहा वैसे सभी प्रश्नों का जवाब यही था। प्रश्न यही होना था कि क्या हमारी बहनों, हमारी बेटियों का सिंदुर पोछने वाले आतंकवादियों का हमारी सेना ने नाश किया है, यही सिंदुर आपरेशन की सफलता है।

# भारत में धार्मिक पर्यटन में आई जबरदस्त तेजी

**प्रह्लाद सबनानी**

भारत में पर्यटन उद्योग को आगे बढ़ाने के लिए कई वर्षो से लगातार प्रयास किए जाते रहे हैं, परंतु इस क्षेत्र में वृद्धि दर कम ही रही है क्योंकि भारत में पर्यटन का दायरा केवल ताजमहल, कश्मीर एवं गोवा आदि स्थलों तक ही सीमित रहा है, परंतु हाल ही के वर्षों में धार्मिक क्षेत्रों यथा, अयोध्या, वाराणसी, मथुरा, उज्जैन, हरिद्वार, उत्तराखंड में चार धाम (केदारधाम, बद्रीधाम, गंगोत्री एवं यमुनोत्री), माता वैष्णोदेवी एवं दक्षिण भारत स्थित विभिन्न मंदिरों सहित, बौद्ध धर्म, जैन धर्म एवं सिक्ख धर्म के कई पूजा स्थलों पर मूलभूत सुविधाओं का विस्तार कर इन्हें आपस में जोड़कर पर्यटन सर्किट विकसित किए गए हैं। इससे भारत में धार्मिक पर्यटन बहुत तेज गति से आगे बढ़ा है।

विभिन्न देशों से भी अब पर्यटक इन नये विकसित किए गए धार्मिक स्थलों पर भारी मात्रा में पहुंच रहे हैं। योग एवं आयुर्वेद भी हाल ही के समय में विदेशों में काफी लोकप्रिय हो गया है अतः इसकी खोज के लिए विदेशों से कई पर्यटक भारत में धार्मिक पर्यटन करने के प्रति आकर्षित हो रहे हैं। इससे विदेशी पर्यटन भी देश में तेजी से वृद्धि दर्ज कर रहा है। हाल ही के समय में भारत के नागरिकों में 'स्व' का भाव विकसित होने के चलते देश में धार्मिक पर्यटन बहुत तेज गति से बढ़ा है।

अयोध्या धार्मिक पर्यटन का हब बनाने जा रहा है तथा अब अयोध्या दुनिया का सबसे बड़ा तीर्थ क्षेत्र बन जाएगा। 'जेफरीज' के अनुसार अयोध्या में प्रति वर्ष 5 करोड़ से अधिक पर्यटक आ सकते हैं। यह तो केवल अयोध्या की कहानी है इसके साथ ही तिरुपति बालाजी, काशी विनाथ मंदिर, उज्जैन में महाकाल लोक, जम्मू स्थित वैष्णो देवी मंदिर, उत्तराखंड में केदारनाथ, बदरीनाथ, गंगोत्री एवं यमनोत्री जैसे कई मंदिरों में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ रही है।

भारत में धार्मिक पर्यटन में आई जबरदस्त तेजी के बदौलत रोजगार के लाखों नए अवसर निर्मित हो रहे हैं, जो देश के आर्थिक विकास को गति देने में सहायक हो रहे हैं। विश्व के कई अन्य देश भी धार्मिक पर्यटन के माध्यम से अपनी अर्थव्यवस्थाएं सफलतापूर्वक मजबूत कर रहे हैं। सऊदी अरब



धार्मिक पर्यटन से प्रति वर्ष 22,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर अर्जित करता है। सऊदी अरब इस आय को आगे आने वाले समय में 35,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर तक ले जाना चाहता है। मक्का में प्रतिवर्ष 2 करोड़ लोग पहुंचते हैं, जबकि मक्का में गैर मुस्लिम के पहुंचने पर पाबंदी है। इसी प्रकार, वेटिकन सिटी में प्रतिवर्ष 90 लाख लोग पहुंचते हैं। इस धार्मिक पर्यटन से अकेले वेटीकन सिटी को प्रतिवर्ष लगभग 32 करोड़ अमेरिकी डॉलर की आय होती है, और अकेले मक्का शहर को 12,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर की आमदनी होती है।

एक अनुमान के अनुसार, प्रत्येक पर्यटक लगभग 6 लोगों को प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से रोजगार उपलब्ध कराता है। इस संख्या के हिसाब से तो लाखों नये रोजगार के अवसर अयोध्या में उत्पन्न होने जा रहे हैं। अयोध्या के आसपास विकास का एक नया दौर शुरू होने जा रहा है। यह कहना भी अतिशयोक्ति नहीं होगा कि अब अयोध्या के रूप में वेटिकन एवं मक्का का जवाब भारत में खड़ा होने जा रहा है। धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत सरकार ने भी धरातल पर बहुत कार्य सम्पन्न किया है। साथ ही, अब इसके अंतर्गत एक रामायण सर्किट रूट को भी विकसित किया जा रहा है। इस रूट पर विशेष रेलगाड़ियां भी चलाए जाने की योजना बनाई गई है। केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों द्वारा पर्यटन की गति को तेज करने के उद्देश्य से किए जा रहे उक्तवर्णित उपायों के चलते अब भारतीय पर्यटन उद्योग तेज गति से आगे बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। भारतीय पर्यटन उद्योग ने वर्ष 2024 में 2,247 करोड़ अमेरिकी डॉलर का आकार ले लिया है।

वर्ष 2033 तक इसके 3,812 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर तक पहुंचने की सम्भावना है। एक अनुमान के अनुसार, वर्ष 2034 तक भारत के सकल घरेलू उत्पाद में पर्यटन उद्योग का योगदान बढ़कर 43.25 लाख करोड़ रुपये का हो जाने वाला है। भारत के हवाईअड्डों पर भारी भीड़ अब आम बात हो गई है एवं हेरिटेज स्थलों पर विदेशी पर्यटकों की भारी भीड़ दिखाई देने लगी है। भारत में यात्रा एवं पर्यटन उद्योग 8 करोड़ लोगों को प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से रोजगार प्रदान कर रहा है एवं देश के कुल रोजगार में पर्यटन उद्योग की 12 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। भारत में प्राचीन समय से धार्मिक स्थलों की यात्रा, पर्यटन उद्योग में, एक विशेष स्थान रखती है।

एक अनुमान के अनुसार, देश के पर्यटन में धार्मिक यात्राओं की हिस्सेदारी 60 से 70 प्रतिशत के बीच रहती है। देश के पर्यटन उद्योग में लगभग 19 प्रतिशत की वृद्धि दर अर्जित की जा रही है जबकि वैश्विक स्तर पर पर्यटन उद्योग केवल 5 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज कर रहा है। आज करोड़ों की संख्या में भारतीय, विदेशों में रह रहे हैं। यदि प्रत्येक भारतीय यह पण्रकरे कि प्रतिवर्ष कम-से-कम 5 विदेशी पर्यटकों को भारत भ्रमण के लिए प्रेरणा देगा तो एक अनुमान के अनुसार विदेशी पर्यटकों की संख्या को एक वर्ष के अंदर ही दोगुना किया जा सकता है। भारत में पर्यटन उद्योग को आगे बढ़ाने के लिए कई वर्षो से लगातार प्रयास किए जाते रहे हैं, परंतु इस क्षेत्र में वृद्धि दर कम ही रही है क्योंकि भारत में पर्यटन का दायरा केवल ताजमहल, कश्मीर एवं गोवा आदि स्थलों तक ही सीमित रहा है, परंतु हाल ही के वर्षो में धार्मिक क्षेत्रों यथा, अयोध्या, वाराणसी, मथुरा, उज्जैन, हरिद्वार, उत्तराखंड में चार धाम (केदारधाम, बद्रीधाम, गंगोत्री एवं यमुनोत्री), माता वैष्णोदेवी एवं दक्षिण भारत स्थित विभिन्न मंदिरों सहित, बौद्ध धर्म, जैन धर्म एवं सिक्ख धर्म के कई पूजा स्थलों पर मूलभूत सुविधाओं का विस्तार कर इन्हें आपस में जोड़कर पर्यटन सर्किट विकसित किए गए हैं। इससे भारत में धार्मिक पर्यटन बहुत तेज गति से आगे बढ़ा है।

विभिन्न देशों से भी अब पर्यटक इन नये विकसित किए गए धार्मिक स्थलों पर भारी मात्रा में पहुंच रहे हैं। योग एवं आयुर्वेद भी हाल ही के समय में विदेशों में काफी लोकप्रिय हो गया है अतः इसकी खोज के लिए विदेशों से कई पर्यटक भारत में धार्मिक पर्यटन करने के प्रति आकर्षित हो रहे हैं। इससे विदेशी पर्यटन भी देश में तेजी से वृद्धि दर्ज कर रहा है। हाल ही के समय में भारत के नागरिकों में 'स्व' का भाव विकसित होने के चलते देश में धार्मिक पर्यटन बहुत तेज गति से बढ़ा है। अयोध्या धार्मिक पर्यटन का हब बनाने जा रहा है तथा अब अयोध्या दुनिया का सबसे बड़ा तीर्थ क्षेत्र बन जाएगा। 'जेफरीज' के अनुसार अयोध्या में प्रति वर्ष 5 करोड़ से अधिक पर्यटक आ सकते हैं। यह तो केवल अयोध्या की कहानी है इसके साथ ही तिरुपति बालाजी, काशी विनाथ मंदिर, उज्जैन में महाकाल लोक, जम्मू स्थित वैष्णो देवी मंदिर, उत्तराखंड में केदारनाथ, बदरीनाथ, गंगोत्री एवं यमनोत्री जैसे कई मंदिरों में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ रही है। भारत में धार्मिक पर्यटन में आई जबरदस्त तेजी के बदौलत रोजगार के लाखों नए अवसर निर्मित हो रहे हैं, जो देश के आर्थिक विकास को गति देने में सहायक हो रहे हैं। विश्व के कई अन्य देश भी धार्मिक पर्यटन के माध्यम से अपनी अर्थव्यवस्थाएं सफलतापूर्वक मजबूत कर रहे हैं। सऊदी अरब धार्मिक पर्यटन से प्रति वर्ष 22,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर अर्जित करता है। सऊदी अरब इस आय को आगे आने वाले समय में 35,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर तक ले जाना चाहता है। मक्का में प्रतिवर्ष 2 करोड़ लोग पहुंचते हैं, जबकि मक्का में गैर मुस्लिम के पहुंचने पर पाबंदी है।

## विचार सरिता

# पत्र: हे सैनिक! आप राखी के दिन अपनी कलाई पर मेरी भेजी हुई राखी बाँध लेना

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**




हे भारत के वीर सैनिक। आप पर देश के करोड़ों-अरबों नागरिकों को गर्व है। जब देश की जनता अपने घरों में सुख-चैन की नींद सोती है, तब आप जाग रहे होते हैं और देश की सीमाओं की रक्षा करते हैं। समुद्री और हवाई सीमा भी आपकी चौकस निगाहों और मुस्तैदी के कारण सुरक्षित है। समुद्र की गहराई में सैकड़ों मीटर नीचे पनडुब्बी हो या बादलों के उपर युद्धक विमानों के जरिए निगरानी हो, हर कहीं आप अपनी कर्तव्यनिष्ठा से माँ भारती के सम्मान की रक्षा करते हैं। रात के समय शत्रु राष्ट्र की किसी भी घुसपैठ को नाकाम करने के लिए विभिन्न राडारों और हमारे देश के सीमावर्ती वायु सेना केंद्र की रक्षा प्रणालियों में एक विशेष नेत्र की भूमिका निभाना आसान कार्य नहीं है। ऐसे समय में जब पृथ्वी के कई किलोमीटर ऊपर शत्रुओं के जासूसी उपग्रह सक्रिय हैं, उन नापाक निगाहों से देश को बचाने की जिम्मेदारी भी आप ही उठाते हैं।

आपने अपने कैरियर के रूप में मातृभूमि की रक्षा और देश सेवा का विकल्प चुना है। एक ऐसी सेवा जिसमें चौबीसों घंटे अलर्ट मोड है। जिसमें तोप और बंदूकें ही आपकी साथी हैं। जहाँ घात लगाकर किए गए किसी बुजदिल आतंकवादी के हमले के का शिकार होने का भय है। जहाँ किसी सशस्त्र अभियान में शत्रुओं की गोली को सीने पर झेलने की चौबीसों घंटे हालत है। सियाचिन जैसे बर्फीले क्षेत्र में, जहाँ जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है, वहाँ 21000 फीट की ऊँचाई पर माइनस 50 डिग्री सेल्सियस तापमान में आप शत्रुओं के साथ-साथ जीवन की एक-एक साँस के लिए बहादुरी से दो-दो मोर्चों पर लड़ते हैं।

युद्ध और विशेष ऑपरेशन के समय आप सिर पर कफन बाँधकर माँ भारती की हिफाजत करने के लिए शत्रुओं की गोलियों का मुँह-तोड़ जवाब देते हैं। आपकी ड्यूटी असाधारण है। कई बार परिस्थितियाँ ऐसी बनती हैं कि आपको छुट्टी नहीं मिल पाती और आप पिता को उनकी मृत्यु के बाद मुखाग्नि देने के लिए हजारों किलोमीटर दूर अपने घर नहीं पहुँच पाते हैं। बिस्तर पर अपने जीवन की अंतिम साँसे गिन रही रुग्ण माँ का इलाज नहीं करा पाते हैं। आपकी पुत्री के जन्म दिन पर आप केक काटने के लिए उपस्थित नहीं रह पाते हैं। जब आप कभी लंबी छुट्टी में बहन की शादी के अवसर पर घर में उपस्थित रहकर एक भाई की भूमिका निभा रहे होते हैं तो अचानक किसी गुप्त सैन्य अभियान में सहभागिता के लिए अपनी छुट्टी रद्द कर आपको वापस लौट जाना पड़ता है।

हे वीर सैनिक! अभी राखी का त्योहार पास है। आप उस दिन भी सरहद पर रहेंगे और अपनी दूरबीन से शत्रुओं की सीमा चौकी पर नज़र रख रहे होंगे। मैंने आपके लिए अपने हाथों से राखी बनाई है। उसे राखी के दिन अपनी कलाई पर बँधवा लेना। रक्षा सूत्र के सबसे बड़े हकदार आप ही हैं।

ढेर सारा प्रेम....
आपकी
एक भारतवासी
नागरिक बहन






## सामयिक चर्चा

### भ्रष्टाचार का कारण और खुशी की खबर

करीब-करीब रोज
भ्रष्टाचार की
एक से एक खबर पढ़कर,
गंभीर होकर,
बानी बोले - ''गजाधर!
मैं सोचता हूँ भाई!
कि भ्रष्टाचार का
सबसे बड़ा कारण है
आदमी के भीतर बैठा हुआ
उसका लालच का भाव!''
गजाधर मुस्कराए, बोले -
''और बानी! दूसरा बड़ा कारण है
लालची भ्रष्टाचारियों को
बचाने के लिए
नेताओं का राजनीतिक दबाव।''
गृहस्थ गिरधारी बोले -
भ्रष्टाचार का कारण
तो समझ में आ गया
मुझे एकदम भा गया!
अब कोई ऐसी खबर सुनाओं बानी!
कि हमारा परेशान मन,
खुशी से झूम उठे
और फिर हमारा तन
अपने आप नाचने लग जाएगा।
बानी ने कहा - गिरधारी!
अब नल में दोनों
टाइम पानी आएगा।''



गिरीश बख्शी

## कविता

### अश्क की बारिश


रात और दिन बीत नहीं रहा,
अश्क़ की बारिश थम नहीं रही।
ये कैसी बेरुखी है मन की,
अश्क़ की बारिश थम नहीं रही।
उनकी राह मे गुजर न रहे लम्हें,
अश्क़ की बारिश थम नहीं रही।
बेबसी में जीना हमने सीख लिया,
अश्क़ की बारिश थम नहीं रही।
जब्त ए अश्क़ हमें नहीं आया।
वरना अश्क़ की बारिश हम थाम लेते।

- गजेन्द्र बख्शी
रिद्धि सिद्धि कालोनी, राजनांदगांव







## राशिफल



**मेष** — आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज आपको बिजनेस में बड़ा लाभ होगा, खासकर जिनका इलेक्ट्रॉनिक बिजनेस है। इस राशि के लेखकों को किसी संस्था के द्वारा सम्मानित किया जा सकता है। जीवन साथी के साथ किसी विशेष बात को लेकर चर्चा हो सकती है, जो आपके कंफ्यूजन को दूर करेगी।




**वृष राशि** — आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आप परिवार के साथ टाइम स्पेंड करेंगे जिससे घर का वातावरण खुशनुमा बना रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स को ज्यादा मेहनत करने की जरूरत है। आज आप किसी काम को नए सिरे से शुरू करने के बारे में विचार कर सकते हैं। आपके कार्य समय से पूरे होते चले जायेंगे।



**मिथुन** — आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज आप कार्यस्थल पर कुछ बदलाव कर सकते हैं, इससे आपको फायदा होगा। परिवार में सब कुछ अच्छा बना रहेगा, आप उनके साथ कहीं घूमने की प्लानिंग कर सकते है। प्राइवेट ऑफिस में कार्यरत व्यक्तियों को उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे, आप कोई भी अवसर हाथ से ना जाने दें।



**कर्क** — आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहेगा। आज आपको व्यापार में बड़ा आर्डर मिल सकता है, आप इस अवसर का लाभ अवश्य उठाएं। आज आप परिवार की उलझनों को सुलझाने में किसी रिश्तेदार की मदद लें सकते है। आज छात्रों के लिए दिन ठीक है, पढ़ाई में आ रही बाधाएं किसी की मदद से दूर हो सकती है।




**सिंह** — आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज सोने-चाँदी के व्यापारियों को बढ़िया लाभ होगा, घर में सुखङ्कसुविधा की बढ़ोतरी होगी। आज आप खुद को रिलैक्स फील करेंगे और घर का माहौल बेहतर बना रहेगा। अगर आप स्टूडेंट हैं और किसी विषय के लिये ट्यूशन क्लासेस लेना चाहते हैं, तो आज से शुरू कर सकते हैं।



**कन्या** — आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज दिन की शुरुआत आप किसी अच्छी आदत के साथ करेंगे, ये आपकी हेल्थ के लिए फायेदेमंद रहेगी। आज रोजमर्रा के काम पूरे हो सकते हैं, आस-पास के व्यक्ति आपके व्यवहार की तारीफ करेंगे। आज आप कोई महत्वपूर्ण काम समय से पहले निपटा लेंगे, सीनियर आपके काम की तारीफ करेंगे।



**तुला** — आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपको व्यापार में अचानक बड़ा धन लाभ होगा, आपके व्यावसायिक रिश्ते मजबूत बनेंगे। अगर आप नौकरी कर रहे हैं, तो अचानक से आपको किसी काम के लिए बाहर भेजा जा सकता है। आज आपको थोड़ी ज्यादा मेहनत करनी पड़ सकती है।




**वृश्चिक** — आज का दिन जीवन में एक नई खुशी का संकेत लायेगा। आज रोजगार में आपको नई ऊंचाइयों को छूने का अवसर प्राप्त होगा। आज रिश्तों और काम के बीच तालमेल बना रहेगा। आज आप आर्थिक रूप से स्ट्रांग रहेंगे, इंजीनियर्स को आज बड़ा फायदा होगा। आज बच्चों के साथ शॉपिंग करने मॉल जा सकते हैं।




**धनु** — आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आज ऑफिस में आपको सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा और आपका काम समय पर पूरा होगा। आपके सकारात्मक विचार किसी व्यक्ति को प्रभावित कर सकते हैं। आज आपकी मदद दूसरों के लिये फायदेमंद रहेगी। अपने कठिन विषयों को समझने के लिये किसी की मदद लेंगे।



**मकर** — आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज व्यापारिक दृष्टि से लाभ होगा, लेकिन आप अपने क्लाइंट के साथ अच्छे सम्बन्ध बनाकर रखें। किसी काम में माता-पिता की सलाह फायदेमंद साबित होगी। इस राशि के स्पोर्ट्स से जुड़े लोग किसी नई एक्टिविटी में भाग ले सकते हैं। आज आप अपने करियर के बारे में सोच-विचार करेंगे।



**कुंभ** — आज का दिन आपके लिए बेहतर रहेगा। आज ऑफिस में आपको कुछ ऐसा काम दिया जायेगा, जिसे आप आसानी से पूरा कर लेंगे। आज आपसे किसी मामले में एक्सपर्ट के तौर पर सलाह ली जा सकती है। इस राशि के बिजनेसमैन को काम में कुछ नए अनुभव मिलेंगे और काम भी बेहतर ढंग से चलेगा।



**मीन** — आज का दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आज कुछ मामलों में आप घर के बड़ों की सहायता ले सकते हैं। इस राशि के बच्चे किसी ड्राइंग कॉम्पिटिशन में भाग ले सकते हैं। आज लम्बे समय बाद किसी पुराने दोस्त से मुलाकात होगी, जिससे मिलकर आपकी पुरानी यादें तरोताजा होगी।

# जिला पर्यटन समिति की बैठक संपन्न : इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, बैतालरानी, छिंदारी बांध) और मंडीप खोल गुफा होगा विकसित

खैरागढ़ (दावा)। खैरागढ़-छुईखदान-गडई जिले को पर्यटन की दृष्टि से सशक्त और आकर्षक बनाने के उद्देश्य से आज जिला स्तरीय पर्यटन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में पूर्व बैठक की कार्यवाही की समीक्षा की गई और जिले के आठ प्रमुख पर्यटन स्थलों को पहले चरण में विकसित करने का निर्णय लिया गया।

इन स्थलों में इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय (खैरागढ़), माँ भवानी मंदिर करेला, प्राचीन शिव मंदिर गण्डई, मंडीप खोल लावातरा, रानी रश्मिदेवी जलाशय (छिन्दारी बांध), नर्मदा कुण्ड, सुरही जलाशय (पैलीमेटा बांध) और बैताल रानी घाट शामिल हैं। इन स्थलों के विकास के लिए विस्तृत कार्ययोजना बनाकर क्रियान्वयन की जिम्मेदारी संबंधित स्थानीय निकायों को सौंपी गई है। इसके साथ ही अनुविभागीय अधिकारी (रा.) की अध्यक्षता में स्थलवार योजना निर्माण हेतु समिति गठित करने का निर्णय लिया गया। प्रत्येक स्थल के लिए सुगम पहुंच मार्ग, साइन बोर्ड, प्रकाश व्यवस्था, ठहरने की सुविधा, सेल्फी प्वाइंट, पर्यावरण अनुकूल






निर्माण और धार्मिक आयोजनों की व्यवस्थाओं को शामिल करते हुए पर्यटन सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। इसके साथ ही स्थानीय लोगों को रोजगार से जोड़ने की दिशा में भी ठोस पहल की जाएगी। बैठक में यह भी तय किया गया कि जिले के सभी प्रमुख पर्यटन स्थलों की विस्तृत जानकारी और चित्रों के साथ एक पुस्तिका प्रकाशित की जाएगी, जिसका लिंक और क्यूआर कोड जिले की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा। साथ ही एक जिला पर्यटन मैप भी तैयार किया जाएगा।

**० पर्यटन विकास के लिए बनाई गई कार्ययोजना, जिले के 8 प्रमुख स्थलों को मिलेगा नया स्वरूप**
**0 स्थानीय रोजगार, अधोसंरचना और प्रचार-प्रसार पर रहेगा विशेष फोकस**

### पर्यटन के प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देने के लिए स्कूल-कॉलेजों में जागरूकता कार्यक्रम

स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षण, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स को आमंत्रित करने और फिल्मों तथा वैवाहिक आयोजनों के लिए उपयुक्त स्थलों का चयन कर शूटिंग डेस्टिनेशन के रूप में पहचान विकसित करने की रणनीति भी बैठक में बनाई गई। इसके अतिरिक्त भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए पर्यटन स्थलों के आसपास भूमि आरक्षित कर 'लैंड बैंक' तैयार किया जाएगा। गण्डई एवं साल्हेवारा के अतिथिगृहों को अपग्रेड करने और जिला पर्यटन स्थलों की प्रचार सामग्री जैसे पोस्टर, ब्रोशर, बुकलेट आदि तैयार कर विभिन्न विभागों एवं प्रतिष्ठानों में वितरित किए जाएंगे।

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने बैठक के दौरान कहा कि जिले की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत को संरक्षित रखते हुए पर्यटन की संभावनाओं का सतत विकास आवश्यक है। इस दिशा में सभी विभाग आपसी समन्वय से ठोस कार्रवाई सुनिश्चित करें ताकि जिले को पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान मिल सके। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं प्रभारी पर्यटन अधिकारी प्रेम कुमार पटेल, अपर कलेक्टर सुरेंद्र कुमार ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर सुमन राज, नगर पालिका अध्यक्ष खैरागढ़ गिरजा चंद्राकर, पर्यटन अधिकारी आरती सहारे सहित सभी संबंधित सदस्यगण एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।

## जोंधरा में स्वच्छता अभियान की उड़ रही धज्जियां, ग्रामीण मूलभूत सुविधाओं से परेशान

**राजेश मेश्राम**



जोंधरा (दावा)। प्रधानमंत्री मोदी के सपनों को धता बताते हुए छुरिया विकासखंड की आश्रित ग्राम पंचायत जोंधरा में स्वच्छता अभियान की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। यहां बिना किसी पूर्व योजना के बेशुमार आबादी भूमि का बंदरबांट किया जा रहा है। वहीं गांव की प्रत्येक गलियां कीचड़ और पानी निकासी के अभाव के चलते पानी से भरी हुई हैं। बारिश में कुछ गलियां तो ऐसी भी हैं, जहां पैदल चल पाना भी मुश्किल हो रहा है।

सफाई कर्मचारी महिला समूह को विगत आठ माह से पारिश्रमिक नहीं मिलने के कारण उन्होंने अपना काम बंद कर दिया है। स्वच्छता का हाल इतना बुरा है कि पंचायत भवन के ठीक सामने ही लावारिस पड़ी गिट्टी विगत कई महीनों से ज्यों की त्यों पड़ी हुई है। वहीं वार्ड नं. 7 के ग्रामीणों ने बताया कि बारिश होने पर घरों में भी घुटनों तक पानी भर जाता है। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों को आबादी भूमि इसी वार्ड नं. 7 में दी गई है, लेकिन आबादी भूमि का आबंटन तो कर दिया जाता है पर नाली निर्माण और मकान की बनावट कैसे और किस तरह होगी। यह तय नहीं किया जाता है। वार्ड नंबर 7 के ग्रामीणों ने यह भी बताया कि इस वार्ड में जो भी नाली का निर्माण पिछले पंचवर्षीय में करवाया गया है, वह पूरी तरह औचित्यहीन है। निर्मित नाली में वार्ड का पानी जाता ही नहीं है, जल भराव कहीं और है और नाली कहीं और।

### शौचालय बने, पर इस्तेमाल का निरीक्षण नहीं

स्वच्छता अभियान के चलते प्रत्येक घरों में शौचालय का निर्माण तो कर दिया गया है, पर कितने घरों में उसका इस्तेमाल होता है, इसका कोई निरीक्षण अब तक न तो जनपद पंचायत की तरफ से और न ही पंचायत की तरफ से कभी किया गया है।

### नल-जल योजना का फ्लॉप शो

ग्राम जोंधरा में नल-जल योजना पिछले 5 सालों से ठप्प पड़ी हुई है, जहां आज भी पानी टंकी निर्माणाधीन है। वहीं, पंचायत की ओर से पूर्व से ही संचालित नल-जल योजना भी लकवाग्रस्त हो चुकी है। घरों के कनेक्शन पहले ही काट दिए गए हैं और अब चौक-चौराहों पर भी नल-जल के माध्यम से पानी नहीं पहुंच रहा है। इससे ग्रामीण स्वच्छता का अंदाजा स्वतः ही लगाया जा सकता है।

### सफाईकर्मी महिला समूह ने काम किया बंद

ग्राम पंचायत जोंधरा में सफाईकर्मी महिला समूह ने पारिश्रमिक नहीं मिलने से नाराज होकर पिछले दो-तीन महीने से काम करना बंद कर दिया है। समूह की महिलाओं ने प्रतिनिधि को बताया कि उन्हें पिछले आठ माह से मासिक पारिश्रमिक 3000 रुपये के हिसाब से नहीं दिया गया है।

ग्राम पंचायत की सरपंच वंदिता उके ने प्रतिनिधि से मुलाकात में बताया कि वह चार्ज लेने के पश्चात् जो भी काम हुआ है, उसका भुगतान करेंगी। पर उन्होंने कहा कि वह पिछला कोई भी भुगतान नहीं करेगी। जिसकी जानकारी उन्हें नहीं है और न ही उन्हें चार्ज में मिला है।


> ग्राम पंचायत में जो भी समस्याएं हैं, पहले से बनी हुई है। गलियों में ना तो पानी निकासी के लिए नाली है और ना ही गलियों में डीपीसी की सड़कें। मुझे जो चुनौतियां मिली हुई उसे शीघ्र ही ग्रामीणों के संग मिलकर दूर करने की कोशिश करूंगी।
> **- वंदिता उके, सरपंच**

## पहला कॉलम...

### डोंगरगढ़ के छीरपानी में 7 को होगा 108 पार्थिव शिवलिंग रुद्राभिषेक

डोंगरगढ़ (दावा)। धर्मनगरी डोंगरगढ़ में मां बम्लेश्वरी की पावन धरा, छीरपानी प्रांगण में हर साल की तरह इस साल भी श्रावण मास के पावन अवसर पर विशेष रुद्राभिषेक का आयोजन किया जा रहा है। 7 अगस्त गुरुवार को छीरपानी प्रांगण में 108 पार्थिव शिवलिंग रुद्राभिषेक पूजा-अर्चना का कार्यक्रम रखा गया है। यह पूजा गृह दोष, कालसर्प दोष, निवारण दोष, गृह क्लेश, विवाह बाधा और अन्य सभी कष्टों के निवारण हेतु की जाएगी। इस विशेष पूजा अनुष्ठान का मार्गदर्शन भागवताचार्य रामखिलावन दुबे और प्रवचनकर्ता आचार्य पंडित तरुण शास्त्री (नांगताराई वाले) करेंगे। आयोजन समिति के सदस्यों ने अंचल के सभी धर्मानुरागी भाई-बहनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस पुण्य अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

### डोंगरगढ़ के बौद्ध अनुयाई आज राजनांदगांव में प्रदेश स्तरीय रैली में लेंगे भाग



डोंगरगढ़ (दावा)। महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन के तहत डोंगरगढ़ के बौद्ध अनुयाई आज (31 जुलाई गुरुवार) राजनांदगांव में आयोजित प्रदेश स्तरीय रैली में बड़ी संख्या में शामिल होंगे। यह रैली सुबह 11 बजे से शुरू होगी। ऑल इंडिया बुद्धिस्ट फोरम भारत के राष्ट्रीय सलाहकार एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी भिक्खु धम्मतप जी के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ में 1 जुलाई से 31 जुलाई तक राज्य स्तरीय महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन का धरना प्रदर्शन अनवरत चल रहा है। यह प्रदर्शन प्रतिदिन सुबह 6 से शाम 5 बजे तक कलेक्टर परिसर में आयोजित किया जा रहा है। जहां प्रदर्शन के दौरान मैत्री भोज की व्यवस्था भी की गई है।

### खैरागढ़ रोड पर दर्दनाक हादसा : तेज रफ्तार बाइक पेड़ से टकराई, दो युवकों की मौत

राजनांदगांव (दवा)। खैरागढ़ रोड पर सिंगारपुर गांव के पास एक भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। यह दर्दनाक घटना रविवार रात को हुई जब एक तेज रफ्तार बाइक सड़क किनारे लगे पेड़ से टकरा गई।

#### घटना का विवरण

मिली जानकारी के अनुसार जोगीदल्ली निवासी 26 वर्षीय डुलेश यादव पिता कृष्णा यादव, 27 वर्षीय चुम्बन लाल पिता भीखम निर्मलकर और नूतन वर्मा एक बाइक पर सवार होकर ठेलकाडीह गए थे। तीनों ने वहां रात का खाना खाया और उसके बाद अपनी बाइक पर वापस अपने गांव जोगीदल्ली लौट रहे थे।

रात करीब 9:30 बजे सिंगारपुर के पास एक मोड़ पर बाइक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे लगे पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना के परिणाम स्वरूप डुलेश यादव और चुम्बन लाल मोड़ पर लगाए गए सुरक्षा घेरे से टकराकर दूसरी ओर गिर गए। उन्हें गंभीर चोटें आई है। जिसके कारण दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं नूतन वर्मा बुरी तरह घायल हो गए। जिन्हें तत्काल खैरागढ़ स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दोनों मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### डोंगरगढ़ में 17 को मनाया जाएगा गोविंदा उत्सव

डोंगरगढ़ (दावा)। शहर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी और गोविंदा उत्सव को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। हाल ही में गट्टानी भवन में महंत शाकेत बिहारी दास के सानिध्य में गोविंदा उत्सव कमेटी की बैठक संपन्न हुई। जिसमें पिछली बार की तरह ही धूमधाम से गोविंदा उत्सव मनाने का फैसला लिया गया। मथुरा, वृन्दावन और डोंगरगढ़ मंदिर के संचालकों व पुजारियों से मिली जानकारी के अनुसार 16 अगस्त शनिवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मनाया जाएगा। इसी के चलते डोंगरगढ़ में जन्माष्टमी के दूसरे दिन यानी 17 अगस्त रविवार को श्री गोविंदा उत्सव का आयोजन किया जाएगा। अनिल कुमार गट्टानी की अध्यक्षता में यह उत्सव पिछली बार की तरह ही पारंपरिक धार्मिक और सांस्कृतिक भावनाओं का ध्यान रखते हुए धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया है।

बैठक में समिति के सदस्य विश्वनाथ यादव, शरद अग्रवाल, किशोर साखरे, जितेंद्र भाटिया (बब्बू), रामजी तराने, चेतन अग्रवाल, छेदुलाल अग्रवाल, राहुल यादव और बबलू शांडित्य उपस्थित थे। गोविंदा उत्सव समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार गट्टानी ने सभी धर्मप्रेमी सज्जनों, नागरिकों और आम जनता से डोंगरगढ़ के इस धार्मिक उत्सव में बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## धर्म नगरी डोंगरगढ़ में उज्जैन की तर्ज पर निकाली गई बाबा महाकाल की पालकी



डोंगरगढ़ (दावा)। श्री महाकाल भक्त समिति द्वारा हर साल की तरह इस साल भी श्रावण माह के तीसरे सावन सोमवार को बाबा महाकाल की चंद्रमौलेश्वर स्वरूप पालकी यात्रा निकाली गई। 'हर हर महादेव' के नारों से पूरा नगर गूंज उठा और नगरवासी शिव भक्ति में लीन हो गए। यह पालकी यात्रा का तीसरा वर्ष था। पंचधातु से बनी चंद्रमौलेश्वर बाबा की यह प्रतिमा पिछले वर्ष उज्जैन से लाकर तारण पिपलेश्वर महादेव मंदिर, थाना चौक में स्थापित की गई थी। इस साल नगरवासियों में एक अलग ही उत्साह और उमंग देखने को मिला। पालकी में सवार बाबा का आशीर्वाद पाकर सभी भक्त आनंदित हुए। यह यात्रा तारण पिपलेश्वर महादेव मंदिर से शुरू होकर नर्मदेश्वर महादेव मंदिर (रविदास नगर), ठेठवार पारा, डिप्रा पारा, पशुपति नाथ मंदिर (ब्राह्मण पारा), कचहरी चौक, हाईस्कूल चौक, सब्जी मंडी, गोल बाजार, जय स्तंभ चौक, रेलवे चौक, केदार नाथ मंदिर, बुधवारी पारा, भगत सिंह चौक होते हुए वापस तारण पिपलेश्वर महादेव मंदिर में समाप्त हुई। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समिति के कुश मालेकर ने सभी नगरवासियों का आभार व्यक्त किया। समिति के सदस्यों ने भी इसमें अहम भूमिका निभाई, जिनमें प्रमुख रूप से आशुतोष यादव, दीपांशु भारद्वाज, महेंद्र यादव, अंकित सेन, गोविंदा देवांगन, भूपेंद्र यादव, पुष्पेंद्र तिवारी, गौरव यादव, मनीष निषाद, रणजीत यादव, लक्ष्मी नारायण, मनीष चंद्रवंशी, सौरभ सिन्हा, पंकज सोनी, आकाश यादव, जय यादव, आकाश कावड़े, विक्की यादव, गगन भागमारे, प्रियांशु महोबिया, रोनित श्रीवास्तव, प्रेम ढीमर, ओम सेन, शिवम यादव, तेजस शांडिल्य, गोविंद यादव, आर्यन नामदेव और अन्य सदस्य मौजूद रहे। विश्व हिंदू परिषद, शक्ति वाहिनी, श्री रघुनंदन भक्त समिति, महोबिया परिवार और अन्य संगठनों ने भी पालकी का स्वागत कर प्रसादी वितरण किया। समिति ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि आने वाले चतुर्थ श्रावण सोमवार को तारण पिपलेश्वर महादेव मंदिर में आयोजित महा आरती एवं प्रसादी में बड़ी संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ प्राप्त करें।

### सुशासन तिहार : मुरमुंदा में 30 जुलाई को लगेगा विशेष शिविर

राजनांदगांव (दावा)। सुशासन तिहार 2025 के तहत प्राप्त आवेदनों और विभिन्न विषयों के निराकरण की जानकारी देने के लिए 30 जुलाई को ग्राम मुरमुंदा में एक क्लस्टर स्तरीय विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर उन लोगों के लिए महत्वपूर्ण होगा। जिन्होंने सुशासन तिहार के दौरान अपनी शिकायतें या आवेदन जमा किए थे। शिविर में संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहेंगे और उन्हें निर्धारित समय से पहले उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। इसका उद्देश्य आवेदकों को उनके मामलों की अद्यतन स्थिति और समाधान के बारे में सीधे जानकारी प्रदान करना है।

## भाजपा के वरिष्ठ नेता के बिगड़े बोल, सांसद संतोष पांडे की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल





डोंगरगढ़ (दावा)। राजनांदगांव जिले में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के भीतर से ही सांसद संतोष पांडे की कार्यप्रणाली को लेकर असंतोष उभरकर सामने आया है। डोंगरगढ़ के ग्राम पंचायत बेलगांव के पूर्व सरपंच और बीजेपी के वरिष्ठ नेता छबील राम साहू ने सांसद पांडे पर ग्रामीण क्षेत्रों की उपेक्षा करने का गंभीर आरोप लगाया है।


प्रिंट मीडिया में प्रकाशित एक समाचार के अनुसार छबील राम साहू ने कहा कि सांसद संतोष पांडे की 'रोशनी सिर्फ शहरों तक सीमित है।' उन्होंने तुलना करते हुए कहा कि जिस तरह सूरज की रोशनी गांवों तक पहुंचती है, उसी तरह सांसद को भी ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं पर ध्यान देना चाहिए। साहू ने इस बात पर जोर दिया कि ग्रामीण कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सांसद को जिताने के लिए कड़ी मेहनत की थी। इस उम्मीद के साथ कि वे ग्रामीण इलाकों की मूलभूत समस्याओं का समाधान करेंगे। श्री साहू के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों के कार्यकर्ता लगातार सांसद को भूमिपूजन और लोकार्पण जैसे कार्यक्रमों में आमंत्रित करते हैं, ताकि वे गांवों की प्रमुख समस्याओं को उनके सामने रख सकें। हालांकि, सांसद द्वारा केवल आश्वासन ही दिए जाते हैं और एक से डेढ़ साल बीत जाने के बाद भी उन आश्वासनों पर कोई अमल नहीं होता। इससे कार्यकर्ताओं को विपक्ष का ताना सुनना पड़ता है और उनका मनोबल कमजोर होता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्यकर्ता केवल ग्रामीण क्षेत्रों की मूलभूत समस्याओं के निदान की अपेक्षा करते हैं।

**0 ग्रामीण क्षेत्र की समस्या का निदान करें सांसद, हो रही उपेक्षा - छबील साहू, पूर्व सरपंच**
**0 स्थानीय भाजपा संगठन की ओर से जिला संगठन रिपोर्ट को भेजी गई, अब देखना है अनुशासनहीनता को लेकर क्या कार्रवाई होती है**

इस पूरे मामले को लेकर स्थानीय बीजेपी संगठन ने जिला संगठन को एक रिपोर्ट भेजी है। अब देखना यह है कि इस अनुशासनहीनता को लेकर पार्टी क्या कार्रवाई करती है। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब बीजेपी आगामी चुनावों की तैयारियों में जुटी है, और ऐसे में पार्टी के भीतर से उठ रही यह आवाजें संगठन के लिए चिंता का विषय बन सकती हैं।

## आवारा कुत्तों का आतंक : खैरागढ़ में बछड़े को नोचकर खाया, दूसरा घायल





खैरागढ़/जालबांधा (दावा)। खैरागढ़ ब्लॉक के जालबांधा बाजार चौक में आवारा कुत्तों के आतंक से स्थानीय लोग और मवेशी दोनों ही परेशान हैं। सोमवार सुबह कुत्तों के एक झुंड ने दो बछड़ों पर हमला कर दिया, जिसमें एक बछड़े को जिंदा नोच-नोचकर खा लिया गया। जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके पैर में गहरे जख्म आए हैं। इस घटना से पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

**गौशालाओं में नहीं मिल रही जगह, आवारा पशुओं से किसानों की फसलें बर्बाद**

### आवारा पशुओं से ग्रामीण परेशान

प्रत्यक्षदर्शियों और ग्रामीणों का कहना है कि आवारा कुत्तों का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। जिससे न केवल मवेशी बल्कि बच्चे और राहगीर भी असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। गांव में गौशाला होने के बावजूद, वहां पर्याप्त सुविधाओं का अभाव है और सभी बेसहारा पशुओं को जगह नहीं मिल पा रही है। यही कारण है कि ये पशु सड़कों पर भटकते रहते हैं, जिससे कभी वे खुद हमलों का शिकार होते हैं तो कभी दूसरों के लिए खतरा बन जाते हैं।

### किसानों की फसलें भी हो रहीं बर्बाद

वर्तमान में किसानी का समय होने के कारण यह समस्या और भी गंभीर हो गई है। सड़कों पर घुमते आवारा मवेशी खेतों में घुसकर खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। जिससे किसानों को भारी आर्थिक क्षति हो रही है।

किसानों ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उनकी मांग है कि या तो सभी आवारा पशुओं को गौशाला में उचित ठिकाना दिया जाए या फिर उनकी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं, ताकि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों और किसानों की फसलें भी सुरक्षित रहें।

## नगर के जर्जर मेन रोड की मरम्मत की मांग को लेकर लोनिवि कार्यालय का घेराव

**गड्ढों में रोपा गया धान, नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी की अगुवाई में नागरिक संघर्ष मोर्चा का प्रदर्शन**



अंबागढ़ चौकी (दावा)। नगर की जर्जर मेन रोड की मरम्मत और संधारण की मांग को लेकर सोमवार को नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी के नेतृत्व में नागरिक संघर्ष मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने लोक निर्माण विभाग (लोनिवि) के एसडीओ कार्यालय का घेराव कर जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन से पहले प्रदर्शनकारियों ने नगर के प्रमुख राजीव गांधी चौक में मेन रोड के गहरे गड्ढों में प्रतीकात्मक रूप से धान की थरहा (पौध) रोपा गया। जिससे प्रशासन के खिलाफ उनका तीव्र विरोध स्पष्ट हुआ।

अंबागढ़ चौकी में लोनिवि के अधीन आने वाली यह मुख्य सड़क बीते कई महीनों से बेहद खराब हालत में है। मेरेगांव से लेकर परमेश्वरी नगर तक सड़क जगह-जगह गड्ढों में तब्दील हो गई है। जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं।

नागरिकों की लगातार शिकायतों के बावजूद विभाग द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाने से नाराज होकर आज नागरिक संघर्ष मोर्चा के बैनर तले यह विरोध प्रदर्शन किया गया।

### प्रशासन के खिलाफ फूटा आक्रोश, गूंजे नारे

एसडीओ कार्यालय पहुंचते ही प्रदर्शनकारियों ने विभाग की लापरवाही को लेकर जमकर नारेबाजी की। खास बात यह रही कि प्रदर्शन के दौरान कोई भी जिम्मेदार अधिकारी कार्यालय में मौजूद नहीं था। बाद में नगर पंचायत अध्यक्ष ने विभाग के लिपिक तीरथ ध्रुवे और पुलिस अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

### उपयंत्री के खिलाफ कार्रवाई की मांग

प्रदर्शनकारियों का गुस्सा उपयंत्री पीएन चंद्रवंशी पर भी फूटा। आरोप है कि वे कार्यालय परिसर में ही अपने क्वार्टर में मौजूद थे। बावजूद इसके वे ज्ञापन लेने बाहर नहीं आए। फोन से ही कर्मचारियों को ज्ञापन लेने का निर्देश देने पर प्रदर्शनकारियों ने उन्हें तत्काल हटाने की मांग करते हुए जमकर नारेबाजी की।

### गड्ढे भरने की खानापूर्ति हुई शुरू

प्रदर्शन के बीच लोक निर्माण विभाग की स्थायी गेंग भी सक्रिय होती दिखी। विभागीय कर्मचारियों ने बोरियों में गिट्टी और डस्ट भरकर राजीव गांधी चौक से लेकर लाल भीष्मदेव शाह चौक तक मुख्य मार्ग में गड्ढों को भरने की कार्रवाई शुरू की। इसे प्रदर्शनकारियों ने 'लाचार व्यवस्था की खानापूर्ति' करार दिया। इस प्रदर्शन में रमेश त्रिपाठी, पन्ना कुंजाम, शमीमुद्दीन कुरैशी, पार्षद विनोद डेहरिया, मुरारी श्रीवास्तव, अजय अग्रवाल, प्रमोद ठलाल, तुरीत प्रसाद तिवारी, रेहाना बेगम, शिवम बाजपेयी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## प्राथमिक शाला नंबर 3 स्कूल के सभी छात्र-छात्राओं को कॉपी व पेन का वितरण

**बहु ने सासू मां की पुण्यतिथि पर फलदार पौधा लगाया**



डोंगरगढ़ (दावा)। श्रीमती लता प्रदीप सहारे ने अपनी सासू मां की पुण्यतिथि के अवसर पर एक प्रेरणादायक पहल की। उन्होंने शासकीय प्राथमिक शाला नंबर 3 में अपनी महिला सहपाठियों के साथ जाकर सभी 50 छात्र-छात्राओं को कॉपी और पेन वितरित किए। साथ ही शाला के प्रांगण में एक फलदार पौधा भी लगाया और बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती संगीता टेंभूरकर और किरण देउड़कर ने बच्चों को संबोधित करते हुए पर्यावरण के लिए पौधों के महत्व को समझाया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस नेक कार्य में शाला की प्रधान पाठक सरिता जाम्भूलकर, श्रीमती गीता चंद्रवंशी (प्रधान पाठक), सरिता देवांगन, विभा सिंह, मीणा पड़वार उपस्थित थी। महिला सहपाठियों में श्रीमती मनोरमा सहारे, बबीता जनबंधु, दिव्या साखरे, नीतू इंदुरकर, प्रिया इंदुरकर, शालू देउड़कर, बिंदु, नलिनी टेंबुरकर, सरोज लांजेवार और हिना शामिल थीं। अंत में शाला परिवार ने सहारे परिवार का आभार व्यक्त किया।

# पहला कॉलम...

## शैलेश जेजुरिकर संभालेंगे प्रॉक्टर एंड गैंबल कंपनी का सीईओ पद

नई दिल्ली। दुनिया की कुछ सबसे बड़ी कंपनियों में भारतीय अधिकारी लगातार टॉप पॉजिशन संभाल रहे हैं. इस लिस्ट में लेटेस्ट नाम शैलेश जेजुरिकर का है, जो जनवरी 2026 से उपभोक्ता वस्तुओं की दिग्गज कंपनी प्रॉक्टर एंड गैंबल के वैश्विक सीईओ बनेंगे. जेजुरिकर अमेरिका में भारतीय सीईओ की लंबी सूची में शामिल हो गए हैं, जिसमें सुंदर पिचाई, सत्य नडेला, अरविंद श्रीनिवास, शांतनु नारायण, अरविंद कृष्णा, नील मोहन और लीना नायर जैसे नाम शामिल हैं. मुंबई में जन्मे जेजुरिकर वर्तमान में कंपनी के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) हैं. पीएंडजी में नेतृत्व बदलाव के तहत उनकी प्रमोशन की घोषणा की गई. कंपनी के वर्तमान सीईओ जॉन आर मोलर कार्यकारी अध्यक्ष की भूमिका निभाएंगे.जेजुरिकर ऐसे समय में सीईओ की भूमिका निभा रहे हैं, जब उपभोक्ता वस्तुओं का यह समूह, अन्य कंपनियों की तरह, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्यापार युद्ध और आर्थिक अनिश्चितता से निपटने के लिए संघर्ष कर रहा है.

## टीम इंडिया ने लंदन में भारतीय उच्चायुक्त से की मुलाकात

नई दिल्ली। टीम इंडिया ने इंग्लैंड के साथ एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का चौथा टेस्ट मैच मैनचेस्टर में ड्रॉ किया. अब पांचवां टेस्ट 31 जुलाई से ओवल में होने वाला है. अभी पांच मैचों की सीरीज में भारत 1-2 से पीछे है. अब उसके पास अंतिम टेस्ट में जीत दर्ज कर सीरीज को 2-2 से बराबर करने का मौका होगा.इंडियन टेस्ट क्रिकेट टीम अभी बदलाव के दौर से गुजर रही है. टीम से कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली, रविचंद्रन अश्विन जैसे बड़े-बड़े खिलाड़ी निकल चुके हैं. ऐसे में शुभमन गिल की कप्तानी में टीम इंडिया ने बेहतर प्रदर्शन किया है. इंग्लैंड में टीम के लिए बल्लेबाजी लाइन-अप ने खास योगदान दिया है. टीम का गेंदबाजी लाइन-अप टीम के लिए चिंता का सबब है. अब भारतीय क्रिकेट टीम चौथा टेस्ट मैच ड्रॉ करने के बाद और पांचवें टेस्ट मैच की शुरुआत से पहले 29 जुलाई यानी मंगलवार को लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग का दौरा किया. इस दौरान कप्तान गिल और हेड कोच गौतम गंभीर समेत टीम के खिलाड़ियों ने ब्रिटेन में भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोरईस्वामी और उप उच्चायुक्त सुजीत घोष से मुलाकात की है.

## 6.5 लाख रुपये की 261 आईपीएल जर्सी के चोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

नई दिल्ली। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम स्थित बीसीसीआई के आधिकारिक मर्चेंडाइज स्टोर से 261 आईपीएल जर्सी के चोरी का मामला सामने आया है। इन जर्सियों की कुल कीमत लगभग 6.52 लाख रुपये की बताई जा रही है। मुंबई पुलिस ने इस मामले में एक सिक्योरिटी मैनेजर को मुंबई पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और मामले की जांच कर रही है। बता दें कि ये चोरी की हुई जर्सी सिक्योरिटी मैनेजर ने ऑनलाइन जुए की लत को पूरा करने के लिए बेचीं। दरअसल, मुंबई पुलिस के मुताबिक चुराने वाले शख्स के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की धारा 306 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। चोरी की ये घटना 13 जून को हुई थी, लेकिन इसकी शिकायत 17 जुलाई को दर्ज कराई गई। इस मामले की शिकायत हेमांग भरत कुमार अमीन (उम्र 44) ने की है, जो बीसीसीआई के कर्मचारी हैं और महिम मुंबई में रहते हैं। वे वानखेड़े स्टेडियम स्थित बीसीसीआई कार्यालय में कार्यरत हैं। हेमांग अमीन ने शिकायत में बताया कि आरोपी फारूक असलम खान (46 साल), जो कि एक सुरक्षा प्रबंधक है और मीरा रोड ईस्ट के गौरव एक्सेलेंसी में रहता है।

## शेयर बाजार : सेंसेक्स 270 अंक टूटा, निफ्टी 24,609 पर

मुंबई। कारोबारी सप्ताह के दूसरे दिन शेयर बाजार लाल निशान पर खुला हुआ. बीएसई पर सेंसेक्स 270 अंकों की गिरावट के साथ 80,620.25 पर ओपन हुआ. वहीं, एनएसई पर निफ्टी 0.29 फीसदी की गिरावट के साथ 24,609.65 पर खुला.आज के कारोबार के दौरान इंडसइंड बैंक, वारी एनर्जीज, एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी, केईसी इंटरनेशनल, टोरेंट फार्मा, पीएनसी इंफ्राटेक, आरपीएसजी वेंचर्स, मोनार्क सर्वेयर्स, पारादीप फॉस्फेट्स और मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स के शेयर फोकस में रहेंगे. कारोबारी सप्ताह के पहले दिन शेयर बाजार लाल निशान पर बंद हुआ. बीएसई पर सेंसेक्स 572 अंकों की गिरावट के साथ 80,891.02 पर क्लोज हुआ. वहीं, एनएसई पर निफ्टी 0.63 फीसदी की गिरावट के साथ 24,680.90 पर बंद हुआ.

# ऑस्ट्रेलिया ने पांचवें टी-20 में वेस्टइंडीज को हराते हुए सीरीज क्लीन स्वीप की, बने रिकॉर्ड्स



नईदिल्ली। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम ने पांचवें और आखिरी टी-20 में वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम को 3 विकेट से हराते हुए सीरीज को क्लीन स्वीप किया। वार्नर पार्क में खेले गए मुकाबले में मेजबान टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.4 ओवर में सभी विकेट खोकर 170 रन बनाए। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 17 ओवर में 7 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल किया। आइए इस मैच में बने रिकॉर्ड्स पर एक नजर डालते हैं।

कैरेबियाई टीम ने पहले बल्लेबाजी करते 32 रन पर अपने 3 विकेट खो दिए। इसके बाद शेरफेन रदरफोर्ड (35) और शिमरोन हेटमायर (52) ने टीम को अच्छे स्कोर तक पहुंचाया। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 25 रन तक अपने शीर्षक्रम के 3 विकेट खो दिए थे। ऐसे में संकट की घड़ी में कैमरून ग्रीन (32), टिम डेविड (30) और मिचेल ओवन (37) ने उम्दा पारियां खेलते हुए जीत में अहम भूमिका निभाई।

एडम जैम्पा ने अपने टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का 100वां मैच खेला। वह ऑस्ट्रेलिया की ओर से 100 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले सिर्फ चौथे खिलाड़ी बने। उनसे पहले डेविड वार्नर, आरोन फिंच, और ग्लेन मैक्सवेल ऐसा कर चुके हैं। जैम्पा ने अपने 100वें मैच में 3 ओवर गेंदबाजी की, जिसमें 20 रन देते हुए 1 विकेट लिया। उनके नाम 21.13 की औसत के साथ 125 विकेट हो गए हैं।

हेटमायर ने अपने टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का छठा अर्धशतक लगाया। उन्होंने 31 गेंदों का सामना करते हुए 52 रन की पारी खेली। अपनी इस अर्धशतकीय पारी में उन्होंने 3 चौके और इतने ही छक्के भी लगाए। उनके नाम अब 69 मैचों की 59 पारियों में 20.59 की औसत और 126.08 की स्ट्राइक रेट के साथ 1,112 रन हैं। इस प्रारूप में उनका सर्वोच्च स्कोर 81 रन है।

ग्रीन इस सीरीज में प्लेयर ऑफ द सीरीज चुने गए। उन्होंने 5 पारियों में 164 की स्ट्राइक रेट के साथ 205 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 56* रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 3 अर्धशतक लगाए। उन्होंने सीरीज के पहले, दूसरे और चौथे टी-20 में अर्धशतक लगाए। उनके अलावा किसी अन्य बल्लेबाज ने सीरीज में 200 रन का आंकड़ा नहीं छूआ। वेस्टइंडीज के शाई होप ने 185 रन बनाए। ऑस्ट्रेलियाई टीम वेस्टइंडीज को 5 मैचों की टी-20 सीरीज में क्लीन स्वीप करने वाली पहली टीम बन गई। इससे पहले हुई टेस्ट सीरीज में भी ऑस्ट्रेलिया ने 3-0 से क्लीन स्वीप किया था।

## काफा नेशंस कप खेल सकता है भारत, ताजिकिस्तान-उजबेकिस्तान में होना है टूर्नामेंट



नई दिल्ली। भारतीय फुटबॉल टीम ताजिकिस्तान और उजबेकिस्तान में 28 अगस्त से आठ सितंबर के बीच काफा नेशंस कप खेल सकती है। चूंकि मलेशिया के विकल्प के तौर पर मध्य एशियाई फुटबॉल संघ ने भारत को खेलने का न्योता दिया है। आठ टीमों के टूर्नामेंट से मलेशिया ने खिलाड़ियों की उपलब्धता और लॉजिस्टिक्स का हवाला देकर 15 जुलाई को नाम वापिस ले लिया था।

यह टूर्नामेंट फीफा की अंतरराष्ट्रीय विंडो में नहीं पड़ता जो एक से नौ सितंबर के बीच है। ओमान को भी इसमें भाग लेने के लिये न्योता मिला है। टूर्नामेंट का पहला सत्र 2023 में हुआ था जिसमें ईरान विजयी रहा था। समझा जाता है कि एआईएफएफ ने न्योता स्वीकार कर लिया है, लेकिन आयोजकों की ओर से अंतिम पुष्टि का इंतजार है। एआईएफएफ के एक अधिकारी ने कहा, अभी इसकी पुष्टि नहीं हुई है लेकिन हम इंतजार कर रहे हैं।

## पाकिस्तान के जाफर एक्सप्रेस में हुआ ब्लास्ट, तीन डिब्बे पटरी से उतरे

नई दिल्ली। पाकिस्तान के दक्षिण-पूर्वी सूबे सिंध में सोमवार को एक भयानक हादसा हुआ, जब क्वेटा जा रही जाफर एक्सप्रेस ट्रेन के तीन डिब्बे एक धमाके की वजह से पटरी से उतर गए। इस हादसे में एक शख्स जख्मी हो गया। पाक रेलवे और स्थानीय प्रशासन ने इस हादसे की जांच शुरू कर दी है, ताकि हादसे की असल वजह सामने आ सके।

सुक्कुर रेलवे डिवीजनल सुपरिंटेंडेंट जमशैद आलम ने बताया कि जाफर एक्सप्रेस पेशावर से क्वेटा जा रही थी, जब शिकारपुर के पास एक धमाके की वजह से ट्रेन के तीन डिब्बे पटरी से उतर गए। धमाके के बाद ट्रेन की आवाजाही रोक दी गई और यात्रियों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। सुक्कुर से रेस्क्यू टीमें फौरन रवाना की गईं।

रेलवे अधिकारियों का कहना है कि ट्रैक को ठीक करने में अभी कम से कम पांच घंटे और लग सकते हैं। इस दौरान ट्रेनों की आवाजाही पूरी तरह ठप रहेगी। यह पहला मौका नहीं है जब जाफर एक्सप्रेस को निशाना बनाया गया हो। इससे पहले जून में जैकोबाबाद के पास एक रिमोट-नियंत्रित बम धमाके में ट्रेन के चार डिब्बे पटरी से उतर गए थे। उस हमले में कोई जख्मी नहीं हुआ था, लेकिन बलोच रिपब्लिकन गार्ड्स ने उसकी जिम्मेदारी ली थी। 11 मार्च को भी जाफर एक्सप्रेस के साथ एक और खौफनाक घटना हुआ था, जब आतंकियों ने ट्रेन पर गोलीबारी की और 400 से ज्यादा यात्रियों को बंधक बना लिया था।

## 8 गेंदों में 5 विकेट! गेंदबाज महेश तांबे ने बनाया विश्व रिकॉर्ड



नईदिल्ली। क्रिकेट के सबसे छोटे और लोकप्रिय फॉर्मेट टी20 क्रिकेट में बल्ले से तो रन निकलते और रिकॉर्ड बनते रहते हैं, लेकिन तेज रन बनाने की कोशिश में बल्लेबाज अपना विकेट भी जल्दी जल्दी गंवा देते हैं. जिसकी वजह से गेंदबाजों को भी रिकॉर्ड बनाने और इतिहास रचने का मौका मिल जाता है.

ऐसा ही एक मौका फिनलैंड के गेंदबाज महेश तांबे को भी मिला, जब उन्होंने एस्टोनिया के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 8 गेंद पर 5 विकेट लेकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया. फिनलैंड के मध्यम गति के गेंदबाज महेश तांबे ने ये बड़ी उपलब्धि तेलिन में द्विपक्षीय सीरीज के आखिरी मैच में हासिल की. इस मैच को फिनलैंड ने पांच विकेट से जीत के साथ तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली थी. लेकिन क्रिकेट प्रशंसकों का ध्यान उनकी जीत ने नहीं बल्कि तांबे के सिर्फ आठ गेंदों में पांच विकेट खींचा.

महेश तांबे पारी के 17वें ओवर में गेंदबाजी करने आए और अपने ओवर की तीसरी, चौथी और छठी गेंदों पर विकेट लिए. उसके बाद दाएं हाथ के इस गेंदबाज ने 19वें ओवर की पहली दो गेंदों पर दो और विकेट लेकर अपनी हैट्रिक पूरी की और महज आठ गेंदों में पांच विकेट लेकर टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास में सबसे तेज पांच विकेट लेने का वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया. उन्होंने स्टीफन गूच, साहिल चौहान, मोहम्मद उस्मान, रूपम बरुआ और प्रणय घीवाला के विकेट लिए और 8 गेंदों में 19 रन खर्च किए. इससे पहले ये रिकॉर्ड बहरैन के जुनैद अजीज के नाम था, जिन्होंने 2022 में जर्मनी के खिलाफ महज 10 गेंदों में पांच विकेट लिए थे. तीम मैचों की श्रृंखला के निर्णायक मैच में एस्टोनिया के खिलाफ टॉस जीतकर फिनलैंड ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया. एस्टोनिया की शुरुआत अच्छी रही और सलामी बल्लेबाज स्टीफन गूच (22) और हबीब खान (23) ने पहले विकेट के लिए 54 रनों की साझेदारी की. उसके बाद बिलाल मसूद और साहिल चौहान ने भी उपयोगी योगदान दिया, लेकिन निचले क्रम के बल्लेबाजों ने निराश किया और टीम 118/4 से 141/10 पर सिमट गई. उसके बाद 142 रनों के लक्ष्य को फिनलैंड ने पांच विकेट और 10 गेंद शेष रहते हासिल कर लिया. फिनलैंड की ओर से अरविंद मोहन ने 67 रनों की शानदार पारी खेली.

## रूस ने यूक्रेन की जेल पर किया भयानक हमला, 17 कैदियों की मौत; घायल हुए 80 से अधिक लोग



नई दिल्ली। रूस और यूक्रेन के बीच जंग जारी है। जंग के बीच हाल के दिनों में रूस की ओर से यूक्रेन के कई शहरों पर घातक अटैक किए जा रहे हैं। इस बीच रूस ने यूक्रेन पर एक बार फिर बड़ा हमला क्या है। यूक्रेन के अधिकारियों ने बताया कि एक जेल पर रूस के हवाई हमले में कम से कम 17 कैदियों की मौत हो गई है और 80 से अधिक लोग घायल हुए।

रूस ने यूक्रेन के दक्षिण-पूर्वी जापोरिजिया क्षेत्र में जेल को निशाना बनाकर हवाई हमले किए हैं। यूक्रेन की च्स्टेट क्रिमिनल एग्जीक्यूटिव सर्विसज् के अनुसार यह हमला सोमवार देर रात किया गया। हमले के दौरान जेल को टारगेट करते हुए चार बम गिराए गए। अधिकारियों ने बताया कि कम से कम 42 कैदियों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसके अलावा 40 अन्य लोगों को अन्य तरह की चोटें आई हैं। यूक्रेन की च्स्टेट क्रिमिनल एग्जीक्यूटिव सर्विसज् ने बताया कि हमले में जेल का भोजन कक्ष तबाह हो गया है, प्रशासनिक भवन को नुकसान हुआ है, लेकिन जेल की सीमा के पास बाड़ पूरी तरह सुरक्षित है और किसी कैदी के भागने की सूचना नहीं है। यूक्रेन के अधिकारियों ने इस हमले की निंदा करते हुए कहा कि कारागारों जैसे असैन्य ढांचों को निशाना बनाना अंतरराष्ट्रीय संधियों के तहत युद्ध अपराध है।

## इंग्लैंड बनाम भारत: ओवल के मैदान पर इन भारतीय बल्लेबाजों ने बनाए सर्वाधिक टेस्ट रन



नईदिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम और इंग्लैंड क्रिकेट टीम के बीच सीरीज का आखिरी टेस्ट 31 जुलाई से ओवल के मैदान पर खेला जाएगा। एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी 2025 में इंग्लिश टीम ने 4 मैचों के बाद फिलहाल 2-1 से बढ़त बनाई हुई है। ऐसे में शुभमन गिल की कप्तानी में भारतीय टीम आखिरी मैच को जीतकर सीरीज को बराबरी पर खत्म करना चाहेगी। इस बीच ओवल के मैदान पर सर्वाधिक टेस्ट रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाजों के बारे में जानते हैं।

पूर्व भारतीय बल्लेबाज राहुल द्रविड़ इस सूची में शीर्ष पर मौजूद हैं। वह इस मैदान पर 300 से ज्यादा टेस्ट रन बनाने वाले एकमात्र भारतीय बल्लेबाज हैं। अपने शानदार करियर में द्रविड़ ने इस मैदान पर सिर्फ 3 टेस्ट मैचों में 110.75 की अविश्वसनीय औसत के साथ 443 रन बनाए थे। इस बीच उन्होंने 2 शतक भी अपने नाम किए थे, जिसमें एक दोहरा शतक (207) भी शामिल था। पूर्व भारतीय दिग्गज सचिन तेंदुलकर इस विशिष्ट उपलब्धि के मामले में द्रविड़ से पीछे हैं। ओवल में उन्होंने 4 टेस्ट मैचों में 45.33 की औसत के साथ 272 रन बनाए थे, जिसमें 3 अर्धशतक भी शामिल थे। तेंदुलकर ने इस मैदान पर अपनी आखिरी पारी 2011 में खेली थी, जिसमें उन्होंने 172 गेंदों पर 91 रन बनाए थे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

**दुनिया के किसी भी नेता ने ऑपरेशन....**

है कि अगर भविष्य में नौबत आई, तो भारत आगे कुछ भी कर सकता है. इसलिए मैं फिर से लोकतंत्र के इस मंदिर में दोहराना चाहता हूं कि ऑपरेशन सिंदूर जारी है. उन्होंने आगे कहा कि पाकिस्तान ने दुस्साहस की अगर कल्पना की, तो उसे करारा जवाब दिया जाएगा. आज का भारत आत्मविश्वास से भरा हुआ है. आज का भारत आत्मनिर्भरता के मंत्र को लेकर पूरी शक्ति के साथ तेज गति से आगे बढ़ रहा है. देश देख रहा है कि भारत आत्मनिर्भर बनता जा रहा है. लेकिन देश ये भी देख रहा है कि एक तरफ तो भारत आत्मनिर्भरता की ओर आगे बढ़ रहा है लेकिन कांग्रेस मुद्दों के लिए पाकिस्तान पर निर्भर होती जा रही है.

**30 मिनट में ही आत्मसमर्पण.....**

यह एक ऐसी बात थी, जिस पर इंडिया गठबंधन के सभी वरिष्ठ नेतृत्व सहमत थे। हमें बहुत गर्व है कि एक विपक्ष के रूप में हम एकजुट रहे, जैसा कि हमें होना चाहिए था। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा, ...दो शब्द हैं- राजनीतिक इच्छाशक्ति और संचालन की स्वतंत्रता। यदि आप भारतीय सशस्त्र बलों का उपयोग करना चाहते हैं तो आपके पास 100 प्रतिशत राजनीतिक इच्छाशक्ति और संचालन की पूर्ण स्वतंत्रता होनी चाहिए। कल राजनाथ सिंह ने 1971 और सिंदूर की तुलना की। मैं उन्हें याद दिलाना चाहूंगा कि 1971 में राजनीतिक इच्छाशक्ति थी। सातवां बेड़ा हिंद महासागर के रास्ते भारत की ओर आ रहा था। तत्कालीन प्रधानमंत्री ने कहा कि हमें बांग्लादेश के साथ जो करना है, करना होगा, जहां भी आना है आओ... इंदिरा गांधी ने जनरल मानेकशॉ से कहा कि 6 महीने, 1 साल, जितना भी समय आपको चाहिए, ले लीजिए क्योंकि आपको कार्रवाई की, युद्धाभ्यास की स्वतंत्रता होनी चाहिए। एक लाख पाकिस्तानी सैनिकों ने आत्मसमर्पण किया और एक नया देश बना। राहुल गांधी ने कहा, आइए अब ऑपरेशन सिंदूर की बात करते हैं। कल मैंने राजनाथ सिंह का भाषण देखा। जब लोग बोलते हैं तो मैं बहुत ध्यान से सुनता हूं। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सुबह 1.05 बजे शुरू हुआ। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर 22 मिनट तक चला। फिर उन्होंने सबसे चौंकाने वाली बात कही, 1.35 पर, हमने पाकिस्तान को फोन किया और उन्हें बताया कि हमने गैर-सैन्य लक्ष्यों को निशाना बनाया है। हम तनाव नहीं बढ़ाना चाहते। शायद उन्हें समझ नहीं आया कि उन्होंने क्या खुलासा किया। भारत के डीजीएमओ को भारत सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर की रात ही रात 1.35 बजे युद्धविराम के लिए कहने के लिए कहा था। आपने सीधे पाकिस्तान को अपनी राजनीतिक इच्छाशक्ति बता दी कि आपके पास लड़ने की राजनीतिक इच्छाशक्ति नहीं है, कि आप लड़ना नहीं चाहते। राहुल गांधी ने कहा कि उन्होंने एक और बहुत महत्वपूर्ण बात कही, हो सकता है कि उनका यह कहने का इरादा न रहा हो। उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने पाकिस्तानियों से कहा कि हम आपके किसी भी सैन्य ढांचे पर हमला नहीं करेंगे। मैंने युद्धाभ्यास की स्वतंत्रता की बात कही, वायु सेना को स्वतंत्रता की बात कही। इंडोनेशिया के रक्षा विशेषज्ञ कैप्टन शिव कुमार ने कहा कि मैं उनसे सहमत नहीं हो सकता कि भारत ने इतने सारे विमान खो दिए, लेकिन मैं इस बात से सहमत हूं कि हमने कुछ विमान खो दिए। यह केवल राजनीतिक नेतृत्व द्वारा सैन्य प्रतिष्ठान और उनकी वायु रक्षा पर हमला न करने के लिए दिए गए प्रतिबंध के कारण हुआ। आप पाकिस्तान में गए, आपने पाकिस्तान पर हमला किया और आपने हमारे पायलटों से कहा - उनकी वायु रक्षा प्रणाली पर हमला न करें। राहुल गांधी ने कहा, ...अगर आपने मेरी बात सुनी होती, तो आप वो 5 विमान नहीं खोते। उन्होंने कहा कि लेफ्टिनेंट जनरल राहुल सिंह ने 11 मई को एक कार्यक्रम के दौरान कहा था कि जब डीजीएमओ स्तर की वार्ता चल रही थी, तो पाकिस्तान ने वास्तव में कहा था कि हमें पता है कि फलां विमान कार्रवाई के लिए तैयार है। मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि आप उसे वापस बुला लें। उन्होंने ऐसा कहा है, तो यह बिल्कुल स्पष्ट है कि उन्हें चीन से युद्ध की जानकारी मिल रही थी।

**ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तानी....**

स्नातक होने तक जारी रहेगी। राहुल ने मई में पुंछ दौरे के दौरान स्थानीय नेताओं से ऐसे बच्चों की सूची तैयार करने को कहा था। पार्टी नेताओं ने सर्वेक्षण और सरकारी रिकॉर्ड की जांच के बाद बच्चों के नाम तय किए हैं। भारत-पाकिस्तान तनाव के समय जम्मू-कश्मीर का पुंछ शहर सीमा पार गोलाबारी से सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ था। यहां एक धार्मिक स्कूल जिया उल अलूम पर गोलीबारी से 6 बच्चे घायल हुए थे। पीड़ितों में एक बच्चे विहान भार्गव की छर्रे लगने से मौत हो गई थी। राहुल ने क्राइस्ट पब्लिक स्कूल का भी दौरा किया था, जहां 12 साल के जुड़वां बच्चे उरबा फातिमा और जैन अली भी हताहत हुए थे। उन्होंने बच्चों से खूब पढ़ने को कहा था।

**आप बिना बुलाए जाकर गले मिलते हैं.....**

अरब से आकर बिहार चुनाव प्रचार करने चले गए। क्या प्रधानमंत्री की यही गंभीरता है? खरगे ने कहा कि जम्मू कश्मीर के एलजी ने खुद स्वीकारा कि पहलगाम में सुरक्षा में चूक हुई। उन्होंने हमले की जिम्मेदारी ली, लेकिन यह सुरक्षा में चूक है और इसकी जिम्मेदारी गृह मंत्री को लेनी चाहिए न कि एलजी को। आप कांग्रेस को कोसते रहते हैं, लेकिन अपना भी तो कुछ बताइए, कब तक कांग्रेस के नाम पर जिंदा रहेंगे। एलजी ने पहलगाम हमले की जिम्मेदारी ली तो क्या ये गृह मंत्री को बचाने के लिए दिया गया। या एलजी को ऐसा करने के लिए दिया गया? खरगे ने आगे कहा, पहलगाम हमले के बाद सभी ने सेना को समर्थन दिया। हमने कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में फैसला किया कि ये राजनीति करने का समय नहीं है और एकजुटता दिखाने का समय है। हमने सरकार को समर्थन दिया। देशहित में हमने हर कदम पर सरकार को सपोर्ट किया, लेकिन प्रधानमंत्री विपक्षी पार्टियों के खिलाफ चुनावी भाषण करते फिरते हैं। सिर्फ चार दिनों में पाकिस्तानी फायरिंग में 27 भारतीय नागरिक, जिनमें 5 बच्चे भी शामिल हैं और 70 घायल हो गए इन लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भिजवाया जा सकता था, लेकिन सरकार ने ध्यान नहीं दिया वरना इन्हें बचाया जा सकता था। उसके बाद भाजपा के एक राज्यसभा सांसद ने कहा कि पहलगाम हमले में जो लोग मारे गए, उनकी पत्नियों में वीरांगनाओं में जैसा भाव नहीं था, इसलिए वो हाथ जोड़ रहीं थी और गिड़गिड़ा रही थी। आपकी महिलाओं के प्रति ये इज्जत है। ऐसे लोगों को कान पकड़कर बाहर निकालों। इससे बदनामी होती है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना की महिला अधिकारी के बारे में मध्य प्रदेश के एक नेता की अपमानजनक टिप्पणी पर खरगे ने कहा कि ऐसे बयानों की निंदा करनी चाहिए। जब तक आप अपने लोगों को कंट्रोल नहीं करते तो दूसरी तरफ से भी प्रतिक्रिया आती है तो ये लोग देशद्रोही करार देते हैं।

**लोग पहलगाम सरकार के भरोसे गए....**

कड़ी जांच और जवाबदेही जरूरी है। प्रियंका गांधी ने आगे केंद्र सरकार पर जनता की चिंता छोड़ केवल प्रचार करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह सरकार हमेशा सवालों से बचती है। इन्हें देश के नागरिकों के प्रति कोई जवाबदेही महसूस नहीं होती। सच तो यह है कि इनके दिल में जनता के लिए जगह ही नहीं है। इनके लिए सब कुछ राजनीति और प्रचार है। प्रियंका गांधी ने आरोप लगाया कि सरकार सिर्फ इवेंट और छवि बनाने में व्यस्त है, जबकि जनता की समस्याओं और सुरक्षा जैसे अहम मुद्दों पर चुप्पी साध ली जाती है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सरकार का काम जवाब देना और जिम्मेदारी लेना होता है, लेकिन मौजूदा सरकार इससे भागती नजर आती है। प्रियंका गांधी ने पहलगाम आतंकी हमले के जिम्मेदार टीआरएफ को लेकर सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि टीआरएफ ने कई आतंकी हमले किए, लेकिन 2023 में उसे आतंकी संगठन घोषित किया गया। एक संगठन इतना बड़ा हमला करता है और सरकार को पता नहीं चला? हमारी एजेंसियां हैं, इनकी जिम्मेदारी कौन लेगा, क्या किसी ने इस्तीफा दिया? खुफिया विभाग गृह मंत्रालय के तहत आता है, क्या गृह मंत्री ने इसकी जिम्मेदारी ली। इतिहास की बात आप करते हैं, मैं वर्तमान की बात करूंगी। 11 साल से तो आपकी सरकार है, आपकी कोई जिम्मेदारी है कि नहीं। प्रियंका गांधी ने आगे गृह मंत्री अमित शाह के भाषण पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित साह ने संसद में पंडित नेहरू, इंदिरा गांधी और मेरी मां सोनिया गांधी के आंसुओं की बात तो की, लेकिन जम्मू-कश्मीर में सीजफायर क्यों किया गया, इसका जवाब नहीं दिया। प्रियंका ने कहा कि आज गृह मंत्री ने बीते नेताओं की बातें कीं, लेकिन देश को यह नहीं बताया कि जब हमारे जवान शहीद हो रहे हैं, तब सरकार ने संघर्षविराम क्यों घोषित किया?

**झारखंड में भीषण हादसा: देवघर में....**

ने कहा कि सुबह 4-5 बजे के बीच हमें सूचना मिली कि देवघर से बासुकीनाथ कांवड़ियों को ले जा रही 32 सीटर बस अनियंत्रित होकर एक ट्रक से टकरा गई, फिर असंतुलित होकर ईंटों से टकरा गई। ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई। 9 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है... 23 घायल हैं, जिनका इलाज चल रहा है। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने ट्वीट कर बताया कि मेरे लोकसभा क्षेत्र देवघर में श्रावण मास में कांवड़ यात्रा के दौरान बस और ट्रक की टक्कर में 18 श्रद्धालुओं की जान चली गई। दुमका जोन के IG शैलेंद्र कुमार सिन्हा ने बताया कि मोहनपुर से कांवड़ियों को लेकर आ रही एक बस की गैस सिलेंडर ले जा रहे एक ट्रक से टक्कर हो गई। इस हादसे में 9 कांवड़ियों की मौत हो गई है। सभी घायलों को बेहतर इलाज के लिए देवघर जिला अस्पताल ले जाया गया है।

**शहरी स्वच्छता में छत्तीसगढ़ की....**

केवल ओडीएफ श्रेणी में थे। सीतापुर नगर पंचायत ने भी ओडीएफ प्लस से आगे बढ़कर ओडीएफ प्लस प्लस दर्जा हासिल किया है। पिछले डेढ़ वर्षों में 62 नगरीय निकायों ने अपने सतत प्रयासों के माध्यम से गारबेज-फ्री सिटी स्टार रेटिंग में सुधार किया है। बिलासपुर और अंबिकापुर ने अपने थ्री स्टार स्तर को बढ़ाकर फाइव स्टार किया है, जबकि भिलाई नगर, जगदलपुर नगर निगम, जामुल नगर पालिका और घरघोड़ा नगर पंचायत ने 2023-24 के सिंगल स्टार दर्जे से आगे बढ़ते हुए अब थ्री स्टार प्राप्त किया है। वहीं, धमतरी, शिबरीनारायण और राजपुर जैसे शहर, जो पूर्ववर्ती सर्वे में स्टार रेटिंग में नहीं थे, उन्होंने सीधे थ्री स्टार श्रेणी में प्रवेश किया है। स्वच्छता और सौंदर्यीकरण के क्षेत्र में विशेष प्रयासों के चलते राज्य के 52 नगरीय निकायों ने नो स्टार से उन्नत होकर अब सिंगल स्टार दर्जा प्राप्त कर लिया है। इस बार कई नगरीय निकायों की राष्ट्रीय रैंकिंग में बड़ा सुधार देखने को मिला है। वर्ष 2023-24 में राष्ट्रीय स्तर पर 649वें स्थान पर रहे सिमगा ने इस बार 95वीं रैंक हासिल की है। इसी तरह जशपुर 637वें से 91वें, राजपुर 630वें से 63वें और घरघोड़ा 616वें से 71वें स्थान पर आ गया है। भिलाई-चरोदा ने अपनी रैंकिंग 587 से सुधारकर 68, दोरनापाल ने 557 से 81, दंतेवाड़ा ने 552 से 70, जगदलपुर ने 461 से 55, मुंगेली ने 447 से 86, कवर्धा ने 430 से 77, कुनकुरी ने 426 से 84, दुर्ग ने 314 से 80, राजनांदगांव ने 268 से 46, भिलाई नगर ने 267 से 22, छुरा ने 230 से 76, प्रतापपुर ने 173 से 62, बलरामपुर ने 65 से 53 और रायपुर ने 12वीं रैंक से बढ़कर चौथा स्थान प्राप्त किया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राज्य के शहरों की इस उपलब्धि को स्थानीय निकायों और नागरिकों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम बताया है। उन्होंने कहा कि शहरी सरकार, राज्य सरकार और केंद्र सरकार मिलकर नवाचारों के साथ शहरों को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में छत्तीसगढ़ के शहरों की रैंकिंग में और भी सुधार होगा और इस बार की राष्ट्रीय सफलता सभी नगरीय निकायों को और अधिक प्रेरित करेगी।

**भारत ने पानी रोका तो पाकिस्तान की अक्ल....**

लेकिन पाकिस्तान हमेशा से कश्मीर मुद्दे के अंतरराष्ट्रीयकरण की असफल कोशिश करता रहा है. इसी क्रम में पाकिस्तानी विदेश मंत्री डार ने अपने अमेरिकी समकक्ष मार्को रुबियो के समक्ष कश्मीर का मुद्दा उठाया. इस संबंध में डार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, विदेश मंत्री रुबियो ने इस बात को स्वीकार किया कि कश्मीर मुद्दे के समाधान के बगैर क्षेत्र में शांति नहीं आने वाली. राष्ट्रपति ट्रंप ने भी इस मुद्दे को कई बार उठाया है. प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सिंधु जल समझौते पर बात करते हुए पाकिस्तानी विदेश मंत्री डार ने कहा, इस मुद्दे पर पाकिस्तान का रुख साफ है... यह संधि बाध्यकारी है और कोई भी पक्ष एकतरफा तरीके से इससे निकल नहीं सकता और न ही इसमें किसी तरह का बदलाव कर सकता है. पाकिस्तान के हिस्से के पानी को रोकने की कोई भी कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी. भारत ने 1960 में हुए सिंधु जल समझौते को पहलगाम हमले के बाद निलंबित कर दिया है. 22 अप्रैल को पहलगाम की बैसरन घाटी में पाकिस्तान स्पॉन्सर आतंकियों ने 26 पर्यटकों की गोली मारकर हत्या कर दी थी. इस हमले के लिए भारत ने पाकिस्तान को जिम्मेदार बताया और सिंधु जल समझौता रद्द कर दिया. इसी समझौते के तहत पाकिस्तान को भारत से होकर गुजरने वाली नदियों, सिंधु, झेलम और चेनाब का पानी मिलता है. संधि के निलंबन के बाद से पाकिस्तान को इन नदियों का बेहद कम पानी मिल रहा है जिससे वो बौखलाया हुआ है. पहलगाम हमले के बाद 7 मई को भारत ने पाकिस्तान और पीओके स्थित 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाते हुए ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च किया था जिसमें कम से कम 100 आतंकी मारे गए थे. इसके बाद दोनों देशों में युद्ध शुरू हुआ जो 10 मई को संघर्षविराम समझौते के बाद खत्म हुआ था.

# जब हम चलते हैं तो उम्मीद और रोशनी के काफिले चलते है, दिल के किसी कोने में हिम्मत का जुगनू जलाए रहते हैं





राजनांदगांव (दावा)। जब हम चलते हैं तो उम्मीद और रोशनी के काफिले चलते है, दिल के किसी कोने में हिम्मत का जुगनू जलाए रहते हैं। ऐसी ही एक बानगी दिखाई दी दिव्यांगजन कौशल विकास, पुनर्वास एवं सशक्तिकरण समेकित क्षेत्रीय केन्द्र (सीआरसी) ठाकुरटोला राजनांदगांव में आयोजित दिव्यांगजनों हेतु दिव्यांगजन द्वारा मेला 'पर्पल फेयर' कार्यक्रम में।

पर्पल फेयर में किसी ने खुबसूरत कलात्मक पेंटिंग उकेरी, तो किसी ने गुल्लक सजाए, मोमबत्ती सजाए और बनाए सुंदर सजीले दिये। दिव्यांग बच्चों ने अपने हुनर के उम्दा रंग बिखेरे। दिव्यांगजनों के साथ सभी नागरिकों को जोडने के लिए आयोजित इस मेले में विविध प्रकार की कलात्मक वस्तुएं स्टॉल में थी। पर्पल फेयर की खास बात रही अपनी संवेदनशीलता से मूकबधिर बच्चों द्वारा अपनी बेहतरीन कलात्मक प्रतिभा का परिचय देना। दुर्ग के विवेक सोनी ने प्राकृतिक दृश्यों को अपनी पेंटिंग में उकेरा। वहीं आस्था के बच्चों ने खुबसूरत, कलात्मक गुल्लक, दीये एवं मोमबत्ती बनाएं। सुंदर राखियां, घर की साज-सज्जा की वस्तुएं, पैन स्टैण्ड, झालर दिव्यांग बच्चों ने बनाएं। पर्पल फेयर में मन को स्वस्थ करें, जीवन को स्वस्थ बनाएं एवं समावेशी समाज का निर्माण करें के संदेश के साथ सेल्फी स्टैण्ड में नागरिकों ने अपनी सेल्फी ली। श्रद्धा सांई महिला उत्थान समिति के स्टॉल में दिव्यांग महिलाओं ने बड़ी, बिजौरी, पापड़, दलिया, मसाला, हल्दी, मिर्च, धनिया, अगरबत्ती, धूपबत्ती, रूई बत्ती, फिनाईल, मिट्टी के बर्तन, मिट्टी की विभिन्न कलाकृतियां जैसी वस्तुएं बिक्री के लिए उपलब्ध थी। दिव्यांग महिलाओं ने बताया कि वे ऑर्डर पर छत्तीसगढ़ी व्यंजन भी बनाती है। मानसिक समस्या से ग्रस्त तथा नशा मुक्ति केन्द्र के बच्चों ने भी विभिन्न वस्तुएं बनाई थी। इस अवसर पर दिव्यांगजनों को शासन की विभिन्न योजनाओं से अवगत कराया गया। जिसके अंतर्गत उन्हें एडीप योजना के तहत दिव्यांगजनों हेतु सहायक उपकरण, दीनदयाल विकलांग पुर्नवास योजना, घरौंदा योजना, नेशनल हैंडीकैप्ड फाइनेंस एण्ड डेवेलपमेंट कार्पोरेशन सहित शासन की विभिन्न योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई।

पर्पल फेयर में आकांक्षा लॉयन इंस्ट्यूट ऑफ लर्निंग ऑफ इम्पावरमेंट, आस्था मूक बधिर शाला, श्रद्धा सांई महिला उत्थान समिति, अभिलाषा दिव्यांगजन कल्याणार्थ संस्था राजनांदगांव, ब्राईट मिस्टर एण्ड हाई स्कूल दुर्ग, शासकीय नर्सिंग कालेज राजनांदगांव, जिला आयुष विभाग, आस्था स्कूल, मनोकामना, समर्थ, मानवता, नई दिशा, एसएसए, लॉयन क्लब, पतंजलि योग समिति, योगासन स्पोर्ट्स एसोसियेशन, सक्षम भारत-समर्थ भारत, भारतीय शिक्षा बोर्ड छत्तीसगढ़ सहित विभिन्न संस्थाओं की सहभागिता रही।

## दिव्यांगजनों की सेवा कार्य के लिए हमेशा तत्पर रहूंगा - बल्देव सिंग भाटिया

सीआरसी के कार्यक्रम पंपल फेयर में आयोजित कार्यक्रमों को देख गदगद हुए समाज सेवी, छ.ग. क्रिकेट एशोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष बल्देव सिंग भाटिया का नजरिया उस वक्त स्तब्ध रह गया जब उन्होने सरकारी भवन सीआरसी को देखा, और कहा कि सरकारी भवनों के बारे में लोगों की प्रतिक्रिया अलग होती है किन्तु आज सीआरसी के देख मैं अचंभित हूं कि ये केन्द्र सरकार के द्वारा बनाया गया, दिव्यांगजनों के लिए बड़ी सौगात है, ऐसे सेवा कार्यो को देख सभी संस्थाओं को हृदय से आभार और मुझेह्य भी इस सेवा में शामिल करने के लिए आपका सदैव आभारी रहूंगा, वहीं राजनांदगांव की संस्था आस्था मुकबधिर शाला, अभिलाषा नेत्रहिन अस्थिबाधित शाला की सांस्कृतिक प्रस्तुति देख खड़े होकर लोगों ने तालियां बजाई सीआरसी के द्वारा दिव्यांगजनों को टीचिंग लर्निंग मटेरियल किट भी बांटा गया साथ ही सीआरसी के स्टाफ प्रशांत मिश्रा, पूजा साहू, फरीदा सिद्धीकी का विशेष सहयोग के लिए सम्मान मिला इस कार्यक्रम में उपस्थित लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी के अध्यक्ष अमित खण्डेलवाल एवं सभी पदाधिकारी आस्था मुकबतधिर शाला, अभिलाषा नेत्रहीन, अस्थिबाधित शाला के पदाधिकारीगण, राकेश शर्मा, महेन्द्र सुराना, राजेश जैन, सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। इस पूरे कार्यक्रम का शानदार सफल संचालन निकहत परवीन के द्वारा किया गया।

# पारीखुर्द के नरेश साहू 22 वर्षो से बना रहे देवी-देवताओं की मूर्ति



राजनांदगांव (दावा)। विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम पारींखुर्द (भर्रेगांव) निवासी नरेश साहू एवं सुरेश साहू जो दोनों सगे भाई है। 27 अगस्त को भगवान श्री गणेश जगह-जगह विराजित होंगे।

ग्राम पारींखुर्द शहर से लगभग 13 किलोमीटर दूरी पर स्थित है। एक मुलाकात के दौरान नरेश साहू एवं सुरेश साहू ने बताया कि वे 22 वर्षो से लगातार भगवान श्री गणेश, मां दुर्गा, श्रीकृष्ण, लक्ष्मी, सरस्वती, विश्वकर्मा भगवान आदि देवी देवताओं की मूर्तियां बनाते हैं उनकी मूर्तियां राजनांदगांव, भिलाई, रायपुर, दुर्ग, बालोद जिला सभी जगह विराजित होती है। उन्होंने आगे बताया कि इसके अलावा उनकी सेवा जस भजन मंडली है और शादी विवाह समारोह के लिए धूमाल बाजा की भी टीम है। उन्होंने आगे बताया कि लगभग दो माह पहले ही उन्होंने भगवान गणेश और मां दुर्गा की मूर्ति का बनाने का कार्य प्रारंभ कर दी है।

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में जिले की एक अनूठी पहल

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देशानुसार जिले में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और छात्रों के ज्ञान के स्तर की सतत निगरानी के लिए एक अभिनव पहल के तहत कार्य किया जा रहा है। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह एवं जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल की निगरानी में यह पहल शिक्षा विभाग द्वारा संचालित की जा रही है।



विनोबा ऐप के माध्यम से की जा रही निगरानी

जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल ने बताया कि यह पहल राजनांदगांव जिले में शिक्षा की एक डिजिटल क्रांति के रूप में उभर रही है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों की अधिगम गुणवत्ता, उपस्थिति और परीक्षा परिणामों में समग्र सुधार सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि जिले में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को सुनिश्चित करने तथा छात्रों के अधिगम स्तर की सतत निगरानी के लिए एक अभिनव पहल के तहत सभी 1336 शासकीय विद्यालयों में मूल्यांकन परीक्षाओं का आयोजन किया गया। पहल के अंतर्गत 771 प्राथमिक विद्यालयों में एफएलएन विषयक मासिक मूल्यांकन ओएमआर शीट के माध्यम से संपन्न कराया गया। वहीं 400 माध्यमिक विद्यालयों में एफएलएन प्लस प्लस के तहत ओएमआर आधारित मासिक मूल्यांकन आयोजित किया गया। इसके अतिरिक्त उत्कृष्ट राजनांदगांव नामक पहल के अंतर्गत हाई और हायर सेकेंडरी स्तर के विद्यार्थियों के लिए पाक्षिक टेस्ट का आयोजन किया गया। इस पूरी प्रक्रिया की निगरानी विनोबा ऐप के माध्यम से की जा रही है, जिसके माध्यम से डेटा संग्रहण और रियल-टाइम मॉनिटरिंग संभव हो रही है। जिले में प्राथमिक और माध्यमिक कक्षाओं में यह परीक्षाएं साप्ताहिक रूप से तथा हाई एवं हायर सेकेंडरी स्तर पर पाक्षिक रूप से आयोजित की जाएगी। साथ ही शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति सुधार हेतु डेली अटेंडेंस मॉनिटरिंग फॉर्म का भी उपयोग किया जा रहा है।

## सफाई कर्मचारी संघ की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू, बच्चे कर रहे स्कूलों की सफाई

मोहला (दावा)। जिला मुख्यालय में स्कूल सफाई कर्मचारी संघ ने आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। कर्मचारियों की मुख्य मांग है कि उन्हें पूर्णकालिक कर्मचारी का दर्जा दिया जाए और उसी के अनुसार पूर्णकालिक वेतन दिया जाए।

संघ का कहना है कि वे वर्षों से विद्यालयों में सफाई का काम पूरी जिम्मेदारी से कर रहे हैं, लेकिन शासन उन्हें अभी तक अस्थायी मानकर बहुत कम मानदेय दे रहा है। कई बार ज्ञापन सौंपे जाने के बावजूद शासन ने कोई ठोस निर्णय नहीं लिया है। जिससे कर्मचारी नाराज हैं और उन्हें मजबूरन हड़ताल का रास्ता अपनाना पड़ा है। इस हड़ताल का सीधा असर अब स्कूलों के विद्यार्थियों पर पड़ रहा है। सफाई न होने के कारण स्कूली बच्चे खुद झाड़ू उठाकर कक्षाओं और बरामदों की सफाई करने को मजबूर हैं।

एक विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने बताया कि यदि यह स्थिति लंबे समय तक बनी रही तो स्कूलों का संचालन प्रभावित होगा और बच्चों की पढ़ाई बाधित हो सकती है। प्रशासन को तुरंत हस्तक्षेप करना चाहिए। स्कूल सफाई कर्मचारी संघ ने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं की जातीं, तब तक वे काम पर वापस नहीं लौटेंगे।

# दिग्विजय कॉलेज के हिंदी शोधार्थियों की अनुसंधान समीक्षा

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के हिंदी विभाग में अनुसंधानरत शोधार्थियों के अनुसंधान कार्य की प्रस्तुति के साथ ही उनके कार्यो की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता की उपस्थिति में हिंदी के कुल सात शोधार्थियों ने पीपीटी प्रेजेंटेशन द्वारा अपने शोध कार्य की प्रगति दर्शायी। इनमें डॉ. शंकर मुनिराय के निर्देशन में शोधरत शोधार्थी माहेश्वरी पटेल के शोधप्रबंध को पीएचडी के लिए हेमचंद विश्वविद्यालय दुर्ग में जमा करने संबंधी सुझाव दिए गए।



माहेश्वरी के शोध का विषय है- 'डॉ.विनय कुमार पाठक के समकालीन साहित्य में विभिन्न विमर्श।' इस समीक्षा बैठक में प्राचार्य ने शोधार्थियों को संबोधित करते हुए उनके अनुसंधान कार्य की प्रशंसा की और सुझाव दिए कि वे निर्धारित समय में अपने कार्य पूरा करें। इसके लिए सभी शोधकर्ताओं को महाविद्यालय स्तर पर उपलब्ध सुविधाएं प्रदान की जाएगी।

कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ विभागाध्यक्ष डॉ. शंकर मुनि राय ने बताया कि अभी हिंदी विभाग में कुल 15 शोधार्थियों द्वारा विभिन्न विषयों पर अनुसंधान कार्य जारी है। इनमें दो शोधार्थी निगिता रामटेके और अनवर खान को पीएचडी की उपाधि प्राप्त हो चुकी है। शोधार्थी बिन्दु डनसेना का शोध प्रबंध विश्वविद्यालय में जमा हो चुका है। आज की समीक्षा बैठक में हिंदी विभाग के शोधनिर्देशक डॉ. शंकर मुनि राय, डॉ. बी.एन. जागृत और डॉ. आस्था दीवान सहित महाविद्यालय के अन्य विषयों के शोध निर्देशक भी उपस्थिति थे। बैठक में आज शोधार्थी माहेश्वरी, हेमलाल सहारे, श्रीलाल वर्मा, शालीन साहू, मनीष कुर्रे, जीवंतिका ठाकुर और अनिल पटेल ने अपने अनुसंधान कार्य की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर एम.ए. हिंदी की प्रतिभाशाली छात्रा आरती झारिया को सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि आरती ने यूजीसी नेट परीक्षा में सहायक प्राध्यापक परीक्षा की पात्रता प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रवीण कुमार साहू ने किया।

# फरहद की श्रीराम पुरम कॉलोनी में 'एक पेड़ शिवजी के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण



राजनांदगांव (दावा)। श्रीराम पुरम कॉलोनी, फरहद (पनेका) में हरियाली का संदेश जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से कॉलोनी की दस एकड़ भूमि पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हर साल की तरह इस साल भी उद्यानिकी विभाग राजनांदगांव के डायरेक्टर राजेश शर्मा और पेंड्री नर्सरी के डहरिया के मार्गदर्शन में, कॉलोनी अध्यक्ष दिनेश नामदेव के नेतृत्व में 70 फूलदार, फलदार और शोपीस पौधों का रोपण किया गया।

दिनेश नामदेव ने इस अवसर पर कहा कि घर के प्रत्येक सदस्य को अपने जीवनकाल में एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। साथ ही उन्होंने सभी सदस्यों से अपील की कि वे जन्मदिन, विवाह, और शादी की सालगिरह जैसे शुभ अवसरों पर भी वृक्षारोपण करके पर्यावरण संरक्षण और हरियाली का संदेश जन-जन तक पहुँचाने का नेक कार्य करें। इस पुनीत कार्य में कॉलोनी के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों, जिनमें अध्यक्ष दिनेश नामदेव, उपाध्यक्ष राजू सिंह, सचिव वीरू साहू, कोषाध्यक्ष सूरज हरिहारनो, संगठन सांस्कृतिक सचिव संजू (संजय कुंवर दादरा), सहसचिव रूद्रेश्वर भारद्वाज और संरक्षकगण जागेश साहू, जी.आर. देवांगन, बेदूराम साहू आदि शामिल थे।

इसके अतिरिक्त, कॉलोनी के निवासरत सदस्यों में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग प्रदान करने वालों में सर्वश्री राहुल मिश्रा, कमल साहू, अशोक कुडे, दुर्गा प्रसाद सोनी, देवेंद्र पाल, मुकेश शेंडे, संतोष टांडेकर, गुणवंत सोनबोईर, हरि साहू, हुमेंद्र कुंदन राजपूत, वीरेंद्र हरिहारनो, नंदलाल साहू, पीयूष देवांगन, सुरेंद्र नागवंशी, देवेश देशलहरे, श्रीमती चित्ररेखा करवार, श्रीमती दुर्गावती नामदेव, उत्तरा लहरे, एन.एस. महिपाल, रमेश हेमलता रामटेके, नोमदास साहू, मोहन साहू, चंद्रकुमार दुर्गा जागृत, पप्पू देवांगन, उज्जवल शर्मा, संदीप वर्मा, तारेंद्र साहू, शंकर साहू, अरविंद, अखिलेश, मिलेंद्र दास कुंवरदादरा, श्रीमती संध्या साहू, अवधराम साहू आदि कॉलोनीवासियों का सहयोग प्राप्त हुआ। यह जानकारी श्रीराम पुरम कॉलोनी फरहद (पनेका) राजनांदगांव के अध्यक्ष दिनेश नामदेव ने दी।



## सरस्वती शिशु मंदिर में 'हरियाली पर्व' पर हुआ पौधरोपण

राजनांदगांव (दावा)। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सरस्वती शिशु मंदिर टेडेसरा में 'हरियाली पर्व' के अवसर पर पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान फलदार, छायादार और शोभाकारी पौधे लगाए गए और उनके संरक्षण का भी संकल्प लिया गया।

आचार्या प्रेमा साहू दीदी ने इस अवसर पर हरियाली और पर्यावरण संरक्षण के महत्व को विस्तार से समझाया। प्रधानाचार्य धनीराम यादव ने सभी भैया-बहनों और आचार्य-दीदियों को 'हरियाली पर्व' की शुभकामनाएं दीं और हमारे जीवन में पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी भैया-बहनों को अपने जन्मदिन पर 'एक पेड़ माँ के नाम' पौधरोपण करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मोनिता साहू, मेनका निषाद, तिरंजा बिसेन, तिलोका यादव, रूपा साहू, योगेश्वरी वर्मा, चाकेश्वरी साहू, हिना यादव और भावना यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## कान्फ्लूएंस महाविद्यालय में धूमधाम से मनाया गया हरेली तिहार



राजनांदगांव (दावा)। कान्फ्लूएंस महाविद्यालय के बेस्ट प्रैक्टिस सेल एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा महाविद्यालय परिसर में छत्तीसगढ़ के प्रथम त्यौहार हरेली का आयोजन किया गया। उक्त पर्व में महाविद्यालय के संचालक श्रीमान संजय अग्रवाल एवं विभिन्न प्राध्यापकों द्वारा विधि विधान से समस्त परंपरागत कृषि औजारों एवं उपकरणों के पूजन के साथ कार्यक्रम प्रारंभ किया गया।

प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने बताया कि हरेली तिहार छत्तीसगढ़ के ग्रामीण जीवन में रचा-बसा पर्व है, जो सदियों से पीढ़ी दर पीढ़ी चला आ रहा है। यह त्यौहार उस समय आता है। जब खेतों में बीज बो दिए जाते हैं और किसान आसमान की ओर टकटकी लगाए अच्छी वर्षा की प्रार्थना करता है।

हरेली केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि लोक परंपरा का जीवंत रूप है। विभिन्न प्राध्यापकगण एवं छात्रों द्वारा विभिन्न प्रकार के मनोरंजन प्रतियोगिताओं एवं खेलों में हिस्सा लिया जिसमें जुड़ा बनाओ प्रतियोगिता में नेहा लकड़ा, कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में श्रद्धा निषाद एवं सत्यम ओझा, सांस्कृतिक वेशभूषा में प्रेरणा रानी एवं तरुण, फुगडी प्रतियोगिता में वैशाली भारती एवं प्रेरणा, पारंपरिक लोकनृत्य तिव्या एवं ग्रुप प्रथम स्थान पर रहे।

# विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर हेपेटाइटिस बीमारी के संबंध में जनसामान्य को किया गया जागरूक




राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देशानुसार जिले में विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर हेपेटाइटिस बीमारी के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला स्तरीय संगोष्ठी महाराष्ट्र मंडल बल्देव बाग में आयोजित किया गया। जिसके अंतर्गत शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम के 205 स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं एवं मितानिनों का स्क्रीनिंग एवं टीकाकरण किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरत्न ने संगोष्ठी में सभी कार्यकर्ताओं को स्वयं, अपने परिवार एवं समुदाय को सुरक्षित रखने के लिए जागरूक रहने की अपील की। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने हेपेटाइटिस बीमारी के प्रमुख लक्षण के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बुखार व थकान, भूख कम लगना, उल्टी, त्वचा में खुजली व पीलापन, गहरे रंग का पेशाब, शहरी में दर्द व मांसपेशियों में सूजन होना हेपेटाइटिस बीमार के प्रमुख लक्षण है। उन्होंने बताया कि हेपेटाइटिस ए और ई से बचाव के लिए साफ पानी का सेवन करना चाहिए। हाथ धोने की आदत, ताजा फलों का सेवन करना चाहिए और खुले में शौच नहीं करना चाहिए।

हेपेटाइटिस बी एवं सी से बचाव के लिए इंजेक्शन तथा रेजर ब्लेड का उपयोग एक बार करना चाहिए। ब्लड पंजीकृत ब्लड बैंक से ही लिया जाए। नवजात बच्चों को हेपेटाइटिस बी का जन्म खुराक अवश्य देना चाहिए। हेपेटाइटिस धनात्मक माताओं से जन्म नवजात शिशु को हेपेटाइटिस म्यूनोग्लोबिन एचबीआईजी जन्म के 24 घंटे में अवश्य दें। इसके संबंध में टोलफ्री नंबर 1800-11-6666 जारी किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन, जिला नोडल अधिकारी डॉ. बीएल तुलावी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक संदीप ताम्रकार, जिला प्रबंधक शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम डॉ. पूजा मेश्राम, शहरी सुपरवाईजर कौशल शर्मा, जिला माईक्रोबॉयोलॉजिस्ट श्रीमती वंदना कोसरिया, जिला डाटा मैनेजर अखिलेश सिंह, सेक्रेटेरियल असिस्टेंट हेमन्त कुमार साहू एवं सेक्रेटेरियल असिस्टेंट हेमन्त यादव, एरिया कोआर्डिनेटर श्रीमती देवकी वर्मा सहित सभी शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम के कार्यकर्ता एवं मितानिन उपस्थित थे।

## नगरीय निकाय पेंशनरों को एरियर का भुगतान - डी.सी. जैन

राजनांदगांव (दावा)। संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास द्वारा छत्तीसगढ़ के नगरीय निकाय पेंशनरों को सात महीनों के महंगाई राहत का भुगतान लम्बी प्रतीक्षा के बाद गत 25 जुलाई को मिलने पर राज्य के नगरीय निकाय पेंशनरों में हर्ष व्याप्त है।



प्रांताध्यक्ष डॉ.डी.सी.जैन द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार शासन द्वारा राज्य के नगरीय निकाय पेंशनरों को दिनांक 01 मार्च 24 से 46 प्रतिशत एवं दिनांक 01 अक्टूबर 24 से 50प्रतिशत महंगाई राहत का भुगतान किया जा रहा हैं परंतु महीनों से एरिअर का भुगतान नहीं किया जा रहा था।

उस संबंध में नगरीय प्रशासन मंत्री, सचिव एवं संचालक को पत्र लिखने के बावजूद एरिअर का भुगतान नहीं हुआ। अतः प्रांताध्यक्ष ने 18 जुलाई को संचालक को ई-मेल भेजकर अनुरोध किया कि हिंदुओं के महत्वपूर्ण त्योहार रक्षाबंधन को मद्दे नज़र रखते हुए एरिअर का भुगतान रक्षाबंधन के दो सप्ताह पूर्व किया जावे। प्रांताध्यक्ष डॉ जैन द्वारा ई-मेल भेजने पर तत्काल कार्यवाही की गयी, जिसके फलस्वरूप एरिअर की राशि पेंशनरों के खाते में 25 तारीख़ को जमा कर दी गई।

# छत्तीसगढ़ में शासकीय सेवक की मृत्यु पर अनुग्रह राशि बढ़ाने की मांग



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के दुर्ग जिलाध्यक्ष भानुप्रताप यादव ने कलेक्टर दुर्ग के माध्यम से छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग (शासकीय कर्मचारी कल्याण शाखा) रायपुर को एक ज्ञापन सौंपा है। इस ज्ञापन में शासकीय सेवक की सेवाकाल में मृत्यु होने पर उसके परिवार को दी जाने वाली अनुग्रह राशि (अनुदान) की सीमा बढ़ाने की मांग की गई है।

वर्तमान में छत्तीसगढ़ में किसी शासकीय सेवक की मृत्यु होने पर उसके परिवार को वेतनमान में बैंड वेतन और ग्रेड वेतन के योग के छह माह के बराबर, अधिकतम 50,000 रुपये (पचास हजार रुपये) की अनुग्रह राशि देने का प्रावधान है।

ज्ञापन में बताया गया है कि, मध्य प्रदेश शासन, वित्त विभाग, भोपाल के पत्र क्रमांक एफ 4-1 2025/नियम/चार भोपाल दिनांक 03 अप्रैल 2025 के अनुसार, मध्य प्रदेश में शासकीय सेवक की सेवा में रहते हुए मृत्यु होने पर मृतक के परिवार को वेतन पुनरीक्षण नियम 2017 में देय वेतन के छह गुना के बराबर अधिकतम 1,25,000 रुपये (एक लाख पच्चीस हजार रुपये) का अनुग्रह अनुदान स्वीकृत किया गया है।

संघ का तर्क है कि छत्तीसगढ़ राज्य का गठन वर्ष 2000 में मध्य प्रदेश से ही हुआ है और समय-समय पर मध्य प्रदेश शासन द्वारा शासकीय सेवकों के हित में लिए गए निर्णय छत्तीसगढ़ राज्य में भी लागू किए जाते रहे हैं। रि-ऑर्गनाइजेशन एक्ट 2000 की धारा 61 के आधार पर यह अनुरोध किया गया है कि छत्तीसगढ़ राज्य शासन भी मध्य प्रदेश के उक्त आदेश के अनुसार किसी शासकीय सेवक की सेवाकाल में मृत्यु होने पर उसके परिवार को अधिकतम 1,25,000 रुपये का अनुग्रह अनुदान स्वीकृत करे।

# नागपंचमी पर पूजे गए नाग देवता, शिव मंदिरों में हुई विशेष पूजा-अर्चना





## अखाड़ों में हुई अस्त्र-शस्त्र की पूजा, दिखाए गए पहलवानी व अखरा विद्या के करतब

राजनांदगांव (दवा)। श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि पर राजनांदगांव अंचल में नागपंचमी का पर्व धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जहां किसानों ने अपनी फसलों के संरक्षक नाग देवता की बांबियों में दूध चढ़ाकर पूजा की, वहीं अन्य लोगों ने शिव मंदिरों में भगवान शिव के गले के हार नागराज की आराधना की।

### धार्मिक अनुष्ठान और चौरसिया समाज की भव्य शोभायात्रा

श्रद्धालुओं ने नाग देवता पर दूब, पुष्प, तिलक-चंदन अर्पित कर और दुग्धाभिषेक कर अपने घर-परिवार की खुशहाली की कामना की। विशेष रूप से, पान (नागवल्ली) की खेती और व्यवसाय से जुड़े चौरसिया समाज ने नाग देवता को अपना इष्ट मानकर उनकी पूजा-अर्चना की। नागपंचमी के अवसर पर इस समाज द्वारा शहर में बाजे-गाजे के साथ एक भव्य शोभायात्रा भी निकाली गई। शहर के शिव मंदिरों में नाग देवता के पूजन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी, जिससे पूरे दिन श्रद्धा और भक्ति का माहौल बना रहा।

### अस्त्र-शस्त्र पूजन और अखाड़ों में शौर्य प्रदर्शन

सनातन संस्कृति में नागों को भगवान शिव का अभिन्न अंग माना जाता है, और भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में भी नागों में स्वयं को शेषनाग बताया है। नागपंचमी के दिन लड़ाका जाति माने जाने वाले तक्षक नाग की पूजा का विधान है, जिसके साथ कुश्ती-दंगल और अखाड़ों का आयोजन कर बाहुबल व शौर्य का प्रदर्शन किया जाता है। नागपंचमी के दिन गांव-देहात सहित शहरों में भी कुश्ती-दंगल और अन्य खेलों का आयोजन किया गया। नाग देवता की पूजा के साथ-साथ विभिन्न वार्डों में स्थित अखाड़ों में शस्त्र पूजन किया गया। इन अखाड़ों में अस्त्र-शस्त्रों का संचालन और अखाड़ा विद्या के दांव-पेंच का प्रदर्शन किया गया। जिसे देखने के लिए कुश्ती-दंगल के प्रेमी, युवा और उस्ताद बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### आजाद हिंद अखाड़ा मोतीपुर में शस्त्र पूजा

मोतीपुर वार्ड नं. 8 के पार्षद मनोहर यादव ने बताया कि वार्ड के तालाब पार स्थित आजाद हिंद अखाड़ा में नागपंचमी के दिन अखाड़ा प्रेमी युवकों द्वारा अस्त्र-शस्त्रों की पूजा-अर्चना की गई। अखाड़ा के सदस्य और सेवानिवृत्त शिक्षक राजेंद्र यादव गुरुजी ने बताया कि इस अखाड़े के उस्ताद सेवाराम यादव और बब्बू उस्ताद हुआ करते थे। गुरुजी ने चिंता व्यक्त की कि आजकल अखाड़ा विद्या में युवाओं की रुचि कम हो गई है। उन्होंने बताया कि कुश्ती और अखाड़े के खेल में लगन और कड़ी मेहनत की आवश्यकता होती है। इस पारंपरिक खेल में आत्मरक्षा, अंग संचालन और अस्त्र-शस्त्र संचालन के गुर सिखाए जाते हैं। गुरुजी ने दुख व्यक्त किया कि आज के युवा केवल जिम में जाकर बॉडी बनाने पर अधिक ध्यान दे रहे हैं। जिसके कारण यह पारंपरिक शौर्य की विद्या धीरे-धीरे लुप्त होती जा रही है।

### शहर में निकाली अखरा विद्या की शोभायात्रा

नागपंचमी के अवसर पर शहर के विभिन्न अखाड़ों में उस्तादों की उपस्थिति में जहां क्कुश्ती के विभिन्न दांव-पेंच दिखाए गए। वहीं अस्त्र-शस्त्रों का पूजन कर उनका संचालन करना भी सिखाया गया। शहर के गंज चौक स्थित बजरंग अखाड़ा, नंदई क्षेत्र के बाली अखाड़ा, जयस्तंभ चौक के जय भवानी अखाड़ा आदि में भी नागपंचमी पर पूजा-अर्चना का माहौल रहा। इसी क्रम में, शहर के पंचरत्न अखाड़ा के सदस्यों ने अपने उस्ताद की उपस्थिति में अस्त्र-शस्त्रों का पूजन-अर्चन कर शहर में एक शोभायात्रा निकाली, जिसमें अखाड़े का शानदार प्रदर्शन किया गया। अखाड़े के युवकों ने अस्त्र-शस्त्रों का संचालन करते हुए एक से बढ़कर एक करतब दिखाए, जिसे देखने के लिए मानव मंदिर चौक, जमात पारा फौव्वारा चौक और अन्य चौक-चौराहों पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ी।

# गिरवी शुदा मकान का 7 लाख की बयाना राशि लेकर प्रार्थी के साथ की गई धोखाधडी



राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर थाना क्षेत्र में गिरवी शुदा मकान का 7 लाख की बयाना राशि प्राप्त कर धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को पुलिस ने धर दबोचा है। बसंतपुर थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि उक्त मामले के संबंध में प्रार्थी द्वारा लिखित शिकायत आवेदन पत्र पेशकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि माह सितंबर-अक्टूबर 2024 में अमित पुष्करनाथ ठाकुर निवासी आशीर्वाद कॉलोनी कौरिनभांठा ने दलाल डिकेश्वर कुमार साहू पिता रिघुराम साहू के माध्यम से प्रार्थी से संपर्क कर अपना आशीर्वाद कॉलोनी कौरिनभांठा पटवारी हल्का नंबर 38 जिला राजनांदगांव में खसरा नंबर 496/87 रकबा 01.004 हे. भूमि को दिखाते हुए मकान को 12 लाख रूपये में बेचना है कहकर सौदा करता एवं अपने भाई की तबियत खराब होने और ईलाज के लिए रकम की आवश्यकता होना बताकर प्रार्थी से 7 लाख रूपये बयाना राशि मांगने पर प्रार्थी चेक के माध्यम से आरोपी अमित पुष्करनाथ ठाकुर को बयाना राशि देते हुए गवाहो के समक्ष दिनांक 07.10.2024 को बिक्री नामा तैयार करवाया और आरोपी द्वारा सौदा शुदा बाकी रकम 5 लाख रूपये 15 माह के भीतर देकर सौदा शुदा मकान का रजिस्ट्री अपने नाम करवा सकता है।

### मकान में चोला मंडलम का नोटिस चस्पा

कुछ दिन पहले प्रार्थी जब उक्त मकान में जाकर देखा कि सौदा शुदा मकान के दरवाजे पर चोला मण्डल फायनेंस कंपनी का नोटिस चस्पा था। जिसे देखने पर प्रार्थी को पता चला कि अमित पुष्करनाथ ठाकुर के द्वारा 20 लाख रूपये का होम लोन लिया है। जिससे उक्त मकान को गिरवी रखा है और अमित उस लोन का किश्त नही पटा रहा है। जिसके कारण चोला मण्डम फायनेंस कंपनी के द्वारा सौदाशुदा मकान का लोन 2058930 रूपये बकाया है एवं उक्त मकान को चोला मण्डलम फायनेंस कंपनी द्वारा कुर्की करने की चेतावनी दिया गया है। इस प्रकार आरोपी द्वारा प्रार्थी से गिरवी शुदा मकान को धोखाधडी करने की नीयत से प्रार्थी को बिक्री कर 7 लाख रूपये लेकर फरार हो गया था। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में अपराध क्रमांक 295/2025 धारा 318(4) भारतीय न्याय संहिता पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### फरार आरोपी को रायपुर से पकड़ कर लाया गया

आरोपी की जल्द गिरफ्तारी हेतु निर्देश प्राप्त होने पश्चात उनके नेतृत्व में टीम गठित कर फरार आरोपी के हर संभव ठिकाने का पता साजी की जा रही थी। उक्त संबंध में सूचना प्राप्त होने पर कि फरार आरोपी कमल विहार लालपुर रायपुर जिला रायपुर में किराये का मकान लेकर निवासरत है। तत्काल टीम रवाना कर आरोपी को रायपुर से हिरासत में लिया गया और थाने लाकर पूछताछ किया गया। जिस पर उन्होंने अपना जुर्म करना स्वीकार किया है।

# पीएचई ठेकेदार संगठन ने ईई शर्मा को पदोन्नति पर दी बधाई



राजनांदगांव (दावा)। मंगलवार को पीएचई (लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी) ठेकेदार संगठन के पदाधिकारियों ने जिला अध्यक्ष अशोक पंजवानी के नेतृत्व में पीएचई विभाग के ईई (कार्यपालन अभियंता) समीर शर्मा से सौजन्य भेंट की। संगठन के अध्यक्ष श्री पंजवानी ने वरिष्ठ ठेकेदारों सहित अन्य पदाधिकारियों ने पीएचई विभाग के अधीक्षण अभियंता सह कार्यपालन अभियंता समीर शर्मा से मुलाकात कर ठेकेदारों और अधिकारियों के बीच बेहतर सामंजस्य और मधुर संबंध बने रहने की उम्मीद जताई। ठेकेदारों ने ईई समीर शर्मा को अधीक्षण अभियंता के पद पर पदोन्नत होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं भी दीं। इस अवसर पर श्री शर्मा ने भी संगठन के पदाधिकारियों का पुष्पमालाओं से स्वागत किया और उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी। इस महत्वपूर्ण अवसर पर पीएचई ठेकेदार संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश जोशी, जिला संगठन के पदाधिकारीगण नीलेश श्रीवास्तव, संरक्षक अमीन हुद्दा (जिला पीएचई ठेकेदार संगठन राजनांदगांव), जिला उपाध्यक्षगण दीपक शर्मा और संजय संचेती, सचिव विनय बिंदल, सारांश अजमानी, कोषाध्यक्ष अतुल अग्रवाल, सहसचिव वैभव शुक्ला, मीडिया प्रभारी प्रतीक जैन एवं वरिष्ठ ठेकेदार नितिन भाटी तथा संतोष मीणा उपस्थित रहे।

# गुजराती स्कूल में विकासखंड स्तरीय शालेय तीरंदाजी प्रतियोगिता संपन्न



राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव शहर के गुजराती राष्ट्रीय उच्चतर माध्यमिक शाला में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित विकासखंड स्तरीय शालेय चयन क्रीड़ा प्रतियोगिता 2025 के तहत तीरंदाजी प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में अंडर-14, 17 और 19 वर्ग के बालक व बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का सफल संचालन डॉ. ममता गुप्ता (विकासखंड क्रीड़ा अधिकारी, राजनांदगांव), संतोष देशमुख, घनश्याम साहू, राहुल साहू, सुश्री अनुसुईया साहू और सुश्री अंजली यादव द्वारा किया गया।

इस प्रतियोगिता में गुजराती स्कूल की छात्रा मिष्ठी सिन्हा का अंडर-14 बालिका वर्ग में चयन हुआ है। मिष्ठी के चयन पर संस्था की प्राचार्या सुषमा शुक्ला, उपप्राचार्या अर्पणा श्रीवास्तव, स्पोर्ट्स टीचर अनुसुईया साहू एवं सुधा साहू के साथ-साथ संस्था के अध्यक्ष विनय पटेल, सचिव सीए रूपम सोनछात्रा, कोषाध्यक्ष हिमांशु पटेल, कार्यकारिणी सदस्य सूरज बुद्धदेव और पीयुष पटेल ने हार्दिक शुभकामनाएं दी। शाला परिवार ने विकासखंड स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता 2025 के सफल संचालन के लिए क्रीड़ा प्रभारियों को धन्यवाद भी दिया।

# पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने सुंदरा के खिलाड़ियों से की मुलाकात, ग्रामीण खेल मैदानों के विकास पर दिया जोर



राजनांदगांव (दावा)। पूर्व सांसद अभिषेक सिंह मंगलवार को ग्राम पंचायत सुंदरा पहुंचे। जहां उन्होंने जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, जिला महामंत्री सौरभ कोठारी और मंडल अध्यक्ष मनोज साहू के नेतृत्व में खेल मैदान में फिजिकल तैयारी कर रहे युवाओं से मुलाकात की। बच्चों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका भव्य स्वागत किया। श्री सिंह ने युवाओं की दैनिक तैयारी के बारे में विस्तार से चर्चा की और सुंदरा ग्राउंड से अब तक कितने युवाओं को नौकरी मिली है। कितने 'खेलो इंडिया' में शामिल हुए हैं और कितने खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन किया है। इसकी जानकारी ली। उन्होंने सुंदरा में मौजूदा 400 मीटर रनिंग ट्रैक को भविष्य में और बेहतर बनाने पर भी चिंतन किया।

इस दौरान पूर्व सांसद ने इस बात पर जोर दिया कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के जितने भी खेल मैदान हैं। उनका युवाओं के लिए विकास किया जाना चाहिए। उनका कहना था कि बेहतर खेल सुविधाएं ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने में सहायक होगी। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष प्रतिमा पप्पू चंद्राकर, मंडल उपाध्यक्ष रमेश चंद्राकर, मंडल कोषाध्यक्ष कृष्णा साहू, मंडल अध्यक्ष खिलेश्वर साहू, गोविन्द देवांगन, तेजराम देवांगन, दिनेश शर्मा, कृष्ण कुमार वैष्णव, ग्राम के पंच अमर दास, धर्मेंद्र यादव, लीलेश साहू, निक्की वैष्णव, बुधेश्वर साहू, प्रेम साहू, और ट्रेनर कामता प्रसाद यादव सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## राजनांदगांव के कार्यपालन अभियंता गोस्वामी का तबादला

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड ने प्रदेश भर में पदस्थ कार्यपालन अभियंताओं का तबादला किया है। इस फेरबदल में राजनांदगांव के कैलाश नगर स्थित पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के कार्यपालन अभियंता आर.के. गोस्वामी भी शामिल हैं, जिनका तबादला परियोजना संभाग कवर्धा कर दिया गया है। उनके स्थान पर कवर्धा से के.एल. उइके को राजनांदगांव भेजा गया है। तबादला सूची के अनुसार, डोंगरगढ़ के कार्यपालन अभियंता एन.के. साहू को नवीन पदस्थापना के तहत कार्यपालन अभियंता (संचालन/संधारण) संभाग राजनांदगांव भेजा गया है। वहीं, कार्यपालन अभियंता (एस/टीएम) संभाग राजनांदगांव को डोंगरगढ़ कार्यपालन अभियंता (संचालन/संधारण) संभाग में स्थानांतरित किया गया है। इसी तरह भानुप्रतापपुर के कार्यपालन अभियंता (संचालन/संधारण) संभाग को कटघोरा का कार्यपालन अभियंता (संचालन/संधारण) संभाग बनाकर भेजा गया है। जारी आदेश के अनुसार इन सभी कार्यपालन अभियंताओं को तत्काल प्रभाव से उनके नए पदस्थ स्थानों पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

# बल्देव प्रसाद मिश्र स्कूल के 200 से अधिक स्कूली छात्रों को किया गया जागरूक

### 0 बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ व सायबर मिशन सुरक्षा के तहत किया गया आयोजन

### बल्देव प्रसाद मिश्र स्कूल में 200 से अधिक छात्र साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक



राजनांदगांव (दावा)। । राजनांदगांव में 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान और पुलिस के 'मिशन साइबर सुरक्षा' के तहत एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। बसंतपुर स्थित पं. बल्देव प्रसाद मिश्र स्कूल के 200 से अधिक छात्र-छात्राओं को साइबर अपराधों और ऑनलाइन धोखाधड़ी से सुरक्षित रहने के बारे में जागरूक किया गया।

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में साइबर सेल से सहायक उप निरीक्षक द्वारिकाप्रसाद लाउत्रे और आरक्षक हेमंत साहू ने इस जागरूकता कार्यक्रम में सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने कक्षा 8वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा, ऑनलाइन धोखाधड़ी और डिजिटल जिम्मेदारियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

कार्यक्रम के दौरान छात्रों को बताया गया कि वे अपना पासवर्ड कभी किसी के साथ साझा न करें। उन्हें अज्ञात लिंक, ईमेल या मैसेज पर क्लिक करने से बचने की सलाह दी गई। सोशल मीडिया पर फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार करने से पहले जांच करने और साइबर बुलिंग, फर्जी अकाउंट व फोटो के दुरुपयोग जैसे खतरों को भी समझाया गया। किसी भी प्रकार की ऑनलाइन धोखाधड़ी होने पर छात्रों को तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करने या www.cyber-crime.gov.in पोर्टल पर शिकायत करने के लिए कहा गया। साथ ही उन्हें अपने नजदीकी थाने में भी सूचना देने की सलाह दी गई। बच्चों से यह भी अपील की गई कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी अपने परिजनों या शिक्षकों से अवश्य साझा करें। इस अवसर पर महिला बाल विकास से परियोजना अधिकारी श्रीमती शिल्पा तिवारी, जेंडर विशेषज्ञ नीलम साहू, जिला मिशन समन्वयक किशोर माहेश्वरी और बल्देव प्रसाद मिश्र स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं व साइबर सेल के अधिकारी उपस्थित रहे। यह पहल छात्रों को डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने और जिम्मेदार नागरिक बनने में मदद करेगी।






# संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए महापौर की अपील : सावधानी और स्वच्छता अपनाएं

राजनांदगांव (दावा)। महापौर श्री मधुसूदन यादव ने नागरिकों से मौसमी बीमारियों जैसे डेंगू, मलेरिया और अन्य संक्रामक बीमारियों के फैलाव को रोकने व बचाव के लिए सावधानी बरतने और घरों व आसपास साफ-सफाई रखने की अपील की है।

महापौर श्री यादव ने कहा कि बरसात में मौसमी बीमारियों और संक्रमण के फैलने की संभावना बढ़ जाती है। इसे ध्यान में रखते हुए उन्होंने नागरिकों से विशेष रूप से साफ-सफाई का ध्यान रखने को कहा। उन्होंने सलाह दी कि पानी छानकर व उबालकर पिएं, खाद्य पदार्थों को ढककर रखें और ताजे फल व सब्जियों का ही उपयोग करें। सर्दी-बुखार होने की स्थिति में तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क कर इलाज कराएं। उन्होंने जोर दिया कि सावधानी बरतकर ही हम स्वस्थ रह सकते हैं।



### डेंगू से बचाव के विशेष उपाय

महापौर श्री यादव ने डेंगू से बचाव के लिए विशेष उपाय बताए। उन्होंने कहा कि बारिश में कूलर को अच्छी तरह साफ करके उसकी खस वाली शीट को कड़ी धूप में सुखाना चाहिए। क्योंकि डेंगू के मच्छर (एडीस) के अंडे कूलर की खस शीट में चिपके रहते हैं और नमी मिलते ही जीवित हो जाते हैं। इसलिए धूप में सुखाना अत्यंत आवश्यक है। इसी तरह आंगन और छत पर रखी खुली पानी की टंकियों को ढककर रखना है और टूटे-फूटे मटके, टायर-ट्यूब, प्लास्टिक की बोतलें व डिब्बे को नष्ट करना है। फ्रिज के पानी जमा होने वाले ट्रे के पानी को और मंदिर में रखे कलश के पानी को हर हफ्ते बदलना है। घरों के आसपास पानी जमा नहीं होने देना है और मच्छरदानी लगाकर सोना है। उन्होंने कहा कि इस तरह की सावधानी बरतकर हम डेंगू, मलेरिया और अन्य मौसमी संक्रामक बीमारियों से बच सकते हैं।

### निगम के स्वास्थ्य अमले को निर्देश

महापौर श्री यादव ने निगम के स्वास्थ्य अमले को भी निर्देश दिए हैं कि वे प्रतिदिन नालियों की सफाई करें और नियमित रूप से कचरा उठाएं। साथ ही दवाई का छिड़काव भी करें। उन्होंने कहा कि नलों, हैंडपंपों के आसपास और गड्ढों में भरे पानी की कच्ची नाली खोदकर निकासी की व्यवस्था करें और कैपस व नुवान दवाई का छिड़काव करें। जिससे लार्वा उत्पन्न न हो।

# कल छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा एचएसआरपी नंबर प्लेट शिविर

राजनांदगांव (दावा)। व्यापारियों के सबसे बड़े संगठन, छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा परिवहन विभाग के सहयोग से 31 जुलाई, गुरुवार को सिंधु भवन, लालबाग में व्यापारियों और आम जनता के लिए हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) लगाने हेतु एक विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

चैंबर ऑफ कॉमर्स के जिला अध्यक्ष कमलेश बैद और महामंत्री अरुण डुलानी ने बताया कि शासन के नए आदेशों के अनुसार 1 अप्रैल 2019 से पहले पंजीकृत सभी वाहनों के लिए एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। उन्होंने सभी व्यापारियों और आम जनता से इस महत्वपूर्ण शिविर का लाभ उठाने का निवेदन किया है। जिससे वे अतिरिक्त शुल्क और समय बचा सकें। यह शिविर परिवहन विभाग के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। जिसमें मोटर साइकिल के लिए 484 रुपये और कार के लिए 774 रुपये का शासन द्वारा निर्धारित शुल्क जमा कर नंबर प्लेट का ऑर्डर किया जाएगा। इस विशेष शिविर का उद्घाटन चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश संरक्षक खूबचंद पारख और पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष मन्नूमल मोटलानी करेंगे। शिविर सिंधु भवन लालबाग में सुबह 11 बजे से शुरू होगा। आवेदकों को अपने वाहन की आरसी बुक और वाहन मालिक का आधार कार्ड लाना अनिवार्य होगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com